www.navpradesh.com

दैनिक नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, सोमवार, 20 अप्रैल 2026 | शुक्ल पक्ष-तृतीया, | विक्रम संवत -2083 / वर्ष-15 अंक- 71 | पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

अनोखी शादी: दुल्हन लेकर आई बारात, विदाई की रस्मों में फूट-फूटकर रोया दूल्हा

■ सरगुजा जिले के सुलपगा में अनोखी शादी, दूल्हा पहुंचा ससुराल, विदाई में छलके वर के आंसू

आशीष दुबे

अंबिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के ग्रामीण क्षेत्र सुलपगा गांव में एक अनोखी शादी इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है। इस विवाह ने पारंपरिक रीति-रिवाजों को एक नई दिशा दी है, जहां आमतौर पर दूल्हा बारात लेकर दुल्हन के घर पहुंचता है, वहीं इस शादी में दुल्हन स्वयं बारात लेकर दूल्हे के घर पहुंची और विवाह के बाद दूल्हे की विदाई की गई। इस अनोखी परंपरा ने पूरे इलाके में लोगों का ध्यान आकर्षित किया है।

जानकारी के अनुसार दुल्हन देवमुनि एक्का और दूल्हा बिलासुस बरवा का विवाह मसी परंपरा के तहत संपन्न हुआ। शादी की सबसे खास बात यह रही कि कन्यादान की जगह वरदान की रस्म निभाई गई। विवाह के बाद जब दूल्हे को दुल्हन के साथ विदा किया गया, तो वह भावुक होकर फूट-फूटकर

रोने लगा। आमतौर पर विदाई के समय दुल्हन के आंसू देखने को मिलते हैं, लेकिन इस बार दृश्य बिल्कुल उल्टा था, जिसने सभी को भावुक कर दिया।

दुल्हन के पिता मोहन एक्का ने बताया कि उनके परिवार में चार बेटियां हैं और कोई बेटा नहीं है। ऐसे में उन्होंने यह निर्णय लिया कि वे अपनी बेटी के लिए ऐसा वर चुनेंगे, जो उनके परिवार का सहारा बन सके। इसी सोच के तहत उन्होंने परंपरा से हटकर खुद बारात लेकर दूल्हे के घर जाने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि भले ही यह कदम समाज को अलग लगे, लेकिन उनके परिवार की जरूरतों को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। इस अनोखी शादी में शामिल बाराती साधू राम टप्पो ने भी इसे एक अलग और यादगार अनुभव बताया। उन्होंने कहा कि आमतौर पर वे लड़के पक्ष से बारात लेकर जाते हैं, लेकिन इस बार लड़की पक्ष की बारात में शामिल होना एक नई परंपरा को देखने जैसा था। सरगुजा जिले की यह अनोखी शादी अब पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है और लोग इसे एक सकारात्मक सामाजिक बदलाव के रूप में देख रहे हैं।

बहू की तरह ससुराल में रहेगा दामाद

मोहन एक्का ने यह भी बताया कि दूल्हे को वे अपने घर ले जाकर बेटे की तरह रखेंगे और वह घर जमाई के रूप में उनके परिवार का हिस्सा बनेगा। इस शादी में दहेज की परंपरा भी अलग तरीके से निभाई गई। यहां विवाह के समय दहेज नहीं दिया गया, बल्कि चुमान नामक परंपरा के तहत बाद में लड़के पक्ष की ओर से कुछ दिया जाता है। लड़के पक्ष की ओर से उर्मिला बरवा ने बताया कि यह उनके परिवार के लिए भी एक नया अनुभव है। उन्होंने कहा कि पहली बार ऐसा हुआ है जब बारात लड़की पक्ष से आई और लड़का घर जमाई बनने जा रहा है। वहीं, बारात में शामिल महेश तिर्की ने बताया कि लड़की के घर में कोई बेटा नहीं होने के कारण यह निर्णय लिया गया, ताकि परिवार को सहारा मिल सके।

आज बेबाक

हुआ तो हुआ। अब ये मत पूछो कि - ये क्या हुआ, कब हुआ, क्यों हुआ, छोड़ो ये न सोचो...। लोकसभा में परिसीमन विधेयक लटकने से फिलहाल 543 लोकसभा सीटें ही रहेंगी। वरना बहुत जल्द और तीन सौ माननीय सांसदों और हजारों नये विधायकों के वेतन भत्ते का भारी भरकम खर्चा जनता के मत्थे पड़ता। पहले ही संसद और विधानसभाओं में क्या कोई कम शोर शराबा और हंगामा होता है? यह और बढ़ जाता। सरकार खुद कहती है कि छोटा परिवार सुखी परिवार फिर वह काम के न काज के दुश्मन अनाज के कहलाने वालों की संख्या क्यों बढ़ाना चाहती है?

तापमान

अधिकतम 45°	न्यूनतम 30°

बाजार भाव

गोल्ड	सिल्वर
141,850	2,53,000

शेयर बाजार

सेंसेक्स	निफ्टी
78,493.54	24,353.55

विश्व जनसंख्या	भारत जनसंख्या
8,287,931,661	1474252552

चुनाव आयोग ने सोशल मीडिया पर गैर-कानूनी सामग्री पर सख्ती की

नयी दिल्ली (वार्ता)। चुनाव आयोग ने 2026 में विधानसभा चुनावों और उपचुनावों के दौरान सोशल मीडिया पर गैर-कानूनी, भ्रामक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जनित सामग्री का उपयोग करने और चुनावी प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए सख्त नियम लागू किए। आयोग ने एक प्रेस नोट जारी करते हुए कहा, सभी संबंधित पक्षों को मौजूदा कानूनी प्रावधानों, जैसे कि सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 और आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के अनुसार सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म का जिम्मेदारी से और नैतिक रूप से इस्तेमाल सुनिश्चित करना चाहिए।

यह संघर्ष तब तक जारी रहेगा, जब तक माताओं-बहनों को उनका अधिकार नहीं मिल जाता: विष्णुदेव

कांग्रेस का महिला विरोधी चरित्र उजागर हो चुका, माफ नहीं करेंगी माताएं: साय

■ महिला आरक्षण के लिए हमारा संकल्प अटूट

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने नारी शक्ति वन्दन (संशोधन) अधिनियम को लोकसभा में पारित नहीं होने देने के लिए कांग्रेस समेत इण्डी गठबंधन के सहयोगी दलों पर जमकर निशाना साधा है।

रविवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में पत्रकार वार्ता में कहा कि महिलाओं के साथ किए गए इस महापाप का परिणाम कांग्रेस व विपक्षी दलों को भुगतना पड़ेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि हमारे देश की आधी आबादी, माता-बहनों को देश के विकास में सहभागी बनाने और लोकसभा व विधानसभाओं में उनका 33 प्रतिशत नेतृत्व सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में नारी शक्ति वन्दन (संशोधन) अधिनियम लाया गया था और संसद के विशेष सत्र में उस पर चर्चा की गई।16 से 18 अप्रैल तक आहूत संसद के सत्र से पहले ■ शेष पृष्ठ 8 पर

मातृशक्ति का प्रधानमंत्री मोदी पर अटूट विश्वास

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी चाहते थे कि जो नारी शक्ति वन्दन विधेयक 2023 में पारित हुआ है, उसको सन 2029 के चुनाव से पहले लागू किया जाए। श्री सिंह ने कहा कि सन 2014 के बाद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की सरकार और भाजपा/राजग की प्रदेश सरकारों के कार्यकाल में महिलाओं के कल्याण की दिशा में इतने ज्यादा काम हुए हैं कि कांग्रेस व विपक्ष उसकी कल्पना तक नहीं कर सकता। केंद्र सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित महिला विकास-केंद्रित योजनाओं की विस्तार से चर्चा करते हुए श्री सिंह ने कहा कि इन्हीं सब कार्यों के कारण देश की मातृशक्ति का प्रधानमंत्री श्री मोदी पर अटूट विश्वास है।

महिला अधिकारों को लेकर कांग्रेस कर रही गद्दारी: सिंह

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने कहा कि महिला आरक्षण से जुड़े नारी शक्ति वन्दन अधिनियम को लेकर कांग्रेस के नकारात्मक रवैए और काली करतूत के चलते 17 अप्रैल की तारीख एक काले अध्याय के रूप दर्ज हो गई है। कांग्रेस ने महिला आरक्षण का विरोध करके देश की महिलाओं का अपमान किया है और देश की महिलाएं अपने इस अपमान को सदैव याद रखकर कांग्रेस को सबक सिखाएंगी। श्री सिंह ने कहा कि जब-जब महिलाओं के हित और अधिकारों की बात आई, कांग्रेस ने सदैव महिलाओं को प्रताड़ित करने का काम ही किया। शाहबानो प्रकरण, ट्रिपल तलाक कानून जैसे विषयों को लेकर कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं के साथ गद्दारी की है। महिला आरक्षण को लेकर तीन दशकों तक चली प्रक्रिया की विस्तृत चर्चा करके श्री सिंह ने कहा कि हर बार कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने इसका विरोध किया और महिला आरक्षण बिल को संसद में फाड़कर फेंकने का काम तक कांग्रेस और विपक्ष ने किया।

भाजपा महिला आरक्षण नहीं परिसीमन बिल पास कराना चाह रही थी: दीपक

रायपुर/नवप्रदेश। महिला आरक्षण बिल पर मुख्यमंत्री और भाजपा नेताओं की पत्रकार वार्ता पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक झूठ बोल रहे हैं। भाजपा द्वारा महिला आरक्षण को लेकर लगातार झूठा भ्रम फैलाया जा रहा कि कांग्रेस और विपक्षी दलों ने महिला आरक्षण बिल का समर्थन नहीं किया, इसलिए संसद में बिल पास नहीं हो सका। भारतीय जनता पार्टी झूठ बोल रही है, महिला आरक्षण बिल (नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023) 128वां संविधान संशोधन सितंबर 2023 में संसद के दोनों सदनों में पारित हो चुका है तथा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इस पर हस्ताक्षर कर चुकी है और यह कानून भी बन चुका है। भाजपा इस आरक्षण बिल को क्यों लागू नहीं कर रही है? इस बिल के आधार पर तुरंत आरक्षण प्रभावी हो सकता है। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा ने 16 अप्रैल 2026 को जो विधेयक संसद में प्रस्तुत किया 131 वां संविधान संशोधन अधिनियम इसमें महिला आरक्षण के संदर्भ में नहीं भाजपा महिला आरक्षण को मुखौटा बनाकर परिसीमन संशोधन बिल तथा केंद्र शासित प्रदेश कानून संशोधन बिल को पास करवाना चाहती थी। संसद में जो विधेयक गिरा उसमें इस विधेयक में लोकसभा परिसीमन की सीटें 850 करने का प्रस्ताव था राज्यों में 815 सीटें तथा केंद्र शासित प्रदेशों में 35 सीटें। परिसीमन विधेयक- जिसमें परिसीमन के लिए 2011 की जनगणना को आधार बनाने की बात की गयी थी। विधेयक में पांडुचेरी, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर के कानूनों में संशोधन की बात की गयी थी, ताकि परिसीमन और महिला आरक्षण विधेयक लागू किया जा सके। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि यह विधेयक इसलिए गिरा क्योंकि भाजपा सरकार का परिसीमन बिल पर देश के अन्य राज्यों को आपत्ति थी, भाजपा आरक्षण सामने रख कर परिसीमन बिल पास करना चाहती है। भाजपा 2011 के जनगणना को आधार मान कर परिसीमन करना चाहती है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि जब 2026-27 की जनगणना शुरू है तथा सरकार जाति जनगणना की भी बात कर चुकी है तो जनगणना के बाद आये नये आंकड़ों के आधार पर परिसीमन क्यों नहीं कराया जा रहा?

ट्रम्प हमसे परमाणु अधिकार छीनने वाले आखिर कौन: राष्ट्रपति मसूद

■ हम युद्ध नहीं चाहते, सिर्फ आत्मरक्षा कर रहे, अमेरिका पर भरोसा नहीं

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी/ए.। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने रविवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को ईरान के परमाणु अधिकारों को रोकने का कोई हक नहीं है।

ईरानी न्यूज एजेंसी आईएसएनए के मुताबिक, पजशकियान ने कहा, 'ट्रम्प कहते हैं कि ईरान अपने परमाणु अधिकारों का इस्तेमाल नहीं कर सकता, लेकिन यह नहीं बताते कि किस जुर्म में। वह कौन होते हैं किसी देश को उसके अधिकारों से वंचित करने वाले?'

पजशकियान का यह बयान ऐसे समय आया है जब सीजफायर की समय सीमा खत्म होने वाली है। अमेरिका-ईरान के बीच बातचीत में अभी भी गतिरोध बना हुआ है। दोनों के बीच मतभेद ईरान के परमाणु कार्यक्रम और होर्मुज स्ट्रेट के नियंत्रण को लेकर हैं।

वेदांता प्लांट हादसे में एक और मजदूर की मौत, 24 की जान गई

■ उद्योगपति नवीन जिंदल बोले- अनिल अग्रवाल पर एफआईआर चिंता का विषय, पहले जांच होनी चाहिए

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में हुए वेदांता प्लांट हादसे में मौत का आंकड़ा बढ़कर 24 तक पहुंच गया है। रविवार सुबह एक और घायल मजदूर ने रायगढ़ मेडिकल कॉलेज में दम तोड़ दिया। हादसे में कुल 36 मजूदर झूलसे थे। 12 घायलों का इलाज अभी जारी है। शुरूआती जांच में मेंटेनेंस को लेकर लापरवाही सामने आई है। वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल समेत 10 लोगों के खिलाफ डभरा थाने में एफआईआर दर्ज हुई है। इस कार्रवाई पर उद्योगपति नवीन जिंदल ने सवाल उठाए हैं।

नवीन जिंदल ने सोशल मीडिया पर लिखा कि जांच से पहले अनिल अग्रवाल का नाम एफआईआर में शामिल करना गंभीर चिंता का विषय है। पहले घटना की ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बीएसपी के रिटायर्ड कर्मी से 1 करोड़ की ठगी, कार दिलाने का दिया झांसा

■ लॉटरी का लालच दिया, टीवी देखकर ऑनलाइन पैसे मंगवाए और फंसे

धमतरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में एक रिटायर्ड बीएसपी कर्मी से 1 करोड़ की ठगी हुई है। शातिर ठगों ने बुजुर्ग को 15 लाख की कार लॉटरी में जीतने का भरोसा दिलाया और टैक्स का डर दिखाकर, ब्याज मिलने का लालच देकर अलग-अलग किश्तों में पैसे ट्रांसफर करवा लिए। मामला भखारा थाना क्षेत्र का है। पीड़ित कमलेश ठाकुर (66) ने टीवी में आयुर्वेदिक दवाई का एड देखा और ऑनलाइन ऑर्डर किया। इसके बाद से ही उन्हें अज्ञात नंबर से कॉल आने लगे और ठगी का सिलसिला शुरू हो गया। पीड़ित ने 3 साल में ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सदियों के आक्रमणों के बावजूद आज भी अडिग है सनातन आस्था: योगी

लखनऊ (वार्ता)। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सदियों के आक्रमणों और चुनौतियों के बावजूद भारत की सनातन आस्था आज भी अडिग है और निरंतर नए गौरव के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि जैसे आत्मा अजर-अमर है, वैसे ही सनातन आस्था भी उसी अजर-अमर पथ का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने रविवार को लखनऊ में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा उत्तर प्रदेश का शुभारंभ करते हुए यह बात कही।

तमिलनाडु की पटाखा फैक्ट्री में धमाका, 18 मजदूरों की मौत

■ कई मलबे में दबे, 30 मजदूर काम कर रहे थे

विरुधुनगर (ए.)। तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले में एक पटाखा फैक्ट्री में रविवार को धमाका हुआ। फायर एंड रेस्क्यू विभाग के मुताबिक, हादसे में अब तक 18 लोगों के शव बरामद किए गए हैं। हादसे के समय फैक्ट्री में 30 मजदूर काम कर रहे थे। 6 लोगों को गंभीर घायल होने के कारण अस्पताल ले जाया गया, ■ शेष पृष्ठ 8 पर

200 फीट गहरी खाई में गिरी बस, दो महिलाओं की मौत

अजमेर/ए.। अजमेर में सवारियों से भरी बस 200 फीट नीचे खाई में गिर गई। हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई। 31 लोग घायल हो गए। पुष्कर जा रही बस में 33 लोग सवार थे। वे पीसांगन (अजमेर) में मायरा भरने जा रहे थे। इस दौरान पुष्कर घाटी में बस बेकाबू हो गई। हादसा पुष्कर से करीब 3 किलोमीटर पहले रविवार दोपहर करीब 12 बजे हुआ। मौके से गुजर रहे लोगों ने कपड़ों से रस्सी बनाकर घायलों को खाई से बाहर निकाला। कुछ घायलों को सीढ़ियों के जरिए ऊपर सड़क पर लेकर आए। वहीं कुछ घायलों को कंधों पर उठाकर लाए। सभी यात्रियों को पहले पुष्कर के सरकारी अस्पताल लेकर गए। वहां से उन्हें अजमेर के जेएलएन हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया। 200 फीट नीचे पेड़ और झाड़ियों में फंसी बस सीओ ग्रामीण रामचंद्र चौधरी ने बताया- अजमेर से पुष्कर की ओर जाते समय सांझीसर से थोड़ा आगे यह हादसा हुआ है।

मंडे मेगा स्टोरी
पेज-12 पर पढ़े...

गरमा-गरम

बस्तर का 'कोल्ड ड्रिंक' : बस्तर के जनजातीय समाज के लोग सदियों पुराने पारंपरिक पेय का आनंद ले रहे

चिलचिलाती धूप में 'माड़िया पेज' दे रहा लस्सी जैसा सुकून

सन्नी ठाकुर

फरसगांव / नवप्रदेश। जब उत्तर भारत के लोग भीषण गर्मी से बचने के लिए महंगे सॉफ्ट ड्रिंक्स और कृत्रिम कूलेंट्स का सहारा ले रहे हैं, वहीं छत्तीसगढ़ के बस्तर का जनजातीय समाज सदियों पुराने एक ऐसे पारंपरिक पेय का आनंद ले रहा है, जो शरीर को अंदर से 'एसी' जैसी ठंडक प्रदान करता है। इसे कहते हैं-माड़िया पेज। बस्तर की जीवनशैली का अभिन्न अंग बन चुका यह पेय आज अपनी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

क्या है माड़िया पेज

माड़िया (रागी या फिंगर मिलेट) से तैयार यह पेय एक प्राकृतिक प्रोबायोटिक की तरह काम करता है। इसे माड़िया के आटे को पानी में उबालकर और फिर उसमें हल्का खमीर उठाकर तैयार किया जाता है। बस्तर की मंडियों और साप्ताहिक हाट-बाजारों में मिट्टी के बर्तनों में बिकता 'पेज' न केवल प्यास बुझाता है, बल्कि ऊर्जा का अक्षय स्रोत भी है।

बस्तर में विरासत का संरक्षण

आज के दौर में जब 'मिलेट्स' (श्री अन्न) को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा दिया जा रहा है, बस्तर का माड़िया पेज एक आदर्श उदाहरण पेश करता है। यह न केवल एक परंपरा है, बल्कि प्रकृति के साथ तालमेल बिठाकर जीने की एक कला भी है। अगर आप इस गर्मी बस्तर की यात्रा पर हैं, तो एक मिट्टी के कुल्हड़ में माड़िया पेज और चपोड़ा चटनी का स्वाद लेना बिल्कुल न भूलें।

तीखी जुबां, चटख स्वाद लाल चींटियों का 'चपोड़ा'

माड़िया पेज का स्वाद तब दोगुना हो जाता है जब इसके साथ बस्तर की मशहूर 'चपोड़ा चटनी' परोसी जाती है। यह चटनी साल (सखुआ) के पेड़ों पर रहने वाली लाल चींटियों और उनके अंडों से बनाई जाती है। इसमें अदरक, लहसुन और मिर्च का तड़का लगाया जाता है। इसमें उच्च मात्रा में प्रोटीन और फॉर्मिक एसिड होता है। स्थानीय मान्यता के अनुसार, यह चटनी सर्दी, खांसी और मलेरिया जैसी बीमारियों से लड़ने की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाती है। इसका खट्टा-तीखा स्वाद माड़िया पेज के सौंधेपन के साथ एक बेहतरीन 'फूड कॉम्बिनेशन' बनाता है।

एक्सप्रेस-वे खतरे का गलियारा नहीं बनना चाहिए: सुप्रीम कोर्ट

■ सुप्रीम कोर्ट ने पूरे देश के लिए रोड सेफ्टी निर्देश जारी किए

नई दिल्ली/ए.। सुप्रीम कोर्ट ने सड़क सुरक्षा बढ़ाने के लिए पूरे देश में कई गाइडलाइंस जारी की हैं। इन निर्देशों एक्सप्रेसवे जैसी सड़कों पर भारी वाहनों की पार्किंग पर रोक भी शामिल है। कोर्ट ने कहा कि प्रशासनिक सुस्ती या इंफ्रास्ट्रक्चर की कमियों के कारण एक्सप्रेसवे खतरे का गलियारा नहीं बनने चाहिए। जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस एएस चांदुरकर की बेंच ने सड़क और परिवहन मंत्रालय, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों को सड़कों को सुरक्षित बनाने के निर्देश दिए। बेंच ने बताया कि नेशनल हाईवे भारत की कुल सड़क लंबाई का सिर्फ 2% हैं, लेकिन सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली कुल मौतों में इनका हिस्सा लगभग 30% है। ये निर्देश 13 अप्रैल को सामने आए। जहां कोर्ट 2 और 3 नवंबर 2025 ■ शेष पृष्ठ 8 पर

अक्षय तृतीया पर अग्र सेवा दल की अनूठी पहल राहगीरों को पिलाया 1100 गिलास ठंडा शरबत

पिथौरा/नवप्रदेश। अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर सेवा और समर्पण की एक अनुपम मिसाल देखने को मिली। स्थानीय थाना चौक पिथौरा में अग्र सेवा दल द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए जनसेवा का बड़ा संकल्प लिया गया। गजानन सत्यनारायण (भक्कू) अग्रवाल के विशेष सहयोग से आयोजित इस शिविर में 1100 से अधिक गिलास ठंडे शरबत का वितरण किया गया।

इस पुनीत सेवा कार्य में नगर के गणमान्य नागरिकों और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्काउट गाइड संघ पिथौरा के अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष स्वप्निल तिवारी संतोष कुमार साहू , लेखराम साहू , झनेश साहू सर, दिलीप निषाद , नरेश नायक और राजीव तिवारी संतोषी ठाकुर , निर्मला चौधरी सीमा जोसेफ ने भी अपना सहयोग प्रदान किया।

समाज ने की सराहना

अग्रवाल समाज के अध्यक्ष वेदप्रकाश गोयल, सुरेश बंसल, राजेश गोयल, संजय गोयल और भावेश गोयल ने भी इस सेवा शिविर में पहुंचकर कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। उपस्थित अतिथियों ने 'अग्र सेवा दल' और गजानन सत्यनारायण ज्वैलर्स के इस प्रयास की मुक्त कंठ से सराहना की।

निरंतर सेवा का संकल्प

अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि अक्षय तृतीया जैसे शुभ दिन पर राहगीरों की प्यास बुझाना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। समाज में ऐसी निस्वार्थ सेवाएँ निरंतर चलती रहनी चाहिए ताकि सामुदायिक सद्भाव और सेवा की भावना बनी रहे। शरबत वितरण के दौरान राहगीरों ने भी इस ठंडी राहत के लिए दल का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अग्र सेवा दल के सुमित अग्रवाल (सोनू)संदीप अग्रवाल सुमित अग्रवाल (प्रतीक)अमित गोयलशुभम अग्रवाल मनीष अग्रवाल मुख्य रूप से उपस्थित थे

नपा अध्यक्ष ने व्यापारियों के साथ की बैठक

स्वच्छता सर्वेक्षण 2026

भाटापारा / नवप्रदेश। नगर पालिका कार्यालय में आज स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 की तैयारियों के संबंध में पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने शहर के फुटकर व्यापारियों के साथ बैठक की, बैठक का मुख्य उद्देश्य नगर में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना, जनभागीदारी को बढ़ावा देना तथा स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 में भाटापारा को उत्कृष्ट स्थान दिलाने हेतु सभी को सक्रिय रूप से सहयोग हेतु जोड़ना रहा। बैठक के दौरान अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने सभी उपस्थित व्यापारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता के बिना स्वच्छता का लक्ष्य अधूरा है।उन्होंने व्यापारियों से कहा कि वे अपने प्रतिष्ठानों के बाहर अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखें तथा समस्त कचरा उसी में एकत्रित करें। सड़क या सार्वजनिक स्थलों पर कचरा फेंकने की प्रवृत्ति को समाप्त करने पर विशेष जोर दिया गया।

वही उन्होंने नियमित कचरा संग्रहण व्यवस्था को अपनाने के लिए व्यापारियों को प्रेरित किया जिससे नगर की स्वच्छता व्यवस्था अधिक प्रभावी बन सके। बैठक में व्यापारियों द्वारा दिए गए सुझावों को गंभीरता से लेते हुए अध्यक्ष ने सभी को आश्वस्त किया कि व्यवहारिक एवं सकारात्मक सुझावों पर पालिका प्रशासन पूरा सहयोग करेगा।

इस संबंध में अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने बताया कि ÷भाटापारा को स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 में अव्वल स्थान दिलाना हमारा सामूहिक संकल्प है। फुटकर व्यापारी हमारे नगर की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उनकी सक्रिय सहभागिता के बिना स्वच्छता अभियान सफल नहीं हो सकता। यदि प्रत्येक व्यापारी अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प ले ले, तो भाटापारा को एक आदर्श, स्वच्छ और सुंदर नगर बनाने से कोई नहीं रोक सकता।

न्यूज गैलरी

भाजपा राज में कानून नहीं, लाठी का राज चल रहा है : चुम्मन साहू

छुरिया/नवप्रदेश। सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में कृषि अधिकारी द्वारा पत्रकार और वकील की बेरहमी से पिटाई की घटना पर कांग्रेस नेता चुम्मन साहू ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है।

उन्होंने कहा कि यह घटना साबित करती है कि प्रदेश में कानून का राज खत्म हो चुका है और अब अधिकारियों के जरिए डर और दमन की राजनीति चलाई जा रही है। चुम्मन साहू ने कहा, जब सरकारी दफ्तरों में बैठे अधिकारी ही गुंडागर्दी पर उतर आएं और पत्रकार-वकील जैसे जागरूक लोगों को पीटें, तो समझिए भाजपा सरकार पूरी तरह विफल हो चुकी है। यह लोकतंत्र नहीं, तानाशाही का संकेत है। उन्होंने आगे कहा, भाजपा सरकार ने प्रशासन को खुली छूट दे दी है, इसलिए अधिकारी खुद को कानून से ऊपर समझने लगे हैं। यही कारण है कि आम जनता के साथ-साथ अब पत्रकार और वकील भी सुरक्षित नहीं हैं। साहू ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, प्रदेश को विकास की पटरी पर लाने का दावा करने वाली भाजपा सरकार असल में भय और अराजकता का माहौल बना रही है। अगर यही हाल रहा, तो जनता सड़कों पर उतरकर जवाब देगी।उन्होंने मांग की कि आरोपी अधिकारी को तत्काल निलंबित कर गिरफ्तार किया जाए, अन्यथा कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर प्रदेशभर में उग्र आंदोलन करेगी।

सीबीएसई 10वीं का परिणाम: चंद्रोदय पब्लिक स्कूल का रिजल्ट शत-प्रतिशत

महासमुंद/नवप्रदेश। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई), नई दिल्ली द्वारा 15 अप्रैल की देर शाम घोषित कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में चंद्रोदय पब्लिक स्कूल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम दर्ज किया है। खास बात यह रही कि कक्षा 10वीं के साथ-साथ कक्षा 12वीं में भी विद्यालय का परिणाम 100 प्रतिशत रहा, जिससे पूरे विद्यालय परिवार में उत्साह का माहौल है। कक्षा 10वीं में कुमारी वंशिका ठाकुर ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। जिनिशा चंद्राकर 90.6 प्रतिशत के साथ द्वितीय, कुमारी टीयांशा यदु 89.2 प्रतिशत के साथ तृतीय, कुमारी रुचि साहू 88.8 प्रतिशत के साथ चतुर्थ एवं कुमारी पूर्वी सिन्हा 86.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पंचम स्थान पर रहीं। इस वर्ष छात्राओं ने छात्रों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का शानदार परिचय दिया। विद्यालय के अध्यक्ष राहुल चंद्राकर, उपाध्यक्ष चंद्रपाल चंद्राकर, सचिव कमलेश चंद्राकर, प्राचार्य नवीन कुमार, उप-प्राचार्य मंजुला चंद्राकर सहित समस्त प्रबंधन ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।प्राचार्य नवीन कुमार ने बताया कि विद्यालय का परिणाम हर वर्ष बेहतर हो रहा है। इस बार 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, वहीं 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वालों की संख्या भी बढ़ी है। अंग्रेजी में वंशिका ठाकुर 96/100, हिन्दी में वंशिका ठाकुर 95/100, गणित में रुचि साहू 86/100 (सर्वाधिक), विज्ञान में जिनिशा चंद्राकर एवं वंशिका ठाकुर 89/100 हासिल किया है। सामाजिक विज्ञान में हर्ष चंद्राकर एवं वंश कुमार चंद्राकर ने 93/100, सूचना प्रौद्योगिकी में जिनिशा चंद्राकर 99/100 प्राप्त किया है। विद्यालय प्रबंधन ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग को दिया है। साथ ही घोषणा की गई है कि टॉप-10 विद्यार्थियों को विद्यालय द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर शिक्षकगण संगीता साहू, दीपक ठाकुर, अमान्नू साहू, दीपेश चंद्राकर, प्रियंका महापात्र, आरती ठाकुर, टीकाराम साहू, शिवराज देवांगन, अंजलि चंद्राकर, प्रीति साहू, अनिता एल्यूमहंती, भीषण मंडाले, मनीष चंद्राकर, टकेश्वर चंद्राकर एवं लीकेश साहू सहित समस्त स्टाफने विद्यार्थियों को बधाई दी।

गजब हाल... बिहान योजना में अधिकारी-पदाधिकारी हो रहे हैं आत्मनिर्भर

छुरा/ नवप्रदेश। जनपद पंचायत छुरा के अधिनस्थ रानीपरतेवा कलस्टर में लगभग दस लाख रुपए का फर्जीवाड़ा कर महिला समुहो का पैसा डकारने का मामला सामने आया है गुपचुप कछुआ चाल से जांच चल रहा है, अधिकारी कर्मचारी पदाधिकारी सकते में है। पूरे मामले को दबाने की फिराक में है, मामला जिला पंचायत गरियाबंद के वित्तीय अधिकारी राकेश कुमार की अगुवाई में जांच टीम गठित किया गया है, रानीपरतेवा सहित अन्य कलस्टर में फर्जी तरीके से कर्ज़ दिया गया है हालर मील के नाम पर, कमीशन लेकर बिहान योजना को मरे बिहान योजना बना दिया गया है। सभी क्लस्टरों की निष्पक्ष जांच होने पर भारी भ्रष्टाचार का मामला उजागर होगा। योजना अपने मुख्य उद्देश्य से भटक गया है, कमीशन खोरी , फर्जी बिल व्हाऊचर से भ्रमण के नाम पर आहरण कर ग्रहण लगा दिया गया है। जांच अधिकारी डीओ साहू ने बताया कि वित्तीय अनियमितता की शिकायत मिलने पर जांच प्रक्रिया जारी है प्रथमदृष्ट्या में अनियमितता तो हुआ है जांच से पता चल रहा है।

जांच पूरी होने पर ही पता चलेगा कितने लाख रुपए का गड़बड़ी हुआ है बिहान योजना छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित एक प्रमुख योजना है। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से संगठित कर उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना है। ग्रामीण महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना, आत्मनिर्भर बनाना और गरीबी कम करना। महिलाओं के स्वयं सहायता समूह ग्रुप बनाकर उन्हें कृषि, पशुपालन, हस्तशिल्प और अन्य लघु उद्योगों का प्रशिक्षण और आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

इस योजना के माध्यम से कई महिलाएं 'लखपति दीदी' बन रही हैं, जो सालाना एक लाख रुपये से अधिक की आय कर रही हैं। सुगंधित चावल पैकेजिंग, रुई बत्ती निर्माण, दाल प्रोसेसिंग, जैविक खाद (वर्मी कम्पोस्ट), और कृषि सखी के माध्यम से जैविक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है।स्वयं सहायता समूहों को बैंक से लोन की सुविधा मिलती है, जिससे वे अपने लघु उद्योग शुरू कर सकती हैं। बिहान योजना के तहत महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों को 'सरस मेला' जैसे मंचों के माध्यम से बेचने के लिए सहयोग किया जाता है।

सड़क हादसे पर कांग्रेस की चेतावनी, कंपनी पर एफआईआर और मुआवजे की मांग

डीवी प्रोजेक्ट के टैंकर ने युवक को कुचला, मौत

कांग्रेसियों की प्रमुख मांगें

- डीवी प्रोजेक्ट से जुड़े वाहन चालक, कंपनी प्रबंधन और जिम्मेदार अधिकारियों पर तत्काल प्राथमिकता से मामला दर्ज किया जाए।
- मृतक के शोक संतप्त परिजनों को उचित और सम्मानजनक आर्थिक सहायता प्रदान की जाए।
- निर्माण कार्य में लगे भारी वाहनों की गति और परिचालन पर सख्त निगरानी सुनिश्चित की जाए ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

मनेंद्रगढ़/नवप्रदेश ग्राम पंचायत परसगढ़ी तिराहे के समीप आज एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा मेडिकल कॉलेज निर्माण कार्य में लगी 'डी वी प्रोजेक्ट' कंपनी के पानी टैंकर और बाइक की भिड़ंत के कारण हुआ। इस घटना के बाद से स्थानीय क्षेत्र में गहरा आक्रोश व्याप्त है।

घटना की गंभीरता को देखते हुए कांग्रेस नेताओं ने सख्त रुख अपनाया है। भरतपुर-सोनहत के पूर्व विधायक गुलाब कमरो के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने थाने पहुंचकर थाना प्रभारी से मुलाकात की और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। पूर्व विधायक ने मनेंद्रगढ़ एसडीएम से फोन पर चर्चा कर प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो कांग्रेस उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

निगरानी तंत्र पर उठाए सवाल: मनेंद्रगढ़ विधायक प्रत्याशी रमेश सिंह ने प्रशासन को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि लगातार हो रही ऐसी घटनाएं साबित करती हैं कि निगरानी तंत्र पूरी तरह विफल हो चुका है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि प्रशासन ने ढिलाई बरती तो कांग्रेस पार्टी थाना और प्रशासनिक कार्यालय का घेराव करेगी। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष कृष्ण मुरारी तिवारी, महामंत्री रफीक मेमन, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष (शहर) सौरव मिश्रा और ब्लॉक अध्यक्ष (ग्रामीण) रामनरेश पटेल सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

लापरवाही से हुई मौत

यह महज एक हादसा नहीं, बल्कि लापरवाही के कारण हुई मौत है। निर्माण कंपनियां नियमों की खुलेआम अनदेखी कर रही हैं और प्रशासन मौन है। यदि कंपनी प्रबंधन पर कठोर कार्रवाई नहीं हुई, तो हम सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ेंगे।

\- **गुलाब कमरो,** पूर्व विधायक (भरतपुर-सोनहत)

ब्राह्मण समाज ने श्रद्धा-भक्ति और उत्साह के साथ मनाया भगवान परशुराम प्राकट्य दिवस

छुरा/नवप्रदेश। ब्राह्मण समाज छुरा द्वारा भगवान परशुराम प्राकट्य दिवस अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ भव्य रूप से मनाया गया। इस पावन अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं, महिलाओं एवं बालकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत हो गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात विद्वान आचार्यों के मार्गदर्शन में विधिवत पूजन-अर्चन एवं हवन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार की गूंज से समूचा परिसर पवित्र एवं दिव्य अनुभूति से भर उठा। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने भगवान परशुराम के जीवन, उनके अद्वितीय पराक्रम, धर्म रक्षा के संकल्प, त्याग, तपस्या एवं ज्ञान के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। ब्राह्मण समाज छुरा अध्यक्ष नरेन्द तिवारी ने कहा कि भगवान परशुराम जी केवल शक्ति के प्रतीक ही नहीं, बल्कि वे धर्म, न्याय और सत्य के मार्गदर्शक भी हैं। उनका जीवन समाज को अन्याय के विरुद्ध खड़े होने, अपने कर्तव्यों का पालन करने तथा सदैव सत्य के पक्ष में रहने की प्रेरणा देता है।

भाजपा सरकार की लापरवाही से खाद-बीज और ऋण के लिए भटक रहे किसानः मानिक

खरीफ सीजन से पहले अव्यवस्था पर उठे सवाल

महासमुंद/नवप्रदेश। जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मानिक साहू ने भाजपा सरकार पर किसानों की अनदेखी और किसान विरोधी नीतियां अपनाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि अन्नदाता कहे जाने वाले किसानों को राहत देने के बजाय सरकार उन्हें परेशान करने में लगी हुई है। खरीफ सीजन की तैयारी शुरू हो चुकी है, लेकिन अब तक किसानों को खाद, बीज और कृषि ऋण की समुचित सुविधा नहीं मिल पा रही है, जिससे जिले के किसान परेशान और चिंतित हैं।

मानिक साहू ने बताया कि हर वर्ष 1 अप्रैल से सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को खाद, बीज और कृषि ऋण उपलब्ध कराया जाता है, ताकि किसान समय पर खेती की तैयारी कर सकें। लेकिन इस बार अप्रैल समाप्ति की ओर है और अधिकांश समितियों में व्यवस्था सुचारू रूप से शुरू नहीं हो सकी है। किसान रोजाना सोसायटियों के चक्कर काटने को मजबूर हैं, लेकिन उन्हें राहत नहीं मिल रही है।उन्होंने कहा कि किसान जब ऋण आवेदन के लिए समितियों में पहुंच रहे हैं, तो कर्मचारियों द्वारा यह कहकर वापस भेजा जा रहा है कि खंड-2 में रकबा में धान दर्ज नहीं है।

शासकीय पं. श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय में तीन दिवसीय राष्ट्रीय गणित दिवस का हुआ आयोजन

धरसीवां / कूंरा / नवप्रदेश। शास. पं. श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय, धरसीवा में 16 अप्रैल से 18 अप्रैल 2026 तक तीन दिवसीय राष्ट्रीय गणित दिवस-2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्‌घाटन दिनांक 16/04/2026 को महाविद्यालय के प्राचार्य श्री कौशल किशोर की अध्यक्षता में हुआ। साथ ही कार्यक्रम में उक्त दिनांक को डॉ. वर्षा करंजगांवकर, प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (गणित), शास. नागार्जुन स्ना. विज्ञान महाविद्यालय, रायपुर द्वारा विशेष व्याख्यान दिया गया। डॉ. करंजगांवकर, ने श्रीनिवास रामानुजन जी को जीवन परिचय देते हुए विपरीत परिस्थितियों में भी गणित के प्रति उनके समर्पण एवं संघर्ष से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं में गणित में पूछे जाने वाले तार्किक प्रश्नों को हल करने संबंधी तरीके बताए 7 साथ ही आर्ट और क्रिएटिविटी में गणित की भूमिका को रोचक और आकर्षक रूप से प्रस्तुत किया।

जनपद अध्यक्ष ने किया 30 लाख रुपए के प्रार्थना शेड का भूमिपूजन

ग्रामीणों ने जताया आभार

छुरिया/नवप्रदेश। छुरिया विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत पाटेकोहरा, महाराजपुर, रामपुर के प्राथमिक व माध्यमिक शाला में प्रार्थना शेड निर्माण का भूमिपजन संजय कुमार सिन्हा अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया, श्रीमती अनिता मंडावी जिला पंचायत सदस्य, श्रीमती बीरम मंडावी जिला पंचायत सदस्य,उत्तरा निषाद जनपद सदस्य,रेखा गंधर्व जनपद सदस्य,अशोक मरकाम,सूरज डडसेना मौजूद रहे । एक संक्षिप्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सिन्हा ने कहा कि आज का यह दिन हमारे गांव के लिए एक ऐतिहासिक और खुशी का अवसर है। हम सब यहां प्रार्थना शेड निर्माण कार्य के भूमिपूजन के लिए एकत्रित हुए हैं। मैं आप सभी को इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए हार्दिक बधाई देता हूँ।

चिमटीमार-चैनपुर में अवैध रेत उत्खनन, खतरे में नदी का अस्तित्व

मनेन्द्रगढ़। एमसीबी जिले के चिमटीमार चैनपुर क्षेत्र में इन दिनों बड़े पैमाने पर हो रहे अवैध रेत उत्खनन ने ग्रामीणों और किसानों की चिंता बढ़ा दी है। हसदेव नदी के तटीय क्षेत्रों से जिस तरह दिन-रात रेत निकाली जा रही है, उससे न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुँच रहा है, बल्कि स्थानीय किसानों की जीविका पर भी संकट मंडराने लगा है।

पारंपरिक खेती हुई समाप्त

एक बुजुर्ग किसान ने व्यथा सुनाते हुए बताया कि पहले यह नदी ग्रामीणों के लिए बड़ा सहारा थी। नदी की रेत में खीरा, ककड़ी, कुमड़ा, टिंडा, लौकी और खरबूजे की भरपूर पैदावार होती थी। लेकिन लगातार हो रहे अवैध उत्खनन के कारण अब रेत में होने वाली यह पारंपरिक खेती पूरी तरह समाप्त हो गई है। वर्तमान में लगभग 20-30 परिवार नदी के पानी के भरोसे गर्मी में सब्जियां उगाते हैं, जिससे क्षेत्र में ताजी सब्जियों की आपूर्ति होती है। लगातार रेत खनन होता रहा तो स्थिति यह आ जाएगी रेत घटने से पानी का जलस्तर गिरेगा और फसलें सूखने की कगार पर आ जाएंगी

ग्रामीणों के अनुसार, उत्खनन का खेल समय तय कर चल रहा है। सुबह 4 बजे से 9 बजे तक और शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक सैकड़ों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के माध्यम से अवैध परिवहन किया जा रहा है। रेत माफिया अंधेरे का फायदा उठाकर नदी का सीना छलनी कर रहे हैं।

संयुक्त टीम बनाकर कार्रवाई करेंगे: इस मामले में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) लिंगराज सिदार ने कहा कि जानकारी प्राप्त हुई है, जल्द ही राजस्व और खनिज विभाग की संयुक्त टीम बनाकर सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला खनिज अधिकारी दयानंद तिग्गा ने बताया कि लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिले में कोयला सहित अन्य खनिजों भी है फिर भी आपने जानकारी दी है कार्यवाही करेंगे। उन्होंने ग्राम पंचायतों से भी इस अवैध कारोबार को रोकने में सहयोग की अपील की है।

राजनीति: बूथ से पंचायत तक कमेटियों का गठन पूरा

कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान सफल

महासमुंद/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ने जानकारी दी कि संगठन सृजन अभियान के तहत महासमुंद जिले में बूथ, पंचायत और वार्ड स्तर पर कमेटियों के गठन का लक्ष्य शत-प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। जिले में कुल 1161 बूथ, 567 पंचायत और 105 वार्ड कमेटियों का सफलतापूर्वक गठन किया गया है।उन्होंने बताया कि वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के मार्गदर्शन और कार्यकर्ताओं की मेहनत से सभी ब्लॉकों में यह कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया गया। प्रत्येक बूथ पर सक्रिय और समर्पित टीम का गठन किया गया है, जो संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाएगा। जिलाध्यक्ष श्री यादव ने जिले के सभी कांग्रेसजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि सभी के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि मजबूत बूथ संगठन ही कांग्रेस की असली ताकत है और यही आगामी चुनावों में सफलता की आधारशिला बनेगा।

संगठन को मजबूत करने के लिए हर स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ताओं की टीम तैयार की गई है।

ब्लॉकवार प्रगति इस तरह रही

बागबाहरा ग्रामीण: 104 बूथ, 60 पंचायत, कोमाखान ब्लॉक: 102 बूथ, 53 पंचायत, बागबाहरा शहर: 18 बूथ, पिथौरा ब्लॉक (खल्लारी क्षेत्र): 63 बूथ व पंचायत कमेटियां, महासमुंद शहर: 55 बूथ, 30 वार्ड महासमुंद ग्रामीण: 130 बूथ, 87 पंचायत, सरायपाली शहर: 21 बूथ, 15 वार्ड, सरायपाली ग्रामीण: 119 बूथ, 38 पंचायत छुईपाली: 74 बूथ, 40 पंचायत, भंवरपुर: 76 बूथ, 40 पंचायत, झलप-पटेवा: 91 बूथ, 50 पंचायत, सांकरा: 109 बूथ, पिथौरा ब्लॉक (बसना क्षेत्र): 126 बूथ, 70 पंचायत, 15 वार्ड शामिल है।

वार्ड क्रमांक-1 में बोर खनन कार्य पूर्ण, पेयजल समस्या से मिली राहत

नगरी/नवप्रदेश। नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक 1 में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। वार्ड पार्षद राजा पवार के सतत प्रयासों एवं पहल से क्षेत्र में बोर खनन कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है, जिससे अब मोहल्लेवासियों को पर्याप्त एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सकेगा।गौरतलब है कि वार्ड क्रमांक 1 के नागरिक पिछले काफी समय से पानी की कमी से जूझ रहे थे। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए पार्षद राजा पवार ने संबंधित विभागों से लगातार संपर्क कर बोर खनन कार्य को प्राथमिकता दिलाई। उनके निरंतर प्रयासों का ही परिणाम है कि आज यह कार्य पूर्ण हो सका और वार्डवासियों को बड़ी राहत मिली है।

बोर खनन कार्य पूर्ण होने के बाद क्षेत्र में खुशी का माहौल देखा गया। स्थानीय निवासियों ने पार्षद के इस सराहनीय प्रयास के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

बस्तर के लिए खुले वैश्विक द्वार, 4 घंटे में पूरा होगा समंदर तक का सफर

रायपुर/नवप्रदेश। बस्तर की प्रगति को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए रायपुर-विशाखापट्टनम इकोनॉमिक कॉरिडोर (NH-130 CD) एक क्रांतिकारी कदम साबित होने जा रहा है। भारतमाला परियोजना के तहत बन रहा यह 6-लेन ग्रीनफील्ड कॉरिडोर न केवल दूरियों को कम करेगा, बल्कि बस्तर के स्थानीय उत्पादों को सीधे अंतरराष्ट्रीय बंदरगाहों तक पहुँच प्रदान कर लैंड-लॉक्ड क्षेत्र की बाधाओं को समाप्त करेगा।

दुर्गम घाटों से मुक्ति और समय की बड़ी बचत: वर्तमान में जगदलपुर से विशाखापट्टनम की यात्रा ओडिशा के कोरापुट और जयपुर के कठिन घाटों से होकर गुजरती है, जिसमें 7 से 9 घंटे का समय लगता है। भारी वाहनों के लिए यह मार्ग न केवल थकाऊ है, बल्कि डीजल की खपत और मेंटेनेंस के लिहाज से भी खर्चीला है। नया कॉरिडोर इस यात्रा को मात्र 3.5 से 4 घंटे में समेट देगा। सीधा और घाट-मुक्त रास्ता होने के कारण वाहनों का परिचालन खर्च काफी कम हो जाएगा, जिससे परिवहन क्षेत्र को बड़ी राहत मिलेगी।

नबरंगपुर इंटरचेंज: बस्तर का प्रवेश द्वार: रायपुर-विशाखापट्टनम इकोनॉमिक कॉरिडोर (NH-130 CD) छत्तीसगढ़ के रायपुर, धमतरी, कांकेर और कोंडागांव जिलों से गुजर रहा है। जगदलपुर मुख्यालय को इस कॉरिडोर से जोड़ने के लिए ओडिशा के नबरंगपुर का दासपुर इंटरचेंज महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगा। जगदलपुर का ट्रैफिक मात्र 50-60 किमी का सफर तय कर नबरंगपुर इंटरचेंज के माध्यम से रायपुर-विशाखापट्टनम इकोनॉमिक कॉरिडोर में शामिल हो सकेगा, जिससे बस्तर सीधे विशाखापट्टनम पोर्ट और अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक नेटवर्क से जुड़ जाएगा।

बस्तरिया ब्रांड का अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रवेश: इस कॉरिडोर का सबसे महत्वपूर्ण प्रभाव बस्तर की स्थानीय अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। अब बस्तर की अरेबिका कॉफी, जैविक इमली, महुआ उत्पाद और प्रसिद्ध ढोकरा शिल्प को विशाखापट्टनम पोर्ट तक पहुँचाना सुगम होगा। कम लॉजिस्टिक लागत के कारण ये उत्पाद वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धी दरों पर उपलब्ध होंगे, जिससे स्थानीय किसानों, संग्रहकर्ताओं और शिल्पकारों को उनकी उपज का बेहतर अंतरराष्ट्रीय मूल्य मिल सकेगा।

सामाजिक और आर्थिक उत्थान: बस्तर, कांकेर और कोंडागांव जैसे आकांक्षी जिलों को इस परियोजना से सीधा लाभ मिलेगा। बेहतर सड़क संपर्क से शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य बुनियादी सुविधाएं इन सुदूर क्षेत्रों तक अधिक प्रभावी ढंग से पहुंच सकेंगी। इस राजमार्ग के माध्यम से बस्तर का कृषि उत्पाद और इस्पात सीधे रायपुर, दुर्ग-भिलाई और विशाखापट्टनम जैसे औद्योगिक केंद्रों से जुड़ जाएगा। इससे स्थानीय युवाओं के लिए तकनीकी, प्रबंधन, लॉजिस्टिक्स, रियल एस्टेट और सर्विस सेक्टर में हजारों नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। यह कॉरिडोर बस्तर में औद्योगिक विकास की एक नई लहर लाने के लिए तैयार है।

औद्योगिक और खनिज विकास: बस्तर क्षेत्र लौह अयस्क और अन्य खनिजों से समृद्ध है। यह कॉरिडोर इन खनिजों को विशाखापत्तनम पोर्ट तक तेजी से पहुंचाने में मदद करेगा, जिससे निर्यात और व्यापार में भारी उछाल आएगा। कॉरिडोर के किनारे नए औद्योगिक क्लस्टर विकसित होने की संभावना है, जिससे स्थानीय स्तर पर विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा।

पर्यटन और सांस्कृतिक पहचान का विस्तार: कनेक्टिविटी में सुधार होने से अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की आमद बढ़ेगी। विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा, दंतेश्वरी मंदिर, ढोलकल गणेश, कुतुमसर गुफा और चित्रकोट-तीरथगढ़ जैसे जलप्रपातों तक पहुंच आसान होगी। इससे न केवल पर्यटन राजस्व बढ़ेगा, बल्कि आदिम संस्कृति और लोक कलाओं को भी वैश्विक मंच पर नई पहचान मिलेगी।

पर्यावरण और इंजीनियरिंग का तालमेल

कांकेर जिले के बासनवाही के मंझिनगढ़ पहाड़ी (केशकाल) को चीरकर 2.79 किमी लंबी छत्तीसगढ़ की पहली ट्विन-ट्यूब टनल बनाई जा रही है। यह टनल उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के इको-सेंसिटिव जोन से गुजरती है, जिसे इस तरह डिजाइन किया गया है कि वन्यजीवों का आवागमन बाधित न हो। साथ ही पूरे राजमार्ग में मंकी कैनोपी, एनिमल अंडरपास और ओवरपास बनाए जा रहे हैं ताकि विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बना रहे।

रायपुर-विशाखापत्तनम इकोनॉमिक कॉरिडोर

रायपुर-विशाखापत्तनम इकोनॉमिक कॉरिडोर (NH 130CD) बस्तर संभाग और पूरे छत्तीसगढ़ के आर्थिक परिदृश्य को बदलने वाली एक महत्वाकांक्षी परियोजना है। लगभग 16,491 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा यह 464 किमी लंबा ग्रीनफील्ड एक्सेस कंट्रोल कॉरिडोर न केवल दूरी कम करेगा, बल्कि बस्तर जैसे जनजातीय क्षेत्रों को मुख्यधारा की अर्थव्यवस्था से जोड़ने में सेतु का काम करेगा। यह कॉरिडोर बस्तर को विश्व व्यापार की मुख्यधारा से जोड़ने का मार्ग प्रशस्त करेगा। यह परियोजना सही मायने में बस्तर की आत्मनिर्भरता और वैश्विक पहचान का आधार बनेगी।

पुलिस परिवार की महिलाओं के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में पुलिस परिवार की महिलाओं के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर छत्तीसगढ़ पुलिस और बालको मेडिकल सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में पुलिस कमिश्नरेट रायपुर द्वारा अमलीडीह स्थित पुलिस आवासीय परिसर में आयोजित हुआ।

इस शिविर का उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, समय पर जांच सुविधाएं उपलब्ध कराना और गंभीर बीमारियों की शुरुआती पहचान सुनिश्चित करना रहा। अमलीडीह पुलिस कॉलोनी में लगभग 1080 परिवार निवासरत हैं, जिनमें से करीब 200 महिलाओं ने इस शिविर का लाभ उठाया। शिविर का शुभारंभ पुलिस महानिदेशक के परिवार से जुड़ी समाजसेविका ज्योति गौतम और पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला ने किया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं को नियमित स्वास्थ्य जांच और समय पर उपचार के महत्व के बारे में जागरूक किया।

संत ज्ञानेश्वर स्कूल में 10 दिवसीय शिविर में शामिल होने के लिए पंजीयन शुरू, बच्चों व पालकों में उत्साह

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर विद्यालय में बच्चों की गर्मियों की छुट्टियां दो दोगुना उत्साह और जोश के साथ समर कैंप के रूप में शुरू हो गई है। विद्यार्थियों के शैक्षणिक, शारीरिक, मानसिक और चारित्रिक गुणों का सर्वांगीण विकास करने के उद्देश्य से लगाए गए 10 दिवसीय शिविर का शुभारंभ प्राचार्य मनीष गोवर्धन और उप प्राचार्य राहुल वोडितेलवार ने किया। बच्चों ने पहले ही दिन योग और व्यायाम के साथ शिविर में विभिन्न सेगमेंट में एंजॉय किया।

समर कैंप के पहले दिन बच्चों और पालकों में काफी उत्साह देखा गया। वर्तमान समय को देखते हुए कैंप में योग और ध्यान के साथ वैदिक गणित, आर्ट एंड क्राफ्ट, ड्राइंग एंड पेंटिंग, जुंबा डांस, गीत- संगीत, स्पोकन इंग्लिश, स्पोर्ट्स एंड गेम्स और फायरलैस कुकिंग सीखने के लिए बड़ी संख्या में बच्चों ने अपना पंजीयन कराया। बच्चों का पंजीयन 19 अप्रैल को भी जारी रहेगा। प्राचार्य ने कहा कि संत ज्ञानेश्वर विद्यालय शिक्षा के साथ बच्चों में संस्कार भी पोषित करता है। योग और ध्यान के माध्यम से हम जहां बच्चों को आध्यात्म से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। वहीं जुंबा, डांस, गीत संगीत, स्पोकन इंग्लिश आज के समय की मांग है। एकल परिवार के बीच रह रहे बच्चों के लिए फायरलैस कुकिंग सीखना भी अनिवार्य है। जरूरत पड़ने पर बच्चा घर पर अपने खाने के लिए कुछ तैयार कर सके। उप प्राचार्य के अनुसार समर कैंप का आयोजन इसलिए किया जाता है कि बच्चे गर्मी की छुट्टियों का सदुपयोग कर सकें। इस समर कैंप में विद्यालय के बच्चों के साथ अन्य स्कूलों और आसपास के स्कूलों के बच्चे भी शामिल हो रहे हैं।

महाराष्ट्र मंडल की सभासद डायटिशन आस्था काले ने कहा- खूब पानी पीयें और करें सादा सात्विक भोजन

रायपुर/नवप्रदेश। समोसा, कचौरी, पकौड़े, जलेबी.... की बात हो तो मुंह में पानी आना स्वाभाविक है, लेकिन बेहतर होगा कि भीषण गर्मी के बीच ऐसे ही तले-भुने, गर्म मसाले वाले खाद्य पदार्थों से बचा जाए। फिलहाल मांसाहार के बारे में तो सोचें ही ना। लगातार शरीर से निकल रहे पसीने के बीच गर्म मौसम में ये खाद्य पदार्थ आपके शरीर की गर्मी को और भी बढ़ा देते हैं। डायटिशन और महाराष्ट्र मंडल की आध्यात्मिक और योग समिति की समन्वयक आस्था काले ने इस आशय के विचार व्यक्त किए।

आस्था के कहा कि जंक फूड, चिप्स, पिज्जा, बर्गर, कोल्ड ड्रिंक्स (सोडा), कैफीन युक्त पेय पदार्थ से भी जितनी दूरी बनाई जाए... उतना ही बेहतर। उन्होंने कहा कि सुबह सवेरे वर्कआउट, योग या जिम जाने से पहले पर्याप्त पानी जरूर पीयें। यदि आप नींबू पानी-नमक-शहद अथवा छाछ या नारियल पानी पीते हैं, तो भी बेहतर। वर्कआउट के बाद प्रोटीन के रूप में मूंग दाल, सत्तू, मूंग मोठ अंकुरित, दही और फल फायदेमंद है। भोजन में कार्बोहाइड्रेट के रूप में गेंहू-चना रोटी, सब्जी और सलाद से आप सेहतमंद रह सकते हैं।

उन्होंने कहा कि घर में बने ताजा और पौष्टिक सात्विक आहार से भीषण गर्मी का सामना आसानी से कर सकते हैं। बासी खाना, फ्रिज में रखे भोजन या बाहर होटल- फुटपाथ पर चटपटे खाने से बचें। आस्था ने जोर देकर कहा कि हम घर में रहें या बाहर आफिस- दौरे पर, किसी भी दशा में हम भूखे न रहें। सुबह छह से आठ बजे तक हमारा नाश्ता हो जाए। तेज धूप व लू के थपेड़ों से जूझते हुए आप जहां भी पहुंचते हैं, तो फ्रिज के पानी की मांग कभी न करें। बल्कि कोशिश करें कि पानी सादा हो या मटके का। बतौर डायटिशियन आस्था ने समझाया कि आमतौर पर महिलाएं पानी पीने में कोताही बरतती हैं। कम से कम गर्मी में पानी पीने में कंजूसी न करें। ग्रीष्मकाल में शरीर में पानी की कमी से हीटस्ट्रोक की आशंका काफी बढ़ जाती है।

महाराष्ट्र मंडल में शिवाजी महाराज की महाआरती में जुटे सभासद

रायपुर/नवप्रदेश। हिंदवी स्वराज के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज की महाआरती रविवार को सादगीपूर्ण आयोजन में की गई। इस अवसर पर अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने शिवाजी महाराज के शासनकाल में स्वराज के लिए किए गए प्रयासों, संघर्षों, युद्ध नीतियों पर खुलकर चर्चा की और अनेक प्रसंगों की नए अंदाज से व्याख्या की। इस मौके पर सखी निवास प्रभारी नमिता शेष, युवा समिति के समन्वयक विनोद राखुंडे, सचेतक रविंद्र ठेंगड़ी, युवा समिति के सह प्रमुख शुभम् पुराणिक, दिव्य महाराष्ट्र मंडल के प्रभारी कुणाल मिश्रा सहित अनेक पदाधिकारी शामिल रहे।

बताते चलें कि छह जून को महाराष्ट्र मंडल के लॉन परिसर में सिंहासन पर विराजित छत्रपति शिवाजी महाराज की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। इस मौके पर भव्य समारोह में विभिन्न कार्यक्रमों के साथ अभिषेक विद्याधर बक्षी निर्देशित हिंदी नाटक 'शिव शौर्य' का मंचन भी संत ज्ञानेश्वर सभागृह के कुमुदिनी वरवंडकर स्मृति रंगमंच पर किया जाएगा। इस नाटक की मंडल परिसर में रिहर्सल लगातार चल रही है। एक अंकी नाटक 'शिव शौर्य' में शिवाजी महाराज की केंद्रीय भूमिका निर्देशक अभिषेक बक्षी स्वयं साकार करेंगे। अन्य महत्वपूर्ण भूमिकाओं में शशि वरवंडकर, चेतन दंडवते, पवन ओगले, कीर्ति हिशीकर, रविंद्र ठेंगड़ी, भारती पलोसदकर, योगेश दंडवते, पंकज सराफ, पराग दलाल, यशस्वी दंडवते, अभय भागवतकर, गणेशा जाधव पाटिल, प्रार्थना दंडवते सहित करीब 20 कलाकार भी दिखाई देंगे।

सिटी सेंटर पार्किंग से इनोवा गबन करने वाला शातिर आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के सिटी सेंटर मॉल की पार्किंग से इनोवा वाहन गबन करने वाले शातिर आरोपी मनीष साहू उर्फ डेकेश्वर साहू (35) को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से करीब 9 लाख रुपये कीमत की इनोवा कार (ओडी 15 ए 5089) बरामद की गई है। मामले में प्रार्थी सुरजीत सिंह चावला, निवासी सम्बलपुर (ओडिशा) ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 18 अप्रैल 2026 को वे परिवार के साथ सिटी सेंटर मॉल घूमने आए थे। उनके पुत्र ने वाहन पार्किंग में खड़ा कर चाबी कर्मचारी को सौंप दी थी। कुछ देर बाद लौटने पर वाहन गायब मिला। जांच में सामने आया कि मॉल का कर्मचारी मनीष साहू ही कार लेकर फरार हो गया।

भाजपा युवा मोर्चा की नई नियुक्तियां जारी पीयूष ठाकुर बने भाटागांव मंडल अध्यक्ष

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में लंबे इंतजार के बाद आखिरकार भाजपा युवा मोर्चा जिला इकाई ने अपनी नई कार्यकारिणी की सूची जारी कर दी। जारी सूची के अनुसार, लंबे समय से सक्रिय और कर्मठ कार्यकर्ता पियूष ठाकुर को भाटागांव युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं चंगोराभांठा निवासी आर्यन मिश्रा को लाखेनगर मंडल का महामंत्री बनाया गया है, जिन्होंने कम समय में पार्टी में अपनी सक्रियता से पहचान बनाई है। इसके अलावा जय शर्मा को भी

मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नवनियुक्त पदाधिकारियों से बृजमोहन अग्रवाल ने मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान उन्होंने सभी को संगठन के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य करने और जनसेवा को प्राथमिकता देने की सीख दी।

आईपीएल के टिकट रेट तय! 2000 से शुरू

10 और 13 मई को शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में होंगे दो रोमांचक मुकाबले

रायपुर/नवप्रदेश। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के रायपुर में होने वाले मैचों को लेकर क्रिकेट प्रेमियों का इंतजार अब लगभग खत्म होने को है। शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम में आयोजित होने वाले दोनों मुकाबलों के टिकट रेट लगभग तय हो चुके हैं और जल्द ही अंतिम घोषणा की जा सकती है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, आम दर्शकों के लिए सामान्य सीटों की शुरुआत 2000 रुपये से होगी। सामान्य स्टैंड्स के लिए 2500, 3500, 5000 और 8000 रुपये तक के अलग-अलग विकल्प रखे गए हैं, जिससे हर वर्ग के दर्शक अपनी सुविधा और बजट के अनुसार मैच का आनंद ले सकेंगे। छात्रों के लिए भी 2000 रुपये में टिकट उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। प्रीमियम अनुभव चाहने वालों के लिए तीन कैटेगरी तय की गई हैं- सिल्वर कैटेगरी 20,000 रुपये, गोल्ड कैटेगरी 30,000 रुपये और प्लैटीनम कैटेगरी 40,000 रुपये में उपलब्ध होगी। इसके अलावा टीनम कैटेगरी भी 40,000 रुपये में रखी गई है। कॉर्पोरेट बॉक्स का आनंद लेने के लिए करीब 30,000 रुपये खर्च करने होंगे।

एक नजर में टिकट रेट

कैटेगरी	रेट
स्टूडेंट / सामान्य सीट	2,000
सामान्य स्टैंड	2,500 / 3,500
सामान्य स्टैंड (प्रीमियम)	5,000 / 8,000
कॉर्पोरेट बॉक्स	30,000
सिल्वर कैटेगरी	20,000
गोल्ड कैटेगरी	30,000
प्लैटीनम / टीनम कैटेगरी	40,000

कब और किसके बीच होंगे मुकाबले

रायपुर में आईपीएल 2026 के दो हाई-वोल्टेज मुकाबले होने हैं। 10 मई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना मुंबई इंडियंस से होगा, जबकि 13 मई को आरसीबी की भिड़ंत कोलकाता नाइट राइडर्स से होगी। दोनों मैच शाम 7:30 बजे से शुरू होंगे।

सुविचार

रिश्तों की कद्र भी पैसों की तरह ही करनी चाहिए क्योंकि दोनों को गंवाना बेहद आसान है कमाना बहुत मुश्किल

महिला आरक्षण पर रार

लोकसभा और देश की सभी विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण देने संबंधित 131वां संविधान संसोधन विधेयक लोकसभा में पारित नहीं हो पाया। गौरतलब है कि लोकसभा का दो द्विवसीय विशेष सत्र महिला आरक्षण और परिसीमतन संसोधन विधेयक पर चर्चा के लिए आयोजित किया गया था। दो दिन तक इस पर लंबी चर्चा भी हुई। विपक्ष के सवालों का सरकार की ओर से जवाब भी दिया गया किन्तु जब मतदान की नौबत आई तो इसके पक्ष में सिर्फ 298 वोट पड़े। जबकि विरोध में 230 वोट पड़े। इस तरह यह विधेयक गिर पड़ा। इस विधेयक को पारित कराने के लिए दो तिहाई बहुमत की आवश्यकता थी किन्तु सरकार 352 सांसदों का समर्थन जुटाने में विफल रही। हालांकि इस विशेष सत्र की शुरूआत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिला आरक्षण और परिसीमन संसोधन विधेयक पर विपक्षी पार्टियों से सहयोग की अपील की थी और कहा था कि सभी सांसद नारी शक्ति के हित में अपनी अंतरात्मा की अवाज पर इसका समर्थन करें किन्तु विपक्ष इस बिल के खिलाफ लांमबंद रहा और उसने इस विधेयक के खिलाफ मतदान करके सरकार की मंशा पर पानी फेर दिया। इस विधेयक के गिरने के बाद केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा है वहीं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी कहा है कि यह विधेयक संविधान पर आक्रमण था क्योंकि सरकार महिला बिल के नाम पर हिन्दुस्तान के राजनीतिक ढांचे को चुनावी ढांचे के रूप में बदलने की कोशिश कर रही थी लेकिन हमने उसे रोक दिया। विपक्ष भले ही इस विधेयक के गिरने से अपने हाथों पीठ थपथपता रहे और इसे अपनी जीत बताकर खुश होता रहे लेकिन इस विधेयक को लाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मास्टर स्ट्रोक चल दिया है। सरकार को यह बात भलीभांति पता थी कि लोकसभा में इन विधयकों को पारित कराने के लिए नियमानुसार दो तिहाई बहुमत की आवश्यकता है और इस विधेयक का लोकसभा में गिरना तय है फिर भी सरकार ने इसके लिए विशेष सत्र बुलवाया और दो दिनो तक इस पर चर्चा कराई विपक्ष ने जो आरोप लगाये और शंका जाहिर की उसका सत्ता पक्ष ने समुचित जवाब भी दिया और सत्ता पक्ष ने विपक्ष को आड़े हाथों लेने की भी हर संभव कोशिश की। सरकार की यही मंशा थी कि महिला आरक्षण विधेयक के नाम पर परिसीमन संसोधन विधेयक भी सदन में रखा जाये और इस बहाने विपक्ष को इस बिल का विरोध करने के लिए प्रेरित किया जाये ताकि इस विधेयक के गिरने पर विपक्ष को महिला आरक्षण विरोधी करार दिया जा सके और आधी आबादी की सहानुभूति प्राप्त की जा सके। सरकार की यह मंशा पूरी हो गई और पीएम मोदी का यह मास्टर स्ट्रोक अब विपक्ष के लिए बंगाल और तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में भाजपा को ज्यादा नहीं तो थोड़ी बहुत सफलता दिलाने में जरूर कायमयाब होगा।

है अगर मुमकिन तो साथ दीजिए...

सपना परिहार

है अगर मुमकिन तो साथ दीजिए,
रूठे हैं अगर कोई तो बात कीजिए।

यहाँ हर शख्स बेवजह परेशान सा रहता है,
किसी की थोड़ी परेशानियाँ तो हल कीजिए।

मैं, मेरा, मुझे,यह सिर्फउलझन ही तो है,
यह जो वहम है उसे कभी मिटा तो दीजिए।

हर कोई यहाँ हर साँस का गुलाम है,
कभी उसे भी एक दरख्त सी छाँव तो दीजिए।

मुझसे बेहतर कोई नहीं है इस जहाँ में,
मेरे कहने से बस एक बार आईना देख लीजिए।

हर कोई यहाँ मगरूर नहीं होता,
कभी तो उसे समझने की कोशिश कीजिए।

यह लेन-देन का दौर बहुत बुरा है "सपना",
बहुत सोच समझ कर ये सौदा कीजिए।

सद्‌गुरू बोधामृतम्


सद्‌गुरू ऋतेश्वर

◆ मैं जिन्हें भी प्यार करता हूँ उनके भीतर प्यार करने के तत्व हैं, वो प्यारे हैं इसलिए प्यार करता हूँ।

◆ हर दिन का एक-एक सेकंड आत्म निरीक्षण में लगाइए, आत्मा के अवलोकन में लगाइए।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1611-विख्यात उपन्यासकार विलियम शैक्सपियर के नाटक 'मैकबेथ' का पहला ज्ञात मंचन हुआ। 1902: मैरी और पियरे क्यूरी ने रेडियोधर्मी तत्व रेडियम को पिचब्लेंड से अलग किया, जो कैंसर के उपचार में एक बड़ी खोज थी। 1889: जर्मनी के तानाशाह एडॉल्फहिटलर का जन्म हुआ। 1972: नासा का अपोलो 16 मिशन चंद्रमा पर उतरा, जो पांचवीं मानवयुक्त लैंडिंग थी। 1777: न्यूयॉर्क ने एक स्वतंत्र राज्य के रूप में नया संविधान अपनाया। 1939: जर्मनी में हिटलर के 50वें जन्मदिन को राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाया गया। 2006: भारत ने ताजिकिस्तान में अपना पहला विदेशी सैन्य अड्डा स्थापित करने की घोषणा की। 2011: भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने पीएसएलवी-सी16 के जरिए तीन उपग्रहों को अंतरिक्ष में स्थापित किया।

परिसीमन के पेंच में फंसा आधी आबादी का हक

भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में आधी आबादी की आकांक्षाओं को एक बार फिर चर्चा के केंद्र में ला खड़ा किया है। सरकार द्वारा प्रस्तुत संविधान (131वां संशोधन) विधेयक का मुख्य उद्देश्य वर्ष 2023 में पारित कानून को धरातल पर उतारने के लिए एक स्पष्ट रूपरेखा तैयार करना था, परंतु नियति और राजनीतिक मतभेदों को कुछ और ही स्वीकार्य था। यह विधेयक मात्र एक विधायी दस्तावेज नहीं था, बल्कि यह 2029 के आम चुनावों से पूर्व देश की राजनीतिक संरचना को पूरी तरह बदलने वाला एक क्रांतिकारी कदम माना जा रहा था। इस विधेयक के माध्यम से सरकार ने लोकसभा की सीटों की संख्या को वर्तमान 543 से बढ़ाकर 850 करने का प्रस्ताव रखा था, जो सीधे तौर पर परिसीमन की प्रक्रिया से जुड़ा हुआ था।

महेन्द्र तिवारी

संसद के इस विशेष सत्र की पृष्ठभूमि अत्यंत नाटकीय रही। सरकार का तर्क था कि महिला आरक्षण को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए सीटों में वृद्धि अनिवार्य है ताकि किसी भी वर्तमान प्रतिनिधित्व को क्षति पहुँचाए बिना महिलाओं को 33 प्रतिशत स्थान सुनिश्चित किया जा सके। इस रणनीति के पीछे तर्क यह था कि जब सीटों की कुल संख्या बढ़कर 850 हो जाएगी, तब महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों का आंकड़ा स्वाभाविक रूप से बढ़ेगा और पुरुषों के प्रतिनिधित्व वाले क्षेत्रों में भी भारी कटौती की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। सत्ता पक्ष ने इसे एक ऐतिहासिक और साहसिक कदम बताते हुए प्रचारित किया कि यह नारी शक्ति के वास्तविक वंदन का समय है। प्रधानमंत्री ने सदन की कार्यवाही शुरू होने से पूर्व ही यह स्पष्ट कर दिया था कि उनकी सरकार महिलाओं को उनका उचित अधिकार दिलाने के लिए कृतसंकल्प है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों को व्यक्तिगत रूप से पत्र लिखकर इस पवित्र कार्य में सहयोग की अपील की थी। प्रधानमंत्री के उस पत्र में एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रस्ताव था, जिसमें उन्होंने कहा था कि यदि विपक्षी दल इस विधेयक का समर्थन करते हैं, तो सरकार उन्हें इस सफलता का पूरा श्रेय देने के लिए एक कोरे धनादेश जैसा अधिकार देने को तैयार है। उनका आशय स्पष्ट था कि वे राजनीति से ऊपर उठकर इस सामाजिक सुधार को देखना चाहते थे।

परंतु विपक्षी खेमे में इस विधेयक को लेकर भारी संशय और विरोध की स्थिति बनी हुई थी। कांग्रेस, समाजवादी दल और विभिन्न क्षेत्रीय दलों के गठबंधन ने सरकार की नीयत पर गंभीर प्रश्न उठाए। विपक्ष का सबसे प्रबल विरोध परिसीमन के आधार को लेकर था। सरकार ने इस संशोधन में सीटों के निर्धारण के लिए 2011 की जनगणना को आधार बनाने का प्रस्ताव रखा था। विपक्षी नेताओं का तर्क था कि वर्ष 2026 में 2011 की जनगणना के आधार पर भविष्य की राजनीति तय करना न केवल अतार्किक है, बल्कि यह उन राज्यों के साथ अन्याय है जिन्होंने जनसंख्या नियंत्रण में सफलता प्राप्त की है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने सदन में अपने संबोधन के दौरान अत्यंत तल्ख लहजे में कहा कि सरकार की

मंशा महिलाओं को आरक्षण देने की कम और चुनावी लाभ लेने की अधिक प्रतीत होती है। उन्होंने इसे एक छलावा करार देते हुए मांग की कि जब तक नई जाति आधारित जनगणना नहीं हो जाती और अन्य पिछड़ा वर्ग की महिलाओं के लिए इस 33 प्रतिशत के भीतर अलग से कोटा निर्धारित नहीं किया जाता, तब तक यह विधेयक सामाजिक न्याय की कसौटी पर खरा नहीं उतरेगा।

विपक्ष की इस मांग ने सदन के भीतर और बाहर एक नई बहस को जन्म दे दिया। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए तो आरक्षण का प्रावधान पहले से ही प्रस्तावित था, परंतु अन्य पिछड़ा वर्ग की महिलाओं के लिए अलग श्रेणी की मांग ने सत्ता पक्ष को रक्षात्मक स्थिति में ला दिया। उत्तर भारत के प्रमुख क्षेत्रीय दलों ने इस मुद्दे पर लामबंदी तेज कर दी और यह स्पष्ट कर दिया कि बिना जातिगत डेटा के परिसीमन करना अंधेरे में तीर चलाने जैसा होगा। अमित शाह ने सरकार का पक्ष रखते हुए विपक्ष के इन तर्कों को विकास की राह में रोड़ा अटकाने वाला बताया। उन्होंने सदन में जोर देकर कहा कि सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में किसी भी प्रकार की देरी नहीं चाहती और परिसीमन ही वह एकमात्र वैधानिक मार्ग है जिसके माध्यम से सीटों का न्यायोचित वितरण संभव है। उन्होंने विपक्ष पर महिला विरोधी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि इतिहास उन्हें कभी क्षमा नहीं करेगा यदि उन्होंने इस अवसर को केवल राजनीतिक द्वेष के कारण गंवा दिया।

घटनाक्रम अपनी चरम सीमा पर तब पहुँचा जब 16 अप्रैल को इस विधेयक पर मतदान की घोषणा हुई। संसद के गलियारों में तनाव स्पष्ट रूप से महसूस किया जा सकता था। उस दिन कुल 528 सांसद सदन में उपस्थित थे। नियम के अनुसार, संविधान संशोधन विधेयक को पारित करने के लिए उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों का कम से कम दो-तिहाई बहुमत आवश्यक था। जब मतों की गणना हुई, तो परिणाम सरकार के लिए किसी बड़े झटके से कम नहीं थे। विधेयक के पक्ष में 298 मत पड़े, जबकि विपक्ष में 230 सांसदों ने मतदान किया। गणितीय दृष्टि से देखें तो दो-तिहाई बहुमत के लिए सरकार को कम से कम 352 मतों की आवश्यकता थी। इस प्रकार, मात्र 54 मतों के अंतर से यह ऐतिहासिक विधेयक गिर गया। यह भारतीय संसदीय इतिहास की एक विरल घटना थी क्योंकि 1990 के दशक के बाद यह पहला अवसर था जब कोई संविधान संशोधन विधेयक सदन में आवश्यक बहुमत न मिल पाने के कारण असफल हुआ हो।

इस असफलता ने देश की राजनीतिक दिशा को एक नया मोड़ दे दिया। मतदान के तुरंत बाद सदन के भीतर और बाहर आरोपों-प्रत्यारोपों का दौर शुरू हो गया। विपक्षी नेताओं ने इसे अपनी नैतिक विजय बताया और कहा कि सरकार को अब यह समझ लेना चाहिए कि वे बिना आम सहमति के देश की लोकतांत्रिक संरचना के साथ छेड़छाड़ नहीं कर सकते। दूसरी ओर, सत्ता पक्ष ने इस हार को जनता की अदालत में ले जाने का निर्णय लिया। सरकार के प्रवक्ताओं ने इसे महिलाओं के अधिकारों पर विपक्ष का प्रहार बताया। उन्होंने जनता के बीच यह संदेश प्रसारित करना शुरू किया कि कैसे एक प्रगतिशील कानून को केवल संकीर्ण राजनीतिक लाभ के लिए बलि चढ़ा दिया गया। विशेष रूप से 850 सीटों वाली नई संसद की परिकल्पना पर जो ग्रहण लगा, उसने भविष्य के चुनावों के लिए एक नया विमर्श तैयार कर दिया।

युद्ध के बारूद से बढ़ता पर्यावरण का तापमान, वैश्विक जल संकट की आशंका

संजीव ठाकुर

पश्चिम एशिया के आकाश में बारूद के बादल और जलते तेल-कुओं से उठता धुआँ केवल युद्ध का दृश्य नहीं रचता, बल्कि वह पृथ्वी के तापमान, वायुमंडलीय संतुलन और जल चक्र को भी गहराई से प्रभावित करता है। आज जब दुनिया पहले ही ग्लोबल वार्मिंग के संकट से जूझ रही है, तब युद्ध और सैन्य टकराव इस संकट को कई गुना बढ़ा रहे हैं। यह स्थिति केवल पर्यावरणीय चिंता नहीं, बल्कि आने वाले समय में एक गंभीर जल संकट की चेतावनी भी है।

पश्चिम एशिया जहाँ मध्य पूर्व के देश जैसे इराक, ईरान, सऊदी अरब और इजराइल स्थित हैं पहले ही जल संसाधनों के मामले में संवेदनशील क्षेत्र रहा है। यहाँ की भौगोलिक बनावट शुष्क है, वर्षा सीमित है और भूजल पर निर्भरता अधिक है। ऐसे में जब युद्ध होते हैं, तो केवल मानव जीवन ही नहीं, बल्कि जल स्रोत भी प्रभावित होते हैं। बमबारी से नदियाँ और जलाशय प्रदूषित होते हैं, तेल के रिसाव से समुद्री जल दूषित होता है और धुएँ के कारण वायुमंडल में कार्बन की मात्रा बढ़ जाती है।

यह बढ़ता हुआ कार्बन उत्सर्जन सीधे-सीधे पृथ्वी के तापमान को बढ़ाता है, जिससे जल चक्र असंतुलित हो जाता है। कहीं अत्यधिक वर्षा होती है

तो कहीं सूखा पड़ता है। इस असंतुलन का सबसे बड़ा प्रभाव जल संसाधनों पर पड़ता है। (संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्टों में भी यह चेतावनी दी गई है कि यदि युद्ध और पर्यावरणीय विनाश इसी तरह जारी रहे, तो आने वाले दशकों में जल संकट वैश्विक संघर्ष का प्रमुख कारण बन सकता है)

भारत जैसे देश के लिए यह स्थिति और भी चिंताजनक है। भारत में पहले ही भूजल दोहन तेजी से हो रहा है। नीति आयोग की एक रिपोर्ट के अनुसार देश के कई बड़े शहरों में भूजल स्तर खतरनाक रूप से नीचे जा रहा है। यदि वैश्विक तापमान इसी तरह बढ़ता रहा, तो भारत में मानसून का पैटर्न और अधिक अनिश्चित हो जाएगा।

भारत का लगभग 60त्न कृषि कार्य वर्षा पर निर्भर है। यदि वर्षा समय पर नहीं होती या अत्यधिक होती है, तो फसलें नष्ट होती हैं और जल संकट गहराता है। इसके साथ ही, हिमालय के ग्लेशियर जो गंगा, यमुना और ब्रह्मपुत्र जैसी नदियों के स्रोत तेजी से पिघल रहे हैं। यह स्थिति हिमनद पिघलने का संकेत है, जो प्रारंभ में बाढ़ और बाद में स्थायी जल संकट का कारण बन सकता है। युद्ध का एक और अप्रत्यक्ष प्रभाव यह है कि इससे वैश्विक सहयोग कमजोर होता है। जब देश आपसी संघर्ष में उलझे रहते हैं, तब वे जलवायु परिवर्तन जैसे वैश्विक मुद्दों पर मिलकर काम नहीं कर पाते। उदाहरण के लिए, पेरिस समझौते जैसे प्रयास तभी सफल हो सकते हैं जब विश्व के देश आपसी सहयोग और आपस में बातचीत बनाए रखें। लेकिन युद्ध की स्थिति में यह सहयोग आपसी सामंजस्य के अभाव के कारण पीछे छूट जाता है।

भारत के संदर्भ में जल संकट केवल पर्यावरणीय समस्या नहीं,बल्कि बड़ी सामाजिक और आर्थिक चुनौती भी है। ग्रामीण क्षेत्रों में जल की कमी से पलायन बढ़ सकता है, जिससे शहरी क्षेत्रों पर दबाव बढ़ेगा। इसके अलावा, जल संसाधनों को लेकर राज्यों के बीच विवाद भी बढ़ सकते हैं।

इस संकट से निपटने के लिए भारत को बहुआयामी रणनीति अपनानी होगी। सबसे पहले, जल संरक्षण को प्राथमिकता देनी होगी जैसे वर्षा जल संचयन, पारंपरिक जल स्रोतों का पुनर्जीवन और जल के पुनर्चक्रण की व्यवस्था। इसके साथ ही, किसानों को जल-संरक्षण आधारित खेती की ओर प्रोत्साहित करना होगा।साथ ही, भारत को वैश्विक स्तर पर भी सक्रिय भूमिका निभानी होगी। जलवायु परिवर्तन के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की आवाज़ महत्वपूर्ण है। यदि भारत जैसे देश शांति और सहयोग की पहल करें, तो यह वैश्विक स्तर पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। , यह भी समझना अत्यंत आवश्यक होगा कि युद्ध केवल सीमाओं को नहीं जलाता, बल्कि वह भविष्य की पीढ़ियों के लिए जल जैसे मूलभूत संसाधन को भी खतरे में डाल सकता है । पश्चिम एशिया के आकाश में उठते बारूद के बादल हमें यह चेतावनी दे रहे हैं कि यदि हमने समय रहते शांति और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम नहीं उठाए, तो आने वाला समय जल के लिए संघर्ष का समय हो सकता है। पूरा घटनाक्रम हमें केवल चिंता में नहीं डालता, बल्कि यह एक आह्वान भी है शांति का, सहयोग का और प्रकृति के साथ संतुलन स्थापित करने का। क्योंकि जल ही जीवन है, और यदि जल संकट गहराया, तो मानव सभ्यता की नींव ही डगमगा सकती है।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

अंदर की बात अब ये है कि सरकार जो चाहती थी वह हो गया महिला आरक्षण बिल यदि पारित होता तो भी सरकार के हाथ में लड्डू थे और पारित नहीं हुआ तो सरकार के हाथ में दो लड्डू ज्यादा है क्योंकि उन्हें मौका मिल गया यह बताने का की विपक्ष महिला विरोधी है अब विपक्ष पर पूरी सरकार हमलावर है विपक्ष को दोषी ठहराने के साथ-साथ विलन साबित किया जाएगा और विपक्ष समझ रहा है की उन्होंने मोदी को पछाड़ दिया...।

– हितेश शर्मा

कागज के पन्नों पर अश्क बहाने से क्या होगा, जो पढ़ ही ना सके हमें उसे दर्द बताने से क्या होगा,, हमने तो जला दी वो सारी यादें जो कभी तेरी थी, अब इन बुझती हुई राख को हवा लगाने से क्या होगा। **– ललित उपाध्याय**

जिस भी परीवार में एक औरत को ये कहा जाता है कि तुम तो परिवार की इज्जत हो,वो परिवार कभी भी उस औरत को इज्जत नही देता। इज्जत के नाम पर उसे बेवकूफ बनाकर उससे कुर्बानी ली जाती है।हमेशा से होता आया है ऐसा शायद आगे भी यही होगा।

– प्रीति श्रीवास्तव

मन खाली नहीं होता कुछ भीतर ठहरा रहता है कहने को लोग मिलते हैं, पर बात किसी तक पहुँचती नहीं। कुछ गिरहें शब्द माँगती हैं, वरना और कसती जाती हैं। जो कह दी जाए,वो बोझ नहीं रहती बस जगह मिलते ही हल्की होने लगती है। शायद हर बात को हल नहीं चाहिए बस सुनी जानी चाहिए।

– सीमा नागर

उन औरतों को पढ़ना कितना जरुरी है जिसने आधी किवाड़ खोलकर बाहर देखना चाहा था बाहर और भीतर की दुनिया से तालमेल बिठाती वो औरतें अब कहाँ गुम हो गई हैं। क्या अब भी वो हममे हैं कहीं.? किवाड़ की ओट से झाँकती हुई सी जरा सी ताजी हवा को पाने की ख्वाहिश रखती हुई वेदना की मीठी चुभन से भी अत्यंत प्रसन्नचित्त होती वो मासूम सी मुस्कुराहट पल भर के लिए ही सही मगर होंठों पर खिलती थी।

– सपना चन्द्रा

उम्र-ए-दराज़ माँग के लाई थी चार दिन, दो आरज़ू में कट गए, दो इंतज़ार में एक हफ्ते की मोहलत थी उसमे भी सुप्रीम कोर्ट मे निकल गयी अब लगता है पवन खेडा को पवित्र आसाम की धरती पर बने चाहरदीवारियो के बीच कुछ हफ्ते/माह गुजारना होगा । सेवा मे कोई कमी नही होगी।

– एडवोकेट अरूण कुमार गुप्ता

ऊंघते से फिर रहे बहरे रात दिन पिंजरे में कैद कुछ उड़ते सिलसिले मंजिलों को ढूंढते बढ़ते काफिले तलाशते से फिर रहे ठहरे रात दिन बादलों के बीच जा छिपती दामिनी पहचानी आहट से जागे यामिनी नींदों पे लगे हुए पहरे रात दिन प्यास जब पानी पिलाती रिक्त ले गिलास कूप से दूरियों का होता अहसास बिंबित मरीचिका के गहरे रात दिन। **– रजनी रामदेव**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज सतर्कता ही आपकी सबसे बड़ी ताकत बनेगी। आमदनी बढ़ने से खुशी मिलेगी, लेकिन हर कदम सोच-समझकर उठाना होगा।

वृषः आज का दिन मौके और सीख दोनों लेकर आया है। प्रमोशन की खबर दिल खुश कर सकती है। संतान की इच्छाएं पूरी करेंगे और नया वाहन लेने की योजना भी बनेगी। बस ध्यान रखें।

मिथुनः आज आपकी प्रतिभा चमकेगी और लोग आपकी काबिलियत की तारीफ करेंगे। लेकिन कार्यक्षेत्र में सतर्क रहना होगा। कोई आपके खिलाफचाल चल सकता है।

कर्कः आज आपकी इनकम में बढ़ोतरी के संकेत हैं। दिनभर भागदौड़ रहेगी, लेकिन कुछ खास लोगों से मुलाकात फायदेमंद साबित होगी।

सिंहः आज सहयोग और समझदारी का दिन है। सामाजिक और राजनीतिक कार्यक्रमों में आपकी भागीदारी बढ़ेगी। पड़ोस में चल रहा विवाद बढ़ सकता है।

कन्याः आज आपको चौकन्ना रहना होगा। विरोधी सक्रिय हो सकते हैं, लेकिन सहकर्मियों का साथ आपको मजबूत बनाएगा। यात्रा करनी पड़े तो पूरी सावधानी रखें। किसी परेशानी का हल पिताजी की सलाह से मिल सकता है।

तुलाः आज नौकरी की तलाश कर रहे लोगों के लिए खुशखबरी है। आपकी निर्णय लेने की क्षमता आपको आगे बढ़ाएगी। जिम्मेदारियों को समय पर पूरा करेंगे और किसी मनोरंजन कार्यक्रम का आनंद भी लेंगे।

वृश्चिकः आज राहत का दिन है। पुरानी समस्याएं खत्म होने लगेंगी। भाई-बहनों से रिश्ते सुधरेंगे। संतान को नौकरी के लिए बाहर से बुलावा आ सकता है। नए घर का सपना भी आकार ले सकता है।

धनुः आज का दिन आपके लिए फायदे का है, बस आलस्य से बचें। काम टालेंगे तो आगे चलकर परेशानी बढ़ेगी। बिजनेस के लिए लोन लेने का विचार बन सकता है।

मकरः आज अचानक लाभ मिलने के संकेत हैं। पुरानी गलतियों से सीख लेकर आगे बढ़ेंगे तो सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में किसी पर आंख मूंदकर भरोसा न करें।

कुंभः आज सेहत आपका ध्यान मांग रही है। उतार-चढ़ाव के कारण थोड़ा परेशान रह सकते हैं। दोस्तों के साथ मौज-मस्ती का प्लान बनेगा, लेकिन अपनी हेल्थ का ध्यान रखना जरूरी है। वैवाहिक जीवन में तालमेल बनाए रखें। घूमने के दौरान कोई अहम जानकारी मिल सकती है।

मीनः आज का दिन आपके लिए लाभकारी है। व्यापार में मीठी वाणी से ही सफलता मिलेगी। परिवार में किसी से कहासुनी हो सकती है, इसलिए शब्दों का चयन सोच-समझकर करें।

QUIZ TIME

1) न्यायाधीश जाँच अधिनियम में कितनी धाराएँ हैं?

2) भारत में लोकहितवाद को प्रारम्भ करने का श्रेय किसको है?

3) असहयोग आंदोलन शुरू करने के समय भारत का वायसराय कौन था?

4) दुनिया का ऐसा कौन सा पक्षी है जो रात भर रोता रहता है?

5) शोधकर्त्ताओं ने हाल ही में किस टाइगर रिजर्व में एक नई पौधे की प्रजाति की खोज की है?



Ramaquiz

उत्तरमाला-(1) 7 (2) [illegible]

पहेली

महिला आरक्षण बिल ढाई साल से पास, केंद्र ने लागू नहीं किया, इनसे ज्यादा मूर्ख कोई नहीं: भूपेश

■ वेदांता के मालिक अनिल अग्रवाल को नवीन जिंदल के समर्थन पर कहा - चोर-चोर मौसेरे भाई

भिलाई/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केंद्र सरकार के महिला आरक्षण बिल को लेकर तीखा हमला होला। भिलाई के सेक्टर-6 में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि इनसे ज्यादा मूर्ख कोई नहीं हो सकता। 2023 में महिला आरक्षण बिल लोकसभा में सर्वसम्मति से पास हो चुका है। जब बिल पहले ही पारित हो गया था, तो ढाई साल तक उसे लागू क्यों नहीं किया गया। हाल ही में नोटिफिकेशन जारी करने का क्या मतलब है, जब तक उसे जमीन पर लागू नहीं किया जाता। सच ये है कि केंद्र सरकार की नीयत साफ नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार जनगणना और परिसीमन का बहाना बना रही है। अगर सरकार चाहे तो पहले जनगणना और जाति जनगणना करा सकती है। लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा। बिना जनगणना के परिसीमन करने से एससी, एसटी और ओबीसी वर्गों को नुकसान होगा और छोटे राज्यों पर भी असर पड़ेगा। भूपेश ने कहा कि वसुंधरा राजे सिंधिया ने मोहन भागवत को चिट्ठी लिखी है, उसे पढ़ना चाहिये। कांग्रेस 543 में ही 33 फीसदी आरक्षण देना चाहती है, जिसमें बिल पारित किया गया। लेकिन भाजपा कह रही है कि इसमें जनगणना होना चाहिए। उसके बाद परिसीमन होना चाहिए। आप एसआईआर करा सकते हैं तो जनगणना क्यों नहीं करा सकते? जाति जनगणना क्यों नहीं करा सकते?

भूपेश बघेल ने आगे कहा कि बीजेपी ने इस बिल को अपने स्वार्थ के लिए लाया है। देश की महिलाएं मूर्ख नहीं हैं। भारत की महिलाएं शुरू से समझदार रही हैं। महिलाएं अच्छी तरह जानती हैं कि किसकी नीयत क्या है। जब महिला आरक्षण बिल पहले से लागू है तो दूसरा बिल लाने की क्या जरूरत है। जब आचार संहिता लगी है तो प्रधानमंत्री राष्ट्र के नाम संदेश देकर भारत के दलों को कोसने का काम कैसे कर रहे हैं।

चुनाव के बाद बढ़ेंगे पेट्रोल-डीजल के दाम

पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि पेट्रोल-डीजल की कीमतें चुनाव के कारण फिलहाल थमी हुई हैं, लेकिन चुनाव खत्म होते ही इनके दाम तेजी से बढ़ सकते हैं। इसका सीधा असर आम लोगों पर पड़ेगा। चुनाव के कारण कीमतें 29 अप्रैल तक नहीं बढ़ेंगी। चुनाव के बाद तेल की कीमतें तेजी से बढ़ेंगी।

गौठानों में शराब बेची जा रही

बघेल ने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर कहा कि आज छत्तीसगढ़ के गौठानों में शराब बेची जा रही है।

गांजा की तस्करी हो रही है और अफीम की खेती के मामले सामने आ रहे हैं, लेकिन कार्रवाई नहीं हो रही। जिन मामलों में एफआईआर दर्ज हो चुकी है, उनमें प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी को जांच करनी चाहिए, लेकिन एजेंसी सक्रिय नहीं दिख रही। दुर्ग, बलरामपुर और रायगढ़ में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, लेकिन उन पर ठोस कार्रवाई नहीं हो रही। अगर कार्रवाई नहीं हुई तो वे इस मुद्दे पर ज्ञापन सौंपेंगे।

वेदांता हादसे पर बरसे

सक्ती पॉवर प्लांट हादसे को लेकर भूपेश ने सरकार को घेरते हुए कहा कि हादसे के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ क्या कार्रवाई हो रही है। आज अनिल अग्रवाल के पक्ष में नवीन जिंदल खड़ा हो गया है। चोर-चोर मौसेरे भाई। वेदांता के साथ सरकार तो खड़ी हुई है, जिंदल भी खड़ा हो गया। मतलब छत्तीसगढ़ के लोगों की जान की कीमत कुछ भी नहीं? उनको केवल मुआवजा दे देने से काम नहीं चलेगा। क्या उनको न्याय नहीं मिलना चाहिए? दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होना चाहिए ?

न्यूज गैलरी

देश की महिलाएं कांग्रेस के कृत्यों को माफ नहीं करेगी: विजय बघेल

भिलाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्र के नाम संबोधन को भाजपा जिला कार्यालय प्रियदर्शिनी परिसर सुपेला में भाजपा जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से सुना। इस अवसर पर दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल ने कहा कि विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने राष्ट्रहित के महत्वपूर्ण प्रस्तावों का विरोध कर देश की महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के खिलाफ कार्य किया है। उन्होंने कहा कि देश की बेटियां ऐसे कृत्यों को कभी माफ नहीं करेंगी। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस की शुरुआत से ही फूट डालो और राज करो की नीति रही है। महिला आरक्षण को समय की मांग है। यह संशोधन किसी का हक छीनने के लिए नहीं, बल्कि महिलाओं को उनका अधिकार देने के उद्देश्य से लाया गया है। कार्यक्रम में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला भिलाई के महामंत्री अब्दुल नासिर सहित अनेक कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण के लिए 150 अप्रेंटिस का इंडक्शन

भिलाई। बीएसपी में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 150 नए अप्रेंटिस का इंडक्शन किया गया। यह पहल 'स्किल इंडिया' मिशन को गति प्रदान करने की दिशा में संयंत्र का एक महत्वपूर्ण कदम है। अप्रेंटिस को कोपा इलेक्ट्रिशियन, फिटर, वेल्डर और रेफ्रिजरेशन व एयर कंडीशनिंग (आरएसी) जैसे विभिन्न ट्रेड्स में संरचित ऑन-द-जॉब प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम अनुभवी मार्गदर्शकों और विशेषज्ञों के निर्देशन में संचालित होगा, जिससे प्रतिभागियों को व्यावहारिक औद्योगिक अनुभव प्राप्त होगा और शैक्षणिक ज्ञान व वास्तविक कार्यस्थल की आवश्यकताओं के बीच की दूरी को प्रभावी रूप से कम किया जा सकेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में व्यवहारिक अनुभव के साथ-साथ संरचित शिक्षण मॉड्यूल का समावेश किया गया है। अप्रेंटिस तकनीकी दक्षता के साथ-साथ औद्योगिक प्रक्रियाओं की समग्र समझ विकसित कर सकेंगे। इंडक्शन कार्यक्रम का संचालन महाप्रबंधक प्रभारी (मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास) संजीव कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में किया गया।

ननि व त्रिस्तरीय पंचायतों के उपचुनाव की वोटर लिस्ट का प्रारंभिक प्रकाशन

दुर्ग। जिले में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन हेतु मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों के लिए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालयों का निर्धारण किया गया है। मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद नागरिक अपनी आपत्तियां या नाम जुड़वाने के लिये 20 अप्रैल को अपरान्ह 3 बजे तक आवेदन जमा कर सकते हैं। नगर निगम भिलाई के अंतर्गत वार्ड 1 जुनवानी के लिए तहसील कार्यालय भिलाई को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय बनाया गया है। नगर निगम रिसाली के वार्ड 2 रुआबांधा उत्तर और वार्ड 39 एनएसपीसीएल पुरैना के लिए नगर निगम कार्यालय रिसाली को अधिकृत किया गया है। जपं दुर्ग के वार्डों तिरगा, भोथली, बोरई, कोटनी, उमरपोटी के लिए जपं कार्यालय दुर्ग, जपं धमधा के वार्डों के लिए जपं कार्यालय धमधा को केंद्र बनाया गया है। जपं पाटन हेतु जपं कार्यालय पाटन को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय निर्धारित किया है।

निधन: रणधीर सिंह राजपूत

दुर्ग। कसारीडीह निवासी और मां सतरूपा शीतला मंदिर समिति के पूर्व उपाध्यक्ष रणधीर सिंह राजपूत का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया गया। वे फतेह सिंह राजपूत के भाई और विजय सिंह राजपूत के पिताजी थे। स्व. राजपूत के निधन पर मां सतरूपा शीतला मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने शोक व्यक्त किया है।

रील बनाकर आंबेडकर का अपमान, गिरफ्तारी की मांग को लेकर थाने में प्रदर्शन

भिलाई/नवप्रदेश। सोशल मीडिया पर बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी का मामला सामने आने के बाद रविवार को बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने प्रदर्शन किया।

भिलाई नगर थाने पहुंचकर प्रदर्शनकारियों ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए जमकर नारेबाजी की। बड़ी संख्या में महिलाएं थाने के अंदर पहुंच गई और सख्त कार्रवाई की मांग करती रही।

आरोप है कि वैशाली नगर निवासी अनामिका उपाध्याय ने सोशल मीडिया अकाउंट पर बाबा साहब के खिलाफ आपत्तिजनक और अभद्र टिप्पणी की थी। युवती लगातार सोशल मीडिया पर एक समाज को टार्गेट कर वीडियो बना रही है। उसने भारत रत्न डॉ. भीम राव आंबेडकर के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया। इससे पूरे देश का अपमान हुआ है। कार्रवाई की मांग को लेकर महिलाएं थाने के अंदर घुस गई और नारेबाजी करने लगीं।

लिखित शिकायत के बाद दर्ज हुई एफआईआर

मूल निवासी संघ के जिला अध्यक्ष जय साहू ने इस मामले में थाना भिलाई नगर में लिखित शिकायत की है। उन्होंने बताया कि 18 अप्रैल की रात करीब 8:22 बजे उन्होंने इंस्टाग्राम पर यह आपत्तिजनक पोस्ट देखी। इस तरह की टिप्पणी से न सिर्फ उनकी, बल्कि पूरे समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। संबंधित अकाउंट पर डाले गए वीडियो और पोस्ट से जातिवादी सोच झलकती है, जो समाज में गलत संदेश देता है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को स्क्रीनशॉट, प्रोफाइल लिंक और वीडियो जैसे सबूत भी दिए हैं।

प्रदर्शन में कई संगठन शामिल

इस मामले को लेकर मूल निवासी संघ, भीम आर्मी सहित अन्य संगठनों के लोग भी प्रदर्शन में शामिल हुए। थाने का घेराव करते हुए आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई। प्रदर्शन के दौरान संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि बाबा साहब ने महिलाओं को अधिकार दिलाने और समाज को बराबरी का हक देने के लिए काम किया। ऐसे महान व्यक्ति के खिलाफइस तरह की टिप्पणी करना गलत है। इसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। युवती के सोशल मीडिया एकाउंट से वीडियो वायरल होने के बाद राजनांदगांव जिले में भी समाज की ओर से थाना में आवेदन देकर युवती के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। समाज के पदाधिकारियों ने युवती की गिरफ्तारी की मांग की है।

पुलिस ने किया युवती को गिरफ्तार

भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफमामला दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर की गई टिप्पणी के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 299 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस ने आरोपी युवती को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपी द्वारा अभद्र भाषा और गाली-गलौज का भी इस्तेमाल किया गया है, जिसे गंभीरता से लिया गया है। मामले की जांच जारी है और तथ्यों के आधार पर आगे सख्त कार्रवाई की जाएगी।

खारून ब्रिज पर हादसा, युवक की मौत

भिलाई/नवप्रदेश। खारून नदी ब्रिज पर मेंटेनेंस के दो दिन बाद ही शनिवार को दोपहर में बड़ा सड़क हादसा हो गया। खारून नदी ब्रिज के ऊपर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसा इतना भयानक था कि बाइक सवार ट्रक के पहिए के नीचे आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसा दुर्ग से रायपुर मार्ग पर हुआ। एक काले रंग की पल्सर बाइक को पीछे से आ रहे एक हाईवा ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ड्राइवर तेज रफ्तार में लापरवाही से ट्रक चला रहा था। टक्कर लगते ही बाइक सवार सड़क पर गिर गया और ट्रक के पहिये के नीचे आ गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

भिलाई इस्पात संयंत्र में सुरक्षा ही सर्वोपरि

भिलाई/नवप्रदेश। बीएसपी इस्पात गलन शाला 3 (एसएमएस 3) में व्यावहारिक सुरक्षा संस्कृति को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सुरक्षा ही सर्वोपरि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक (एसएमएस 3) त्रिभुवन बैठा रहे। त्रिभुवन बैठा ने कहा कि एसएमएस 3 ने सुरक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सेल स्तर पर भी श्रेष्ठ सुरक्षा पुरस्कार प्राप्त कर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से अपने कार्य निष्पादन में उत्कृष्टता बनाए रखते हुए सुरक्षा के प्रति सतत सजग एवं प्रतिबद्ध रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान बीआई एसपीओसी डी. विजित ने सुरक्षा पुरस्कारों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा इस प्रकार के आयोजनों का उद्देश्य कर्मचारियों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता, जिम्मेदारी एवं सहभागिता की भावना को सुदृढ़ करना है। उन्होंने फेटल पोटेंशियल ऑब्जर्वेशन की अवधारणा को विस्तार से समझाते हुए तिमाही सेफ्टी एक्सीलेंस एंगेजमेंट राउंड के अंतर्गत सर्वाधिक प्रभावी एवं उपयोगी ऑब्जर्वेशन दर्ज करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया।

कुम्हारी नगर पालिका के कामकाज से जनता त्रस्त : कांग्रेस

कुम्हारी/नवप्रदेश। वर्तमान नगरपालिका की कार्यप्रणाली और अव्यवस्था को लेकर ब्लॉक कॉग्रेस कमेटी कुम्हारी ने विरोध में मोर्चा खोल दिया है। प्रेस वार्ता के दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनहरण यादव ने कहा कि जनता ने इस विश्वास के साथ वोट दिया था कि केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार है, नगर पालिका में 'तीसरा इंजन' आने से विकास की गति और तेज होगी। जनता ने भरोसे के साथ 'ट्रिपल इंजन' की सरकार चुनी, लेकिन पिछले डेढ़ साल के कार्यकाल में विकास के बजाय केवल 'विनाश' देखने को मिल रहा है। कुम्हारी नगर पालिका

की वर्तमान सत्ता हर मोर्चे पर विफल है। रोड, नाली, साफ-सफाई और बिजली की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। नपा अध्यक्ष और मुख्य नगर पालिका अधिकारी गोल-मोल जवाब देते हैं कि उन्हें जानकारी नहीं है। नगर के विकास की जिम्मेदारी अध्यक्ष और सीएमओ की होती है, लेकिन यहाँ जवाबदेही का पूरी तरह अभाव है। सत्ता पक्ष अपनी हर विफलता का ठीकरा पिछले कार्यकाल पर फोड़ देता है। नगर की जनता पानी और तमाम मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही है, और प्रशासन केवल बहानेबाजी में लगा हुआ है। प्रदेश में स्कूल और भर्ती प्रक्रियाएँ पूरी तरह से बंद कर दी गई हैं। स्कूलों को बंद कराया जा रहा है और संविदा भर्तियों में अनियमितताएं हो रही हैं। जो युवा पढ़-लिखकर बेरोजगार घूम रहे हैं, उनके साथ अन्याय हो रहा है। पंचायत स्तर से लेकर उच्च स्तर तक शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद करने की स्थिति पैदा हो गई है। आत्मानंद स्कूलों की स्थिति भी खराब है, जहाँ कभी मुफ्त शिक्षा की बात होती थी, अब वहां शुल्क लिया जा रहा है। सरकार केवल प्रचार-प्रसार की सरकार बनकर रह गई है। जगह-जगह बड़े-बड़े होर्डिंग और फोटो लगाकर झूठा प्रचार किया जा रहा है। धरातल पर कुछ भी नजर नहीं आ रहा है। नगर के प्रमुख तालाब संजय नगर तालाब, परसदा तालाब और ओडेना तालाब की स्थिति बहुत खराब है।

प्रधानमंत्री आवास निर्माण में आ रही बाधाओं को दूर करेगी निगम की टीम

■ आयुक्त ने किया हितग्राहियों से संवाद, समस्याओं का करेंगे समाधान

दुर्ग/नवप्रदेश। पीएम आवास योजना के अंतर्गत वीएलसी घटक के तहत मकान निर्माण करने आवेदन के बाद कार्य प्रारंभ न करने वाले हितग्राहियों के लिये नगर निगम, दुर्ग द्वारा विशेष पहल की गई।

कलेक्टर के निर्देश पर आयुक्त सुमित अग्रवाल ने रविवार को डाटा सेंटर में बैठक लेकर हितग्राहियों से सीधे संवाद किया। हितग्राहियों से आयुक्त ने व्यक्तिगत रूप से चर्चा कर उनकी समस्याओं को समझा। कई हितग्राहियों ने आर्थिक अभाव के कारण निर्माण शुरू न करने की जानकारी दी। कई हितग्राहियों ने ठेकेदार द्वारा समय पर कार्य न करने की शिकायत रखी। कुछ हितग्राहियों ने शुभ मुहूर्त के बाद ही निर्माण शुरू करने की बात कही।

आयुक्त ने सभी को शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ करने हेतु प्रेरित करते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। बैठक में कुल 88 हितग्राहियों में से 36 उपस्थित हुए। समझाईश के बाद लगभग 20 हितग्राहियों ने अपने आवासों का निर्माण कार्य जल्द शुरू करने पर सहमति जताई। आयुक्त ने आश्वस्त किया कि पात्र हितग्राहियों की समस्याओं का समाधान कर उन्हें उनके सपनों का घर दिलाने की दिशा में निरंतर प्रयास किया जाएगा।

पीएम इंटर्नशिप योजना: बीएसपी में आवेदन आमंत्रित

भिलाई/नवप्रदेश। बीएसपी द्वारा प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) के चरण 3 के अंतर्गत युवाओं को औद्योगिक अनुभव प्रदान करने 160 इंटर्नशिप अवसरों की घोषणा की गई है। युवा प्रतिभाओं को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान कर उनकी कौशल क्षमता और रोजगार योग्यता को सुदृढ़ करने यह पहल की गई है। योजना के अंतर्गत चयनित अभ्यर्थियों को देश के अग्रणी इस्पात उत्पादन संयंत्रों में से एक भिलाई इस्पात संयंत्र में वास्तविक औद्योगिक वातावरण में कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा।

दुर्ग निगम आयुक्त ने जारी की 5 करोड़ की उपादान, जीपीएफ, एनपीएस और अवकाश नकदीकरण की राशि

■ निगम कर्मचारियों के खाते में 2.26 करोड़ अंतरित, सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी मिला लाभ

■ कर्मचारी संघ ने जताया आभार

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारियों के हित में महत्वपूर्ण पहल करते हुए लंबित जीपीएफ और एनपीएस की राशि का भुगतान कर दिया गया है। निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर मई 2025 से फरवरी 2026 तक 10 माह की राशि लगभग 2 करोड़ 26 लाख रु संबंधित अधिकारी व कर्मचारियों के खातों में अंतरित की गई। इसके अलावा लगभग 1.5 करोड़ रुपये की ग्रेच्युटी राशि सेवानिवृत्त कर्मचारियों के खातों में जमा की गई है। तृतीय और चतुर्थ वर्ग के कर्मचारियों के खाते में अवकाश नगदीकरण की राशि 66.50 लाख रुपए भी जमा कर दी गई है।

सेवानिवृत्त कर्मचारियों सहित प्रथम व द्वितीय वर्ग के अधिकारियों के अवकाश नगदीकरण की राशि सोमवार को उनके खातों में जमा कर दी जाएगी। इस पहल से निगम के अधिकारी-कर्मचारियों में संतोष और खुशी का माहौल है। स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष संजय मिश्रा, महामंत्री अनिल सिंह, शशिकांत यादव, ईश्वर वर्मा, योगेंद्र वर्मा सहित समस्त अधिकारी, कर्मचारियों ने आयुक्त सुमित अग्रवाल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस निर्णय से कर्मचारियों को बड़ी राहत मिली है।

नयनदीप विद्या मंदिर के नतीजे घोषित, प्रवेश 20 जून से

भिलाई/नवप्रदेश। रोटरी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित नयनदीप विद्या मंदिर पहली, दूसरी, तीसरी, चौथी, छठवीं, सातवीं कक्षा में पढ़ने वाले बच्चों को वार्षिक प्रगति पत्रक का वितरण किया गया। संस्था के चेयरमेन एमसी जैन, संस्था के अध्यक्ष सीएस बाजवा, सचिव ज्ञानचंद जैन, कोषाध्यक्ष सुमन कन्नोजे, ट्रस्टी पीएस बिंद्रा, पीसी लालवानी ने प्रगति पत्र का वितरण करते हुए सभी छात्र छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

पालकों ने साल भर में बच्चों को मिली शिक्षा के लिये स्कूल प्रबंधन, प्राचार्य और शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। संस्था के चेयरमेन एमसी जैन और अध्यक्ष सीएस बाजवा ने शाला की गतिविधियों पर अपने विचार रखे। सचिव ज्ञानचंद जैन ने पालकों से विद्यालय में छात्र-छात्राओं की गतिविधियों पर रूबरू रहने का निवेदन किया। पीपी लालवानी और पी एस बिंद्रा ने भी विचार व्यक्त किया। संस्था की कोषाध्यक्ष सुमन कन्नोजे ने संचालन किया।

संस्था की प्राचार्य श्वेता महोबिया और शिक्षक द्वय मनीषा ओझा और अजय दुबे ने सभी बच्चों को बधाईयां दी। सभी स्टाफ सदस्यों और रोटरी ट्रस्ट के सदस्यों ने एक साथ स्वादिष्ट व्यंजन का आनंद लिया। दृष्टिबाधित छात्रों के निःशुल्क विद्यालय में आगामी वर्ष के लिए प्रवेश 20 जून से आरंभ होने की जानकारी देते हुए संस्था के सचिव ज्ञानचंद जैन ने बताया कि दृष्टिबाधित बच्चों को स्कूल में प्रवेश दिलाने के लिये प्रेरित करें।

आयोजन: एक बेटे या बेटी के प्रति माता-पिता की अपेक्षाएं बढ़ने से बच्चे मानसिक तनाव में: अरोरा

ज्येष्ठ नागरिक संघ ने मनाया 34वां स्थापना दिवस समारोह

दुर्ग/नवप्रदेश। ज्येष्ठ नागरिक संघ ने 34 वां स्थापना दिवस समारोह मनाया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ अरूण अरोरा कुलपति स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई का पुष्प गुच्छ भेंट कर जेष्ठ नागरिक संघ के अध्यक्ष सीएस पांडे ने स्वागत किया। मंचस्थ अतिथियों यमला साहू, विश्वास राव शुभांकर, पत्रकार राजेन्द्र ठाकुर, संघ के विशिष्ट संरक्षक राधेश्याम अग्रवाल, संरक्षकगण सीएस वाजवा, दयालुराम साहू और संघ के अध्यक्ष सीएस पाण्डेय का पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन बलदाऊ राम साहू ने किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ रजनी श्रीवास्तव द्वारा सरस्वती वन्दना के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ अरुण अरोरा ने कहा कि वे विगत 40 वर्षों से शिक्षा जगत से जुड़े हैं। युवाओं के विचारों, पहनावा, पारिवारिक संस्कार, माता पिता के प्रति व्यवहार में काफी बदलाव हुआ है। आज संयुक्त परिवार की अवधारणा समाप्त हो गई है। हम दो हमारा एक का परिवार है। ऐसी स्थिति में एक बेटे या बेटी के प्रति माता-पिता की अपेक्षाएं बढ़ गई है, जिससे बच्चे भारी मानसिक तनाव में जीते हैं। पूर्व में बड़े परिवार या संयुक्त परिवार में बच्चों में कोई तनाव नहीं रहता था। उस समय आत्महत्या की घटनाएं नहीं होती थी। शिक्षा नीति में बदलाव की आवश्यकता पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि पुराने संस्कारों और रीति-रिवाज के विषय में बच्चों को अवगत कराया जाना चाहिये। ज्येष्ठ नागरिक संघ के अध्यक्ष पाण्डेय ने संस्था द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि ने संस्था द्वारा प्रकाशित आशीर्वाद पत्रिका का भी विमोचन किया। ज्येष्ठ नागरिक संघ द्वारा स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर 90 वर्ष पूर्ण कर चुके वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान किया। कार्यक्रम में संघ के कोषाध्यक्ष ईश्वरी प्रसाद टिकरिहा ने संघ के आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। संघ ने कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र ठाकुर और अजय जाधव का सम्मान किया। आभार प्रदर्शन संघ के सचिव सुधीर भालचंद्र पाटणकर ने किया। जेष्ठ नागरिक संघ के स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि कुलपति अरूण अरोरा उस समय अभिभूत हो गए, जब वरिष्ठ नागरिकों के बीच प्रायमरी स्कूल में शिक्षिका किरण रावत को बैठे देखा। कुलपति ने तत्काल किरण रावत को मंच में बुलाकर गले लगाया।

इंडी गठबंधन ने करोड़ों माताओं व बहनों के सपनों की हत्या की: देवांगन

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। नारी शक्ति वंदन अधिनियम यानि महिला आरक्षण बिल के संसद में पास नहीं होने पर युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन ने कांग्रेस और विपक्षी पार्टियों को कोसते हुए कहा कि महिला आरक्षण बिल लोस दिल्ली विस और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33त्र या एक-तिहाई सीटें आरक्षित करने वाला एक ऐतिहासिक कानून है। यह कानून राजनीतिक निकायों में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए लाया गया है। लेकिन मातृशक्तियों को राजनीतिक संबल प्रदान करने वाले इस महिला आरक्षण बिल को संसद में ÷गिराकर÷ कांग्रेस और विपक्षी पार्टियों ने मातृशक्तियों के प्रति अपनी गिरी सोच÷ का प्रदर्शन किया है। कांग्रेस और विपक्षी पार्टियों में इस बात को लेकर खुशी है कि उन्होंने इस बिल को गिराकर पीएम नरेंद्र मोदी जी और गृह मंत्री अमित शाह को हरा दिया है जबकि हकीकत में उन्होंने अपने इस अहं में देश की मातृशक्तियों को हरा दिया है। आज भारत का हर नागरिक देख रहा है कि कैसे इंडी गठबंधन ने नारी

शक्ति की उड़ान को रोक दिया। देवांगन ने कहा कि लोकसभा में महिला आरक्षण बिल का गिरना सिर्फ एक राजनीतिक घटना नही हैं, यह उन करोड़ो महिलाओं के अधिकारों पर चोट हैं, जो सालों से बराबरी की लड़ाई लड़ रही हैं। ये करोड़ों माताओं व बहनो की सपनों की हत्या हैं। बिल को गिराने के बाद मातृशक्तियों के आक्रोश से बचने कांग्रेस और विपक्षी कह रहे हैं कि वर्तमान बिल का समर्थन नहीं करेंगे, लेकिन सरकार 2023 वाला बिल लाए तो वे सभी उसका समर्थन करेंगे। जबकि महिलाओं को आरक्षण का अधिक लाभ वर्तमान बिल से होगा, जैसे 2023 के बिल में महिलाओं को लोकसभा की 543 सीटों में से 33 प्रतिशत आरक्षण मिलने से 165 आरक्षित सीटें मिलेंगी जबकि वर्तमान बिल में परिसीमन में बढ़ी कुल 816 सीटों में से लगभग 250 आरक्षित सीटें मिलेंगी। कांग्रेस और विपक्षी पार्टियां, मातृशक्तियों की इसी बहुतायत यानि ताकत बढ़ने से भयभीत हैं क्योंकि इन पार्टियों ने कभी भी मातृशक्ति को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य नहीं है। इसलिए भयभीत होकर उन्होंने इस बिल को गिरा दिया ।

देवांगन ने कहा कि पिछले 30 सालों से मातृशक्तियों को 33 प्रतिशत राजनीतिक आरक्षण का यह बिल हर बार कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टियों ने केवल अपने राजनीतिक फायदे के लिए, कोई न कोई बहाना बनाते हुए पास नहीं होने दिया। 2004 से 2014 तक खुद सत्तासीन रहने के दौरान भी कांग्रेस और उसके सहयोगी दल इस मुद्दे पर नारियल फोड़ने तक सीमित रहे। असल में इस मुद्दे पर कांग्रेस ने फीता काटने की नौबत न तो कभी खुद लाई और न किसी अन्य को लाने दी। कांग्रेस का यह असली चरित्र मातृशक्तियों ने इतने लंबे समय से देखा और यही वजह है कि कांग्रेस लगातार देश में सिमटते गई और आज अपने अस्तित्व बचाने की नाकाम कोशिश कर रही है। देवांगन ने कहा कि हैरानगी की बात तो यह है कि कांग्रेस के इस पतन के रास्ते पर उसके सहयोगी दल भी अंधानुकरण करते हुए चल रहे हैं और अपने ही अस्तित्व को समाप्त करने पर तुले हुए हैं। अंत में देवांगन ने कहा कि मोदी और शाह ने मातृशक्तियों को राजनीतिक संबल प्रदान करने के दृष्टिकोण से ऐतिहासिक महिला आरक्षण बिल को पास कराने के लिए कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टियों के हर संदेहों का निराकरण किया।

गायत्री परिवार का ग्राम कठौली में दो दिवसीय 'कन्या कौशल शिविर' संपन्न

बालिकाओं को सिखाए आत्मनिर्भरता के गुर

नगरी/नवप्रदेश। गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में ग्राम कठौली स्थित जोगी बाबा कुटीर सामाजिक भवन में आयोजित दो दिवसीय 'कन्या कौशल शिविर' का भव्य समापन हुआ। इस शिविर के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र की किशोरियों और युवतियों को आत्मनिर्भर, संस्कारी और सशक्त बनाने का प्रयास किया गया। शिविर में प्रशिक्षकों द्वारा बालिकाओं को आत्मरक्षा योग और व्यक्तित्व विकास का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का संचालन मुख्य रूप से गायत्री परिवार की महिला ट्रस्टी श्रीमती रुखमणी बंछोर एवं सहयोगियों द्वारा किया गया। उन्होंने बालिकाओं को व्यावहारिक और नैतिक जीवन मूल्यों की शिक्षा देते हुए नारी सशक्तिकरण पर बल दिया।

इन विषयों पर हुआ विशेष मार्गदर्शन:

शिविर के दौरान विशेषज्ञों ने आज के डिजिटल युग में मोबाइल के सकारात्मक उपयोग, फैशन जागरूकता और व्यसन मुक्ति जैसे ज्वलंत विषयों पर छात्राओं का मार्गदर्शन किया। साथ ही करियर चयन को लेकर भी महत्वपूर्ण टिप्स दिए गए। प्रशिक्षकों ने बताया कि गायत्री परिवार का यह अभियान बालिकाओं में आत्मविश्वास जगाने और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में एक बड़ी पहल है।इस आयोजन में कठौली सहित आसपास के गांवों की बड़ी संख्या में छात्राएं और गायत्री परिवार के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। शिविर के माध्यम से बालिकाओं ने भारतीय संस्कृति और संस्कारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।कार्यक्रम के अंतिम चरण में विश्व शांति की कामना के साथ 'शांति पाठ' किया गया। शिविर का विधिपूर्वक समापन हुआ। ग्रामीणों ने गायत्री परिवार के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

एसडीओपी विपिन रंगारी ने दिलाई शपथ, दुर्घटना पीड़ितों की मदद के लिए आगे आने की अपील

सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान में 150 हेलमेट का वितरण

नगरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के बैनर तले नगरी में सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति एवं साइबर क्राइम रोकथाम को लेकर व्यापक जन-जागरूकता अभियान एवं हेलमेट वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन 18 अप्रैल, शनिवार को दोपहर 3 बजे आत्मानंद स्कूल परिसर में किया गया। कार्यक्रम प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत धमतरी के अध्यक्ष अरुण सार्वा , वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत नगरी के अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा एवं नगर उपाध्यक्ष विकास बोहरा विशिष्ट अतिथियों में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (एसडीओपी) विपिन रंगारी, जिला मुख्य सलाहकार एवं वरिष्ठ पत्रकार जीवन नाहटा, वरिष्ठ पत्रकार सलाहकार किशन मगेन्द्र, ब्लॉक सरपंच संघ अध्यक्ष उमेश देव, कमल डागा, जिला पत्रकारगण एवं नगर के पार्षदगण शामिल रहे।

गणमान्य लोग रहे उपस्थित

अतिविशिष्ट अतिथियों में जिला प्रभारी ललित साहू, संभागीय सचिव रायपुर गोपी कश्यप, जिला अध्यक्ष रूपेश साहू एवं शैलेन्द्र लाहौरिया,वरिष्ठ पत्रकार उत्तम साहू, जिला संरक्षक टोमनलाल सिन्हा, जिला महासचिव घनश्याम साहू, जिला कार्यकारिणी सदस्य विजयलक्ष्मी कश्यप, ब्लॉक सलाहकार उत्तम साहू एवं जयलाल प्रजापति धमतरी शहर अध्यक्ष चुनेश साहू, जिला सहसचिव दुर्गेश साहू कुरूद ब्लाक अध्यक्ष श्रवण साहू मगर लोड ब्लॉक अध्यक्ष धनेश्वर बंटी सिन्हा रिजवान मेमन सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में डीगेश साहू, रौनक नाहटा, रजक नाहटा, अनिल वाधवानी, ऑटो संघ, पटेल ऑटो, मंशाराम साहू, राजेश तलेवार, शैलेंद्र यादव, छोटू सूर्यवंशी, गौरव ऑटो सहित अनेक लोगों द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया गया।

मुख्य अतिथि अरुण सार्वा ने अपने उद्बोधन में सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति एवं साइबर अपराधों की रोकथाम पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के समय में सतर्कता और जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सावधानीपूर्वक वाहन चलाना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है

समाज में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं, युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति एवं तेजी से बढ़ते साइबर अपराधों को ध्यान में रखते तथा पत्रकार संघ द्वारा किया गया यह प्रयास सराहनीय है।

अध्यक्षता कर रहे बलजीत छाबड़ा ने कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। छोटी-छोटी लापरवाहियां भी गंभीर दुर्घटनाओं का कारण बन सकती हैं। उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों से हेलमेट का अनिवार्य उपयोग करने एवं यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।

इस अवसर पर एसडीओपी विपिन रंगारी ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों एवं नागरिकों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि हेलमेट केवल एक कानूनी नियम नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा का महत्वपूर्ण साधन है।

उन्होंने नशा मुक्ति पर जोर देते हुए कहा कि नशा युवाओं के भविष्य को बर्बाद कर रहा है और समाज को कमजोर बना रहा है, इसलिए युवाओं को नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल एवं सकारात्मक गतिविधियों की ओर अग्रसर होना चाहिए। साइबर अपराधों के संबंध में उन्होंने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि डिजिटल युग में अनजान कॉल, लिंक या ओटीपी साझा करने से बचें और किसी भी प्रकार की ठगी की स्थिति में तत्काल संबंधित विभाग को सूचना दें।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि सड़क दुर्घटनाएं अक्सर तेज रफ्तार, नशे में वाहन चलाने एवं यातायात नियमों की अनदेखी के कारण होती हैं, जिससे कई परिवारों की खुशियां उजड़ जाती हैं। साथ ही यह भी जानकारी दी गई कि दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद करने वाले लोगों को शासन द्वारा सहयोग राशि प्रदान की जाती है, इसलिए लोगों से अपील की गई कि वे मानवता के नाते आगे बढ़कर सहायता करें।

न्यूज गैलरी

उपाध्यक्ष देवीचंद राठी का कांग्रेस पर तीखा हमला

महासमुंद/नवप्रदेश। नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने

नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर कांग्रेस पर जोरदार हमला बोलते हुए विपक्ष को महिलाओं के अधिकारों के प्रति असंवेदनशील बताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि संसद में इस महत्वपूर्ण विधेयक के पारित न हो पाने के लिए कांग्रेस और उसके सहयोगी दल जिम्मेदार हैं। राठी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत इस अधिनियम को आवश्यक दो-तिहाई बहुमत नहीं मिल सका, जिसके चलते यह पारित नहीं हो पाया। उनके अनुसार, यह स्थिति विपक्ष की नकारात्मक राजनीति और महिला-विरोधी सोच को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि इस बिल के माध्यम से लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया जाना था, जिसे कांग्रेस ने समर्थन नहीं दिया। उन्होंने आगे कहा कि वर्ष 2014 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं। इन योजनाओं के प्रभाव से आज देश की महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

नारी शक्ति अधिनियम का विरोध कांग्रेस की नकारात्मक मानसिकता: शिवसेना

महासमुंद/नवप्रदेश। शिवसेना के जिलाध्यक्ष अजय बंजारे ने लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 को लेकर हुए हालिया घटनाक्रम पर विपक्ष को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और इंडिया गठबंधन द्वारा इस महत्वपूर्ण विधेयक का विरोध करना महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति उनकी संकीर्ण और नकारात्मक मानसिकता को उजागर करता है, जिसकी शिवसेना कड़ी निंदा करती है। श्री बंजारे कहा कि शिवसेना छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रमुख श्री धनंजय सिंह परिहार के आव्हान पर शिवसेना पार्टी द्वारा पूरे प्रदेश में आंदोलन की तैयारी शुरू कर दी है। श्री बंजारे ने कहा कि महिलाओं के सम्मान और अधिकारों से जुड़े ऐसे कानूनों का समर्थन हर दल को करना चाहिए तथा इस मुद्दे पर राजनीति करना उचित नहीं है। जिलाध्यक्ष अजय बंजारे ने कहा कि यह अधिनियम किसी राजनीतिक दल का विषय नहीं, बल्कि देश की करोड़ों महिलाओं के सम्मान और उज्ज्वल भविष्य से जुड़ा है।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल चुनावी जुमला: डॉ. रश्मि चंद्राकर

महासमुंद/नवप्रदेश। कांग्रेस की पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर ने महिला आरक्षण कानून को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि सितंबर 2023 में संसद से पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम कानून तो बन गया, लेकिन अब तक प्रभावी नहीं हो सका है।

डॉ. चंद्राकर ने कहा कि राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद यह कानून लागू हो जाना चाहिए था, लेकिन इसमें जोड़ी गई दो प्रमुख शर्तें–जनगणना और परिसीमन–इसे लंबे समय तक टालने का माध्यम बन गई हैं।

जनगणना और परिसीमन के बहाने देरी: उन्होंने स्पष्ट किया कि महिला आरक्षण तभी लागू होगा जब देश में अगली जनगणना पूरी होगी और उसके आधार पर परिसीमन प्रक्रिया संपन्न होगी। इस प्रक्रिया में वर्षों लग सकते हैं, जिससे यह कानून 2029 या उससे आगे के चुनावों तक टल सकता है।

डॉ. चंद्राकर ने कहा कि महिलाओं को न्याय और समान भागीदारी दिलाने के नाम पर राजनीति करना दुर्भाग्यपूर्ण है।

आदिवासी परिवारों को उजाड़ना मानवता के खिलाफ अपराध, भाजपा सरकार पूरी तरह संवेदनहीन : भावेश

धरसीवां/कूं रा/नवप्रदेश। धरसींवा विधानसभा अंतर्गत ग्राम सेरिखेड़ी में वर्षों से निवासरत आदिवासी परिवारों को बिना किसी पूर्व सूचना, बिना पुनर्वास और बिना वैकल्पिक व्यवस्था के जबरन बेदखल किए जाने की घटना ने पूरे क्षेत्र सहित प्रदेशभर में भारी आक्रोश उत्पन्न कर दिया है। यह मामला केवल प्रशासनिक कार्रवाई नहीं, बल्कि गरीब, मेहनतकश और मूलनिवासी आदिवासी समाज के अधिकारों पर सीधा हमला है।

प्रदेश कांग्रेस कमिटी (ओबीसी विभाग) के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष भावेश बघेल ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि भाजपा सरकार का यह निर्णय न केवल अमानवीय है, बल्कि यह आदिवासी विरोधी सोच और गरीब विरोधी नीति का जीता-जागता उदाहरण है। उन्होंने कहा कि जिन परिवारों ने सालों तक उस भूमि पर रहकर अपना जीवन बसाया, अपने बच्चों का भविष्य बनाया, आज उन्हें एक झटके में सड़क पर ला खड़ा कर दिया गया।

भावेश बघेल ने कहा कि प्रदेश में आदिवासी मुख्यमंत्री होने के बावजूद अगर आदिवासी समाज ही सुरक्षित नहीं है, तो यह सरकार की सबसे बड़ी विफलता है। सरकार के संरक्षण में इस प्रकार की कार्रवाई यह दर्शाती है कि सत्ता में बैठे लोगों को गरीबों की पीड़ा और संघर्ष से कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि घर छीन लेना सिर्फ जमीन का मुद्दा नहीं है, बल्कि यह किसी व्यक्ति के सम्मान, उसकी सुरक्षा और उसके पूरे जीवन से जुड़ा हुआ प्रश्न है। छोटे-छोटे बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को बिना छत के छोड़ देना किसी भी सभ्य समाज में स्वीकार्य नहीं हो सकता।

ब्राम्हण समाज ने मनाया भगवान परशुराम का प्राकट्य उत्सव

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। नवापारा ब्राम्हण समाज द्वारा भगवान विष्णु के छटवें अवतार भगवान परशुराम जी का प्राकट्य उत्सव रायपुर रोड स्थित विप्र भवन में रविवार को बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया गया। जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग एवं मातृशक्तियां शामिल हुई। सुबह 9 बजे पंडित दिनेश तिवारी -संतोष मिश्रा के मंत्रोच्चारण के बीच विधि-विधान के साथ भगवान परशुराम जी का पूजा-अर्चना किया गया। उपस्थित ब्राम्हण समाज के लोगो ने पूजा के

दौरान पूरे क्षेत्रवासियो और जनमानस की सुख समृद्धि व खुशहाली के लिए भगवान परशुराम जी से मंगल कामना किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने कहा कि मोक्ष रथ बड़ी बात नहीं है

मोक्ष बड़ी बात है। कहा कि आपसी वैचारिक मतभेद दूर करे और एक रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा ने कहा कि कहीं भवन बनता है तो नींव के पत्थर ओझल हो जाते है। भवन खड़ा हो जाता है। श्री मिश्रा ने भगवान परशुराम के जीवन दर्शन से समाज, परिवार और प्रकृति को जोड़ने की सीख दी। कहा कि परशुराम केवल एक धार्मिक या पौराणिक पात्र नहीं हैं, बल्कि वे समाज, परिवार और प्रकृति के संतुलन के प्रतीक भी हैं। कहा कि आज के बदलते परिवेश में जब सामाजिक मूल्यों में गिरावट देखी जा रही है, ऐसे समय में भगवान परशुराम के जीवन से प्रेरणा लेना अत्यंत आवश्यक हो जाता है। उन्होंने बताया कि परशुराम का जीवन अनुशासन, न्याय और संतुलन का आदर्श प्रस्तुत करता है। वे अन्याय के खिलाफखड़े होने की शक्ति के प्रतीक हैं।

विधायक उसेंडी ने ग्राम मथनीबेड़ा में 'अस्मिता परियोजना' का शुभारंभ

रायपुर/नवप्रदेश। आदिवासी बहुल कोंडागांव जिले के ग्राम मथनीबेड़ा में शुक्रवार की शाम बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक सुश्री लता उसेंडी द्वारा नीति आयोग मद से महत्वाकांक्षी पहल अस्मिता परियोजना का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता शोरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

विधायक ने कहा कि गांव के हर व्यक्ति की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए यह कार्ययोजना बनाई गई है। ÷अस्मिता परियोजना÷ का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि स्वतंत्र एवं सफल उद्यमी के रूप में स्थापित करना है।

इस पहल के माध्यम से महिलाओं को व्यक्तिगत पोल्ट्री शेड प्रदान कर स्थायी एवं दीर्घकालिक स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

कांग्रेस का महिला विरोधी चरित्र उजागर: चंद्रशेखर

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। महिला आरक्षण बिल लोकसभा में पास नहीं होने पर पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू ने कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टियों पर महिला विरोधी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि महिला आरक्षण बिल को लटकाकर कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टियों का महिला विरोधी चरित्र उजागर हुआ है, हैरानगी की बात यह है कि उन पार्टियों की महिला सांसदों ने भी अपनी अंतर्रात्मा को मार कर बराबर सहयोग दिया।

श्री साहू ने कहा कि संविधान बचाने की बात कहने वाले ये विपक्षी दल संविधान निर्माता डॉ. भीम राव आंबेडकर की उस बात को भूल गए जिसमें उन्होंने कहा था कि ÷राजनीतिक लोकतंत्र तब तक अधूरा है, जब तक कि समाज के हर वर्ग खासकर महिलाओं को समान प्रतिनिधित्व न मिले।÷ इतना ही नहीं कांग्रेस पार्टी अपनी ही दिवंगत नेता इंदिरा गांधी के

वक्तव्य को भी भूल गए, जिसमें उन्होंने कहा था कि सत्ता में महिलाओं की भागीदारी केवल अधिकार नहीं बल्कि लोकतंत्र की मजबूती है। इससे साफपता चलता है कि कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टियां महिलाओं को सत्ता में बराबर की भागीदारी देना ही नहीं चाहती।

श्री साहू ने कहा कि आजादी के बाद लगभग 56 सालों तक देश में राज करने वाली कांग्रेस ने महिलाओं के सशक्तिकरण को गरीबी हटाओ नारे की तरह केवल जुमला बनाकर रखा, उसे धरातल पर क्रियान्वित करने की कभी कोशिश नहीं की, जबकि वह बड़ी आसानी से महिलाओं की सत्ता में बड़ी भागीदारी की योजना को कई दशक पूर्व ही सार्थक कर सकती थी। श्री साहू ने तंज कसते हुए कहा कि सत्ता में भागीदारी तो दूर कांग्रेस ने तो महिलाओं के खुले में शौच करने जैसे अपमानजनक कृत्य तक को दूर करने के लिए कभी उनके घरों में शौचालय बनवाने जैसी योजना तक के बारें में नहीं सोचा, फिर सत्ता में भागीदारी देना तो दिवास्वप्न जैसा है।

वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने देश के प्रत्येक वर्ग के विकास और उत्थान की दिशा में काम करना शुरू किया। इस कड़ी में महिलाओं को खुले में शौच से आजादी दिलाने सरकारी पैसे से उनके घरों में शौचालय बनवाया।

जनसहयोग: नगर पंचायत छुरा के अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंग निषाद ने कहा- सुखा नदी हमारे क्षेत्र की जीवनरेखा

सुखा नदी बचाओ अभियान, गाद की सफाई शुरू, बदलेगी तस्वीर

छुरा/नवप्रदेश। नगर पंचायत छुरा क्षेत्र की जीवनदायिनी मानी जाने वाली सुखा नदी को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से आज सुखा नदी बचाओ अभियान की शुरुआत की गई। अभियान के तहत नदी में जमा गाद (मिट्टी) की व्यापक सफाई कार्य प्रारंभ हुआ, जिसमें जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया।

अभियान का उद्देश्य सुखा नदी की पुरानी धारा को पुनर्स्थापित करना एवं जल प्रवाह को सुचारु बनाना है। सुबह 6 बजे से शुरू हुए इस श्रमदान कार्यक्रम में युवाओं, किसानों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेते हुए ट्रैक्टर एवं अन्य उपकरणों

की मदद से नदी से गाद निकालने का कार्य किया। इस अवसर पर नगर पंचायत छुरा के अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंग निषाद ने कहा कि सुखा नदी हमारे क्षेत्र की जीवनरेखा है और इसे स्वच्छ एवं संरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने आम जनता से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस जनहितकारी अभियान में सहयोग प्रदान करें।

स्थानीय लोगों का मानना है कि इस पहल से नदी का जलस्तर सुधरेगा, जिससे खेती-किसानी को भी लाभ मिलेगा और पर्यावरण संतुलन बना रहेगा। अभियान को सफल बनाने के लिए प्रशासन और नागरिकों का सामूहिक प्रयास जारी है।

इस अवसर परएसडीओ युवराज सिन्हा नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंग निषाद, जिला महामंत्री थानसिंग, पार्षद चित्ररेखा ध्रुव, रजनी गिरवर लहरे, पंचराम टंडन, देवसिंह नेताम, बलराज पटेल,नारायण पटेल, भवानीशंकर सेन, निखिल साहू, कुश साहू, अजय चंद्राकर, संतोष ध्रुव, महेंद्र द्विवेदी, चित्रसेन देवांगन, तुलसी साहू, सुनीता चंद्राकर, हेमलता ध्रुवा, वेदिका वासनिक, भगवंतीन सिन्हा तथा ट्रैक्टर संघ अध्यक्ष मानसिंग निषाद, रुक्मण निषाद, मितेश साहू, संघ के सचिव खूबचंद चंद्राकर, समारु साहू, पुरुषोत्तम सिन्हा, अजय सिन्हा एवं अन्य सभी ट्रैक्टर संचालकों का सहयोग रहा।

मुख्यमंत्री ने 515 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों का किया वर्चुअल शुभारंभ

■ कवर्धा के भालुचुआ में मुख्य अतिथि रहे जसविंदर बग्गा

कवर्धा/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नवा रायपुर स्थित मंत्रालय महानदी भवन से प्रदेश की नवगठित 515 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (पैक्स) का वर्चुअल शुभारंभ किया। जिसके अंतर्गत कवर्धा जिले की 48 समितियों का भी शुभारंभ हुआ। उन्होंने इसे प्रदेश के किसानों के लिए बड़ी सौगात बताते हुए कहा कि सहकार से समृद्धि के संकल्प को साकार करने की दिशा में यह कदम ऐतिहासिक है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि

इन नई समितियों के शुरू होने से अब पूरे प्रदेश में सहकारी समितियों की संख्या बढ़कर 2 हजार 573 हो गई है। उन्होंने प्रदेश के अन्नदाता किसानों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकार खेती-किसानी में आधुनिक तकनीक और सहकारिता के माध्यम से नवाचार को बढ़ावा दे रही है, ताकि गांव और किसान समृद्ध बन सकें।

भालुचुआ गांव में शुभारंभ किया भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता जसविंदर बग्गा ने

शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता जसविंदर बग्गा ने बताया कि अब पैक्स समितियां बहुउद्देश्यीय सोसायटी के रूप में कार्य करेंगी, जिससे किसानों को खाद, बीज और अल्पकालीन ऋण जैसी सुविधाएं उनके गांव में ही उपलब्ध होंगी.साथ ही धान बेचने की प्रक्रिया भी आसान होगी और किसान अपनी नजदीकी समिति में ही धान बेच सकेंगे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में पहले से कार्यरत 2058 समितियों को बेहतर सेवाएं देने के लिए कंप्यूटरीकृत किया गया है और इनमें माइक्रो एटीएम भी लगाए गए है, जिनसे किसान 20 हजार रुपए तक की राशि निकाल सकते हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि अब ग्राम भालुचुआ, तिलाई भाट और चंदनपुर के सैकड़ों किसानों को धान बेचने के लिए हरिनछपरा जाने की दिक्कत समाप्त होगी।

न्यूज गैलरी

नारी शक्ति अधिनियम का विरोध कांग्रेस की नकारात्मक मानसिकता : शिवसेना

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शिवसेना के प्रदेश सचिव कमल सोनी ने लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 को लेकर हुए हालिया घटनाक्रम पर विपक्ष को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और इंडिया गठबंधन द्वारा इस महत्वपूर्ण विधेयक का विरोध करना महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति उनकी संकीर्ण और नकारात्मक मानसिकता को उजागर करता है, जिसकी शिवसेना कड़ी निंदा करती है। श्री सोनी कहा कि शिव सेना छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रमुख श्री धनंजय सिंह परिहार के आव्हान पर शिवसेना पार्टी द्वारा पूरे प्रदेश में आंदोलन की तैयारी शुरू कर दी है। श्री सोनी ने कहा कि महिलाओं के सम्मान और अधिकारों से जुड़े ऐसे कानूनों का समर्थन हर दल को करना चाहिए तथा इस मुद्दे पर राजनीति करना उचित नहीं है। प्रदेश सचिव सोनी ने कहा कि यह अधिनियम किसी राजनीतिक दल का विषय नहीं, बल्कि देश की करोड़ों महिलाओं के सम्मान और उज्ज्वल भविष्य से जुड़ा है, जिस पर राजनीति करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आगे कहा कि भारत सरकार ने महिलाओं को सामाजिक और राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए हैं, जबकि कांग्रेस ने दशकों तक महिलाओं के अधिकारों को सीमित रखने का काम किया है।श्री सोनी ने विपक्ष से राजनीतिक स्वार्थ छोड़कर 'मील का पत्थर' साबित होने वाले कानून का समर्थन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि देश की नारी शक्ति विपक्ष के इस रवैये को देख रही है और आने वाले समय में लोकतांत्रिक तरीके से इसका जवाब देगी।

महापौर मधुसूदन ने की पेंशन हितग्राहियों से अपना सत्यापन कराने की अपील

राजनांदगांव/नवप्रदेश। महापौर मधुसूदन यादव ने जनदर्शन के दौरान पेंशन हितग्राहियों से प्राप्त हो रही समस्याओं के निराकरण हेतु समाज कल्याण विभाग राजनांदगांव की उप संचालक सुश्री वैशाली मरड़वार से चर्चा उपरांत उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी दी है कि केन्द्र व राज्य शासन के निर्देशानुसार पेंशन हितग्राहियों का शतप्रतिशत सत्यापन किया जाना है।

उन्होंने राजनांदगॉव जिला एवं राजनांदगॉव नगर पालिक निगम के हितग्राहियों के आंकड़े साझा करते हुए बताया है कि जिले में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत कुल 14309 बुजुर्गों को नियमित सहायता मिल रही है जिसमें से 4830 प्रकरण नगर निगम अंतर्गत लाभान्वित है। वहीं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना से जिले के 8131 महिलाओं को लाभ मिल रहा है जिसमें 2313 लाभार्थी नगर निगम अंतर्गत लाभान्वित है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना के तहत 597 दिव्यांगजन लाभान्वित है जिनमें से 123 नगर निगम अंतर्गत लाभान्वित है। इसी प्रकार सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना से जिले के 9486 में से 1381 नगर निगम अंतर्गत लाभान्वित है और सुखद सहारा पेंशन योजना से जिले के 7618 हितग्राहियों में से 1821 नगर पालिक निगम राजनांदगांव से सहायता प्राप्त कर रहें है। सबसे अधिक लाभार्थी मुख्यमंत्री पेंशन योजना के अंतर्गत हैं, जिसमें जिले में 18040 लोग शामिल है जिनमें नगर निगम से 323 लोग लाभान्वित है। इसी प्रकार शासन द्वारा परिवार सहायता योजना के तहत जिले के कुल 297 परिवारों को आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया है, जिससे संकट की घड़ी में उन्हें संबल मिला है।

साय सरकार में छोटे-छोटे कार्यों के लोगों को भटकना पड़ रहा : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस की प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि सुशासन का दंभ भरने वाली साय सरकार के राज में आम आदमी छोटे-छोटे काम के लिये सरकारी दफ्तरों का चक्कर काटने को मजबूर है। पटवारी कार्यालय से लेकर तहसील दफ्तरों में लोगो के नामांतरण, फौत, त्रुटि सुधार के लाखो आवेदन लंबित है, लोगों के काम नहीं हो रहे, आम आदमी सरकारी दफ्तर के चक्कर काटने को मजबूर है। बेहद दुर्भाग्यजनक है कि लाखों लोगों को सरकार के पास सड़क, नाली, बिजली, पानी जैसे रोजमर्रा के कामो के लिये आवेदन लेकर भटकना पड़ता है। साय सरकार लोगो के मूलभूत काम को भी नहीं कर पा रही है।प्रदेश कांग्रेस की प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद प्रदेश में सारी व्यवस्थाएं चरमरा गई है। अब तक 135 लाख करोड़ का कर्ज लिया जा चुका है। बिजली कटौती, पेयजल की समस्या, शिक्षकों की कमी, युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं ।

ग्रामीणों की मांग एवं आवश्यकता के अनुरूप हो निर्माण कार्य

नवा तरिया आय के जरिया अभियान को बनाए जन आंदोलनः सीईओ अभिषेक अग्रवाल

■ महात्मा गांधी नरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास सहित अन्य विभागीय कार्यों की हुई समीक्षा

कवर्धा/नवप्रदेश। जल संरक्षण एवं आजीविका को बढ़ावा देने के लिए राज्य शासन के महत्वाकांक्षी नवा तरिया आय के जरिया अभियान को सभी मिलकर जन आंदोलन का रूप दें। ग्रामीणों को इस अभियान से जोड़कर उन्हें इसके फायदे बताएं और आजीविका संवर्धन की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए सतत प्रयास करें। उक्त निर्देश मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम श्री अभिषेक अग्रवाल द्वारा विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान दिये गए। सीईओ ने बैठक में मैदानी कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में ग्रामीणों की मांग एवं आवश्यकता अनुसार ही निर्माण कार्यों का चयन करें,कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित

हो और सभी कार्य समय-सीमा में पूरा करें। कार्यों में अनियमितता एवं गुणवत्ता खराब होने की शिकायत पर कड़ी कार्यवाही करने की चेतावनी सभी को दी गई। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं प्रधानमंत्री जनमन आवास के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करें। अप्रारंभ कार्यों को आगामी एक सप्ताह में प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। ग्राम पंचायत वॉर आवास निर्माण की समीक्षा कर निर्देशित किया गया की हितग्राहियों को प्रधानमंत्री सूर्य घर बिजली योजना के लाभ पर उनका ज्ञानवर्धन करें। योजना से विद्युत पर होने वाले खर्चो की बचत की जानकारी दी जाए। लंबे समय से प्रथम किस्त की राशि प्राप्त होने के बाद भी जो हितग्राही आवास का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं कर रहे हैं उनसे संपर्क कर कार्य शुरू कराये।

सीईओ अभिषेक अग्रवाल द्वारा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत निर्मित सामुदायिक शौचालय की समीक्षा करते हुए सभी जनपद पंचायत सीईओ को निर्देशित किया गया कि शौचालय आम जनता के लिए उपलब्ध हो, पंचायत स्तर पर साफ-सफाई की व्यवस्था की जाए तथा शौचालय के समीप स्वच्छता एवं पानी की व्यवस्था करने निर्देशित किया। फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लान, व्यक्तिगत शौचालय,सेग्रीगेशन शेड जैसे अन्य विषयों की जानकारी मैदानी कर्मचारियों से ली गई। महिला समूह द्वारा किए जा रहे कचरा कलेक्शन कार्य को और आगे बढ़ाते हुए इसे आजीविका से जोड़ने के निर्देश दिए गए जिससे कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित हो। मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना सहित अन्य विभागीय कार्यो समीक्षा की गई।समीक्षा बैठक के दौरान सीईओ श्री अभिषेक अग्रवाल ने सभी अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा एवं सब इंजीनियर को निर्देशित करते हुए कहा कि भवन निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। लेन्टर ढलाई के दौरान स्वयं उपस्थित रहे एवं अपने निर्माण क्षेत्र का सतत निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान सभी सीईओ जनपद पंचायत,अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा,सभी सब इंजीनियर,सभी तकनीकी सहायक सहित जिला पंचायत के शाखा प्रभारी अधिकारी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कवर्धा शहरवासियों को मिला सुव्यवस्थित चौपाटी की सौगात

■ चौपाटी में व्यवस्थापन होने से 60 परिवारों को मिला स्थायी रोज़गार- चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी

कवर्धा/नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा शहर के सुव्यवस्थित विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए वन विभाग कार्यालय के सामने राशि 64 लाख 34 हज़ार की लागत से सर्वसुविधायुक्त चौपाटी का निर्माण किया गया है। इस नव निर्मित चौपाटी में शहर के 60 फुटपाथ विक्रेताओं को व्यवस्थित रूप से स्थान प्रदान किया गया।

नगरपालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा की कवर्धा विधायक एवं छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम विजय शर्मा की मंशानुरूप छोटे व्यापारियों और फुटपाथ विक्रेताओं को स्थायी और सुरक्षित व्यवसायिक स्थान उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया है। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी के नेतृत्व में पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए लॉटरी पद्धति अपनाई गई, जिससे सभी पात्र विक्रेताओं को निष्पक्ष रूप से स्थान आवंटित किया जा सका।इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि शहर में अव्यवस्थित रूप से फैले फुटपाथ व्यापार को एक व्यवस्थित रूप देने के साथ-साथ विक्रेताओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर पालिका की प्राथमिकता है। चौपाटी में स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे व्यापारियों और आम नागरिकों दोनों को सुविधा मिलेगी। इस पहल से जहां एक ओर शहर की सुंदरता और यातायात व्यवस्था में सुधार होगा।

एक ही स्थान पर मिलेगा हर प्रकार का व्यंजन

नव निर्मित चौपाटी की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां शहरवासियों को एक ही स्थान पर विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन उपलब्ध होंगे। इससे न केवल लोगों को विविध खान-पान का आनंद मिलेगा, बल्कि यह स्थान शहर के लिए एक नया फूड हब बनकर उभरेगा।

महिला बिल पास नहीं होने देने पर भड़के भाजपा जिलाध्यक्ष

विपक्ष पर लगाए गंभीर आरोप

कवर्धा/नवप्रदेश। महिला आरक्षण बिल को पास नहीं होने देने के मुद्दे पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी ने विपक्ष पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने महिला सशक्तिकरण के खिलाफ जाकर इस महत्वपूर्ण बिल को पारित नहीं होने दिया, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

राजेंद्र चंद्रवंशी ने अपने बयान में कहा कि यह बिल देश की महिलाओं को राजनीतिक क्षेत्र में सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम था, लेकिन विपक्ष की नकारात्मक सोच और राजनीतिक स्वार्थ के चलते इसे आगे नहीं बढ़ने दिया गया।

उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष केवल दिखावे के लिए महिलाओं के अधिकारों की बात करता है, जबकि हकीकत में वह महिलाओं को उनका हक दिलाने के पक्ष में नहीं है।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा से महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध रही है और भविष्य में भी इस दिशा में लगातार प्रयास करती रहेगी।

राजनांदगांव जिला रजक समाज की बैठक संपन्न

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिला रजक (धोबी) समाज की महत्वपूर्ण बैठक दीनदयाल नगर स्थित सामाजिक भवन में संपन्न हुई, जिसमें समाज के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने और नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर अहम निर्णय लिए गए। बैठक में वर्ष 2023 से 16 अप्रैल 2026 तक तीन वर्ष पूर्ण होने पर वर्तमान जिला पदाधिकारियों का कार्यकाल समाप्त घोषित किया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर आगामी नई कार्यकारिणी के चयन हेतु सभी परिक्षेत्र से अध्यक्ष/ सचिव/ अन्य स्वजातीय बंधु कुल दो- दो व्यक्ति मिलकर मनोनीत कर की जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। इसके

गोपी रजक बने शहर परिक्षेत्र अध्यक्ष...

तहत 17 मई 2026 को जिला अध्यक्ष सहित अन्य पदों के लिए चयन कराए जाएंगे। पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि चयन प्रक्रिया पारदर्शी, निष्पक्ष और लोकतांत्रिक तरीके से संपन्न कराई जाएगी, जिससे समाज के प्रत्येक सदस्य को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का अवसर मिल सके।

इसी बैठक में शहर परिक्षेत्र अध्यक्ष के चयन पर भी चर्चा की गई। कार्यकाल पूर्ण होने के बाद नए अध्यक्ष के रूप में गोपी रजक का नाम प्रस्तावित किया गया, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकृति देते हुए उन्हें शहर परिक्षेत्र अध्यक्ष नियुक्त किया गया। गोपी रजक लंबे समय से समाज से जुड़े रहे हैं और विभिन्न जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। उनकी कार्यकुशलता, ईमानदारी और मिलनसार व्यक्तित्व को देखते हुए समाज ने उन पर भरोसा जताया है।

उनकी नियुक्ति से समाज में उत्साह और खुशी का माहौल है। उपस्थित सदस्यों ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में समाज को नई दिशा और मजबूती मिलेगी।बैठक में जिला अध्यक्ष डॉ लेखराम निर्मलकर, कोषाध्यक्ष योगेश कुमार निर्मलकर, सचिव रोहित राम निर्मलकर, जिला सलाहकार पवन निर्मलकार, शहर परिक्षेत्र गोपी रजक, तिजू राम निर्मलकर रामपुर, कृष्णा निर्मलकर, दिलीप निर्मलकार गेंदाटोला, नील निर्मलकर अंजोरा, मधु निर्मलकर सलोनी, पुरुषोत्तम निर्मलकर,हीरालाल निर्मलकरसहित सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भाजपा राज में कोल, रेत माफियों को खुला संरक्षण

रेत खदाने भाजपा के विधायक नेता चला रहे

रायपुर/ नवप्रदेश। भाजपा की सरकार को रेत और खनन माफिया चला रहे है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कोयले के ट्रांसपोर्टिंग पर साय सरकार में 100 रू. टन की वसूली कर परिवहन का पास जारी किया जाता है। रेत का पूरा कारोबार भाजपा के विधायक नेता संभाले हुए है। भाजपाई सत्ताधीशो के संरक्षण में पूरे प्रदेश में रेत माफिया आतंक का खूनी खेल खेल रहा है। भाजपा के मंत्री, विधायक, नेता, रेत के अवैध कारोबार के भागीदार बने हुये है। अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित कर सत्तारूढ़ दल के नेता रेत माफिया की दादागिरी को प्रश्रय देते है। रेत घाटो के क्षेत्र के ग्रामीण और पंचायत कर्मचारी खनिज कर्मचारी बेबस और लाचार बन गये है। बलरामपुर जिले में रेत माफिया द्वारा पुलिस कांस्टेबल के ऊपर ट्रैक्टर चढ़ा कर हत्या किये जाने की घटना प्रदेश में विष्णु के सुशासन की वास्तविक हकीकत है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि पूरे प्रदेश में अवैध माइनिंग का कारोबार भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के संरक्षण में फल-फूल रहा है। खनन माफिया भारतीय जनता पार्टी के सरकार में इतने बेफिक्र हो गए हैं की खुलेआम माइनिंग अधिकारियों कर्मचारियों की पिटाई कर रहे हैं।

जल पर्यावरण संरक्षण एवं नशा, प्रदूषण मुक्ति पर जागरूकता कार्यक्रम

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जीवन आधार पब्लिक चैरिटी ट्रस्ट राजनांदगांव द्वारा दिनांक 19-04-26 दिन रविवार को ग्राम पंचायत मुसरा में जल -पर्यावरण, एवं नशा, प्रदूषण मुक्ति पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सर्वप्रथम मुसरा गांव के लोगों को एकत्रित किया गया। तत्पश्चात चैरिटी के सदस्य शोभा बाई गणवीर द्वारा जल पर्यावरण संरक्षण पर मार्गदर्शन दिया गया जिसमें कहा जल हमारे लिए जीवन है जल के बिना जीवन संभव है इसीलिए, जल का संरक्षण करना चाहिए। ग्रीष्म काल में जल की कमी होने लगती है इस कारण अन्य जीव को जल की तलाश रहती है जल की तलाश में कई प्राणी होते हैं और जल न मिलने पर प्यास से तड़प कर अपनी प्राण त्याग देते हैं इसीलिए जल का उचित मात्रा में प्रयोग कर जल का दुरुपयोग नहीं करना चाहिए जल जीवन है जल के बिना जीना मुश्किल है इस प्रकार पर्यावरण हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्माण करता है पर्यावरण हमारा संतुलित रहने पर स्वास्थ्य उत्तम और रोग मुक्त रहता है इसीलिए आजू-बाजू की परिसर में जहां हम निवास करते हैं उसे स्थान पर पेड़ पौधों को अनिवार्य रूप से लगाकर पर्यावरण को हम संतुलित बना सकते हैं अतः हमें जल और पर्यावरण संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण कार्य करना चाहिए।

ब्राम्हण समाज कवर्धा द्वारा बटुको का उपनयन संस्कार किया गया

कवर्धा/नवप्रदेश। आज अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर ब्राम्हण समाज कवर्धा द्वारा सर्वप्रथम भगवान परशुराम जी तैलचित्र में माल्यार्पणकर विधिविधान पूजनकर कार्यक्रम की श्री गणेश किया गया। सामुहिक व्रतबंध(जनेऊ) संस्कार कार्यक्रम छप्पन भोग रेस्टारेंट में आयोजन किया गया था जिसमें कार्यक्रम का विवरण इस प्रकार है वैशाख शुक्ल प्रतिपदा,दिनांक 18 अप्रैल शनिवार को मन्दपाच्छादन,वास्तुपूजन ,हरिद्रालेपन ,शिक्षा दीक्षा एवं मातृकापूजन एवं वैशाख शुक्ल पक्ष द्वितीया तिथि दिनांक 19अप्रैल 2026को रविवार को व्रतबंध (जनेऊ)संस्कार का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ तत्पश्चात

बाजे-गाजे , आतिशबाजी के साथ नाचते-गाते बटुको की शोभायात्रा निकाली गई जो कि प्रमुख मार्ग से होते हुए माँ दुर्गा मंदिर(लोहारा रोड) पहुंची जहाँ विधिविधान से माताजी की पूजा-अर्चना किया गया जिसमें बड़ी संख्या में ब्राम्हण समाज गणमान्य लोग उपस्थित थे।इस पावन बेला में दंडी स्वामी पूज्य ज्योतिर्मयनंद जी महाराज की गरिमामय उपस्थिति में बटुको आशीर्वाद मिला।मेधावी छात्रा कु अक्षया उपाध्याय द्वारा कक्षा 10वी में 90प्रतिशत अंक हासिल करने पर उन्हें स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया साथ उपस्थित सभी अतिथियो को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया है ।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.202604100400099 /अ-02/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री / श्रीमती जामवन्ती वर्मा पिता/पति तुकेन्द्र कुमार वर्मा निवासी न्यू विस्तार बोरसी ग्राम धनोरा द्वारा नीचे वर्णित ÷अनुसूची में उल्लेखित ग्राम, खसरा, रकबा भूमि के दर्शित प्रयोजन अनुसार छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटलनगर के द्वारा जारी अधीसूचना दिनांक 22.12.2025 के अनुसार छत्तीसगढ़ भू- राजस्व संहिता (व्यपवर्तित भूमि के लिए भू-राजस्व का निर्धारण तथा पुनर्निर्धारण) नियम 2025 में दिये गये निर्धारित प्ररूप-एक में भूमिस्वामी द्वारा भूमि उपयोग के व्यपवर्तन तथा स्वनिर्धारण की सूचना व घोषणा पत्र छ.ग. भू.रा. संहिता 1959 यथासंशोधित 2022 की धारा 59/172 के तहत् इस न्यायालय में अन्य दस्तावेजों सहित प्रस्तुत किया गया है :-

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	आवेदि.भू. खसरा नं.	रकबा हे. वर्गमीटर	प्रयोजन
ग्राम बेलोदी प.ह.न. 03 रा.नि.मं. नगपुरा	881/7	0.0810	आवासीय

अतएव उपरोक्त उपर वर्णित भूमि के व्यपर्वतन / पुर्ननिर्धरण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा जारी होने की तिथि से 07 दिवस के भीतर लिखित आपत्ति अथवा दावा स्वयं अथवा अपने अधिकृत व्यक्ति/अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि में दावा आपत्ति के पश्चात् दावा आपत्ति प्राप्त होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया ।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./202604101500024 /अ-6अ/वर्ष 2025-26

ग्राम गभरा प.ह.न. 13 तह. पाटन जिला दुर्ग

एतद् द्वारा सर्वसाधारण द्वारा ग्राम तुलसी प.ह.न. 15 तह. पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक गुहरी आ. कार्तिक निवासी ग्राम तुलसी तह. पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा ग्राम तुलसी प.ह.न. 16 रा.नि.मं. जामगांव एम तह. पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 380 रकबा 0.96 में दर्ज उक्त भूमि का मूल ऋण पुस्तिका कही गुम हो जाने से जिसके कारण आवेदक को काफी कठिनाईयो का सामना करना पड़ रहा है। उक्त भूमि का द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पेश किया गया है के आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत सुनवाई तिथि 28.04.2026 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं ना.बा. मनीषा (पुराना नाम जिसे बदला जाना है) पिता रोहित निवासी-साहू पारा, परसकोल रौन्दा, तहसील-धमधा, जिला-दुर्ग (छ.ग.) ने अपना नाम ना.बा. मनीषा (पुराना नाम) से बदलकर तामेश्वरी रख लिया है।

शपथकर्ता
ना.बा. मनीषा पिता रोहित
निवासी-साहू पारा, परसकोल रौन्दा,
तहसील-धमधा, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

मा.क्रं. 202604104500041/अ-6/2025-26

पक्षकारों का विवरण आवेदक पक्षकार- रोशन लाल
अनावेदक पक्षकार - रामबाई

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम बोहारडीह प.ह.न 25 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक रोशन लाल पिता नरेश राम जाति तेली निवासी बोहारदीड तहसील पाटन जिला दुर्ग, छ.ग. ने आवेदन प्रस्तुत किया है कि मौजा ग्राम बोहारडीह प.ह.न 25 रानिम सेलूद तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा 901 रकबा 0.18 है. भूमि स्थित हैं। उक्त वर्णित भूमि को मुझ आवेदक वसीयत प्राप्तकर्ता द्वारा वसीयकर्ती देने वाली रामबाई पति हीरा निवासी बोहारडीह तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. वाले से पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 07.08.2019 को किया गया है। जिसकी वसीयतनामा की पेपर की छायाप्रति संलग्न प्रस्तुत है। भूमिस्वामी स्व. रामबाई पति हीरा का दिनांक 16.10.2025 को फौत हो चुकी है व उनकी वारिसान चित्ररेखा पति केशव, दीपक सरोज पति नरेश, मुनेश्वरी पति कृष्णा, ठगिया पति हेमराज है। आवेदक उपरोक्त वर्णित संपत्ति का वसीयतनामा पश्चात अपने नाम से नामांतरण कराकर नाम दर्ज कराना चाहता हूँ। एवं वसीयत देने वाली श्रीमती रामबाई पति हीरा का नाम विलोपित कर मुझ आवेदक के नाम से नामांतरण दर्ज किये जावें। अतः यह आवेदन पत्र श्रीमान के समक्ष उपरोक्त वर्णित संपत्ति का पंजीकृत वसीयतनामा के अनुसार नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत आधार पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः उपरोक्तानुसार कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई हेतु नियत तिथि 06.05.2026 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13.04.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
पाटन

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430104800093

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी नीन गोपाल करमाकर पिता/पति स्व. सृष्टिधर कर्मकार पता क्वा. नं. 14 एबी पाकेट के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1000/11(0.0100) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता मनोरमा देवांगन पिता/पति ननी गोपाल करमाकर पता, सजवल करमाकर पिता/ पति ननी गोपाल करमाकर पता के 06 चंदखुरी जिला दुर्ग, 12/39 इस्पात नगर रिसाली, मोहनी दास पिता/पति ननी गोपाल करमाकर पता गर्ल्स कॉलेज के पीछे अम्बेडकर नगर बिलासपुर, सावित्री पाल पिता/पति ननी गोपाल करमाकर पता पदुमनगर चरोदा भिलाई के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 27.04.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03.04.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

मेरिट लिस्ट गायब, चयन का आधार बना रहस्य, बिरकोनी में कौन बनेगा नया कोटवार?

■ 18 आवेदकों की बढ़ी धड़कनें, पारदर्शिता पर टिकी सबकी नजर

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत बिरकोनी में कोटवार के पद पर नई नियुक्ति की प्रक्रिया इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है। हाईकोर्ट के आदेश के बाद शुरू हुई इस प्रक्रिया ने अब नया मोड़ ले लिया है, जहां मेरिट सूची जारी न होने से चयन का आधार ही सवालों के घेरे में आ गया है।

तहसील कार्यालय द्वारा सभी आवेदकों की सूची ग्राम पंचायत को भेजकर प्रस्ताव मांगा गया है, जिससे अब चयन की जिम्मेदारी काफी हद तक पंचायत पर आ गई है। ऐसे में 18 आवेदकों की धड़कनें तेज हो गई हैं और गांव में भी उत्सुकता का माहौल है कि आखिर किसे कोटवार चुना जाएगा।

मेरिट सूची नहीं, चयन कैसे?

ग्राम में मुनादी के जरिए न्यूनतम 12वीं पास उम्मीदवारों से आवेदन मंगाए गए थे। नियत तिथि तक कुल 18 आवेदन प्राप्त हुए, लेकिन अब तक किसी भी प्रकार की मेरिट सूची जारी नहीं की गई है। यही कारण है कि चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

पंचायत की भूमिका अहम

तहसील द्वारा आवेदकों के नाम ग्राम पंचायत बिरकोनी को भेजे गए हैं, जहां से प्रस्ताव तैयार कर वापस भेजा जाएगा। पंचायत की बैठक जल्द होने

वाली है, जिसमें किसी एक नाम पर सहमति बनाई जाएगी।

इस प्रक्रिया ने पंचायत की जिम्मेदारी बढ़ा दी है, क्योंकि अब चयन पूरी तरह निष्पक्षता और पारदर्शिता पर निर्भर करेगा।

पुलिस वेरीफिकेशन भी जारी

जानकारी के अनुसार सभी आवेदकों के नाम पुलिस सत्यापन (वेरिफिकेशन) के लिए भेजे जा चुके हैं। यह प्रक्रिया चयन से पहले जरूरी औपचारिकता मानी जाती है, जिससे उम्मीदवार की पृष्ठभूमि की जांच की जा सके।

रिश्तेदारों की एंट्री से बढ़ी चिंता

सूत्रों के मुताबिक कुछ पंचों के पारिवारिक सदस्यों ने भी इस पद के लिए आवेदन किया है। ऐसे में निष्पक्ष चयन को लेकर गांव में चर्चा और चिंता दोनों बढ़ गई हैं।

गांव की नजरें पंचायत बैठक पर

अब सभी की निगाहें पंचायत की प्रस्तावित बैठक पर टिकी हैं। ग्रामीणों को उम्मीद है कि पंचायत बिना किसी पक्षपात के योग्य उम्मीदवार का चयन कर एक आदर्श उदाहरण पेश करेगी।

कोटवार जैसे महत्वपूर्ण पद के लिए चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता और स्पष्ट मापदंड बेहद जरूरी हैं।

> जिन नामों का आवेदन आया था,उन 18 आवेदनों को पंचायत और थाने को भेजा गया है। एक नाम पर पंचायत को प्रस्ताव बनाकर देना है यह नियम में है। पुलिस चरित्र सत्यापन कर के देंगे कोई अपराधिक रिकॉर्ड न हो। फिर कोटवार की नियुक्ति होगी।
>
> **जुगल किशोर पटेल,**
> तहसीलदार महासमुंद

साहू समाज नगरी सिहावा द्वारा भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन 21 को

नगरी/नवप्रदेश। दानवीर भामाशाह जयंती के अवसर पर युवा प्रकोष्ठ तहसील साहू समाज नगरी सिहावा के द्वारा 21 अप्रैल मंगलवार को साहू सदन नगरी में भव्य रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में मुख्य रूप से जिला चिकित्सालय धमतरी एवं सीएचसी नगरी के चिकित्सा कर्मी उपस्थित रहेंगे। एवं प्रत्येक रक्त दाताओं को विशेष गिफ्ट सम्मान स्वरूप प्रदान किया जाएगा। यह जानकारी युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष भूपेंद्र साहू, सचिव योगेश साहू, उपाध्यक्ष रोशन साहू दी है। आयोजन की तैयारी में चन्द्रभान साहू, दिपेश साहू, विकास साहू, दीपक साहू, पुनेश्वर साहू, लक्ष्मीकांत साहू, थानसिंग साहू, तुकेशवर साहू, योगेश साहू आदि जूटे हुए हैं।रक्त दान शिविर आयोजन में जिनका विशेष सहयोग मिल रहा सुश्री आरू साहू लोक गायिका,वाशु कंप्यूटर नगरी, संतोष ज्वेलर्स नगरी, रूप नारायण साहू जीएसटी सलाहकार,संतोष ज्वेलर्स सांकरा मुकेश साहू जी, स्वास्तिक पैथोलॉजी नगरी, संजीवनी मेडिकोज नगरी, योनेश मेडिकल नगरी, श्रेया फ्लेक्स नगरी, रूपेन्द्र साहू,खेमेंद्र साहू जी देवपुर,प्रशांत साहू सब्जी बाड़ी , एवं तहसील साहू समाज नगरी सिहावा के समस्त पदाधिकारी गणों का सहयोग मिल रहा है। तहसील साहू समाज नगरी एवं युवा प्रकोष्ठ तहसील साहू समाज ने अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने की अपील किया है।उक्त जानकारी योगेश कुमार साहू सचिव युवा प्रकोष्ठ तहसील साहू समाज नगरी के द्वारा दिया गया।

पार्षद और युवाओं के सहयोग से बस स्टैंड में खुला प्याऊ

महासमुंद/नवप्रदेश। शहर के बस स्टैंड में वार्ड पार्षद चंद्रशेखर बेलदार ने स्थानीय युवाओं के सहयोग से प्याऊ की व्यवस्था शुरू कराई है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य भीषण गर्मी में लोगों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराकर राहत पहुंचाना है। बस स्टैंड क्षेत्र में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में यात्री, ग्रामीण और श्रमिक वर्ग के लोग आवागमन करते हैं। ऐसे में ठंडे पानी की यह व्यवस्था उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं है। प्याऊ शुरू होते ही वहां मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली और इस सेवा कार्य की खुलकर सराहना की। बेलदार ने कहा कि भीषण गर्मी में जनता को राहत पहुंचाना उनका नैतिक दायित्व है। उन्होंने आश्वासन दिया कि आगे भी इस तरह के जनहितकारी कार्य लगातार जारी रहेंगे और जरूरतमंदों की हरसंभव सहायता की जाएगी।

अशवंत तुषार साहू ने इंडिया गठबंधन पर साधा निशाना

महासमुंद/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशवंत तुषार साहू ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस महत्वपूर्ण संविधान संशोधन बिल को कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके और समाजवादी पार्टी ने पारित नहीं होने दिया। साहू ने कहा कि लोकसभा में विपक्ष का महिला सशक्तीकरण विरोधी चेहरा एक बार फिर सामने आया है। उन्होंने आरोप लगाया कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले इस बिल को गिराना, उसका उत्सव मनाना और इसे अपनी जीत बताना निंदनीय है। उन्होंने कहा कि इस फैसले के कारण अब देश की महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में 33 फीसदी आरक्षण का लाभ नहीं मिल पाएगा, जो उनका अधिकार था। साहू ने यह भी कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों का यह रवैया नया नहीं है, बल्कि वे पहले भी इस तरह के प्रयासों में बाधा डालते रहे हैं। साहू ने विपक्ष पर महिलाओं के हितों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि दशकों से लंबित इस प्रयास को विफल करने की उन्हें भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

राजपुर में अवैध खनन का बड़ा खुलासा बाकी, जिम्मेदारों पर नहीं हो रही कोई कार्रवाई

120 ट्रक जब्ती के बाद भी खेल जारी

धमधा/नवप्रदेश। धमधा विकासखंड के ग्राम पंचायत राजपुर में अवैध पत्थर खनन का मामला लगातार गंभीर होता जा रहा है। कुछ समय पहले प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई में करीब 120 ट्रक पत्थर जब्त किए गए थे, लेकिन इसके बावजूद क्षेत्र में अवैध खनन और भंडारण पर पूरी तरह रोक नहीं लग पाई है। हालात यह हैं कि न तो जांच आगे बढ़ रही है और न ही जिम्मेदारों पर कोई ठोस कार्रवाई होती नजर आ रही है।

स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन द्वारा जब्त कर पंचायत को सौंपे गए पत्थरों में भी अनियमितताएं हुई हैं। लोगों का कहना है कि जब्त पत्थरों को धीरे-धीरे अन्य स्थानों पर शिफ्ट किया गया और कुछ मामलों में उन्हें बेचने तक की बातें सामने आई हैं, जिससे पूरे मामले में मिलीभगत की आशंका जताई जा रही है। यदि यह आरोप सही हैं तो यह केवल अवैध खनन ही नहीं,

ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही

लगातार अनदेखी और आधी-अधूरी कार्रवाई से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। उनका कहना है कि वर्षों से अवैध खनन का यह खेल जारी है, लेकिन अब तक बड़े स्तर पर निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने पूरे मामले की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए यह स्पष्ट करने को कहा है कि कौन सी खदान वैध है, कहां अवैध खनन हो रहा है और इस पूरे नेटवर्क में कौन-कौन लोग शामिल हैं।

बल्कि प्रशासनिक कार्रवाई की विश्वसनीयता पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है।

इधर, राजपुर और आसपास के क्षेत्रों में अब भी कई जगहों पर पत्थरों का अवैध भंडारण खुलेआम देखा जा सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि कार्रवाई केवल औपचारिकता बनकर रह गई है और प्रभावशाली लोगों पर अब तक कोई सख्ती नहीं हुई है। इससे यह भी सवाल उठ रहा है कि क्या कार्रवाई केवल छोटे स्तर तक सीमित रही।

प्रारंभिक जांच में दो खदानों के संचालन की पुष्टि की गई थी, जिनमें से एक वैध और दूसरी संदिग्ध बताई गई। हालांकि स्थानीय लोगों का दावा है कि क्षेत्र में इससे अधिक खदानें संचालित हैं और कई स्थानों पर बिना लीज खनन जारी है। इससे जांच की पारदर्शिता और पूर्णता पर भी सवाल उठ रहे हैं। सबसे गंभीर मामला उस खदान का है जहां जांच के दौरान लगभग 13 मीटर यानी करीब 42 फीट गहराई तक खुदाई पाई गई।

खनन नियमों के अनुसार सामान्यतः 6 मीटर तक ही खुदाई की अनुमति होती है और इससे अधिक के लिए विशेष स्वीकृति आवश्यक होती है। इसके बावजूद संबंधित खदान में अब भी खनन गतिविधियां जारी होने की बात सामने आ रही है, जबकि विभाग की ओर से अब तक यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि नियमों का उल्लंघन हुआ है या नहीं।

खनन से जुड़े नियम स्पष्ट रूप से कहते हैं कि बिना वैध लीज खनन पूरी तरह प्रतिबंधित है, पर्यावरणीय स्वीकृति अनिवार्य है और रॉयल्टी का भुगतान जरूरी है। इन नियमों के उल्लंघन पर जुर्माना, लीज निरस्तीकरण और आपराधिक कार्रवाई का प्रावधान भी है, लेकिन राजपुर के मामले में इन प्रावधानों का प्रभावी पालन होता नजर नहीं आ रहा। न ही खनिज विभाग आज तक इस मामले में कोई कार्यवाही कर पाया है।

कुल मिलाकर, 120 ट्रक पत्थर की जब्ती के बावजूद यदि अवैध खनन और भंडारण जारी है, तो यह साफ संकेत है कि कार्रवाई अधूरी है और कहीं न कहीं सिस्टम कमजोर पड़ रहा है। जब तक पूरे मामले की पारदर्शी जांच कर सभी जिम्मेदारों पर समान रूप से कार्रवाई नहीं होती, तब तक यह मुद्दा शांत होने वाला नहीं है। अब सभी की नजर प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हुई है।

राज्यसभा सांसद की प्रथम आगमन पर लक्ष्मी वर्मा का हुआ स्वागत

भाटापारा/नवप्रदेश। लक्ष्मी वर्मा सांसद राज्यसभा पद की शपथ लेने के बाद छत्तीसगढ़ के राजधानी रायपुर प्रथम आगमन पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं व श्री मति लक्ष्मी वर्मा के शुभचिंतकों के द्वारा रायपुर एयरपोर्ट से लेकर श्री मति लक्ष्मी वर्मा के निज निवास तक कार्यकर्ताओं के द्वारा जगह जगह आतिशबाजी करते हुए ढोल नगाड़ा बजाकर उनका अभूतपूर्व स्वागत किया गया।इस दौरान कार्यकर्ताओं ने लक्ष्मी वर्मा के नाम से जयघोष करते हुए लक्ष्मी दीदी जिंदाबाद के नारे भी लगाए वही कई स्थानों पर उनकी आरती उतारकर ऐतिहासिक स्वागत वंदन अभिनंदन किया गया।इस अवसर पर श्रीमती वर्मा ने अपने सभी शुभचिंतकों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें विश्वास दिलाया कि छत्तीसगढ़ के हितों के लिए वे सदैव उनकी आवाज सदन में रखेंगी।

नगरी में वाहन अनियंत्रित होकर दुकान में घुसा, चालक गंभीर रूप से घायल

नगरी/नवप्रदेश। नगरी नगर मे बस स्टैंड क्षेत्र में रविवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया, जहां एक वाहन अनियंत्रित होकर सीधे दुकान में जा घुसा। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 10 निवासी घनशु विश्वकर्मा (पिता घुरूव) अपने वाहन क्रमांक छत्त 05 ड्ड 9391 से जंगलपारा नगरी से रोज की तरह सुबह लगभग 6:30 बजे अपने वाहन 2 बोरी कोयला लेकर लौट रहे थे।

बताया जा रहा है कि बस स्टैंड के पास पहुंचते ही वाहन अचानक अनियंत्रित हो गया और पूजा वस्त्रालय की दुकान में जा घुसा। जिसमे घर के दरवाजे टूट

गए इस दुर्घटना में चालक घनशु लोहरा के सिर एवं पैर में गंभीर चोटें आई हैं। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एम्बुलेंस की मदद से घायल को तत्काल सिविल अस्पताल नगरी में भर्ती कराया गया, साथ स्थानीय लोगों ने बताया कि घनशु विश्वकर्मा पेशे से लोहार हैं और प्रतिदिन सुबह कोयला लाने का कार्य करते हैं। देखने से स्पष्ट लग रहा है हालांकि वाहन के अनियंत्रित होने को दुर्घटना की मुख्य वजह माना जा रहा है।घटना के बाद बस स्टैंड क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा है जिसमें डॉक्टर नेताम के द्वारा प्राथमिक उपचार कर साथ गर्भीर चोट आने के जिला अस्पताल धमतरी रिफर किया गया।

मासूम को झांसे में लेकर ठग ने उड़ाए 25 हजार रुपए, घर में अकेली बच्ची को बनाया निशाना

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले के बुंदेली चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सुईनारा में ठगी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक अज्ञात व्यक्ति ने घर में अकेली मौजूद मासूम बच्ची को बहलाकर 25 हजार रुपये लेकर फरार हो गया। इस घटना से क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम सुईनारा निवासी सदानंद चक्रधारी 16 अप्रैल की सुबह करीब 9:40 बजे खाद लेने सोसाइटी नवागांव कला गए हुए थे। इस दौरान उनकी पुत्री रिया चक्रधारी घर पर अकेली थी। इसी बीच एक अज्ञात व्यक्ति घर पहुंचा और बच्ची से उसके पिता के बारे में पूछताछ करने लगा।

आरोपी ने बच्ची को झांसे में लेते हुए कहा कि उसके पिता ने सीमेंट खरीदा है और वह उसी का पैसा लेने आया है। बच्ची ने बताया कि घर पर कोई नहीं है और पेटी की चाबी उसकी दादी के पास है। कुछ देर बाद आरोपी वापस लौटा और बच्ची को यह कहकर गुमराह किया कि उसकी दादी ने पेटी का ताला तोड़ने के लिए कहा है।

आरोपी ने कुल्हाड़ी की मदद से पेटी का ताला तोड़ा और उसमें रखे 25 हजार रुपये निकालकर फरार हो गया। कुछ समय बाद जब सदानंद चक्रधारी घर लौटे तो उन्हें घटना की जानकारी मिली। उन्होंने तत्काल बुंदेली चौकी में सूचना दी। मामले में तेंदूकोना थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 305 (ए) और 332 (सी) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

सतर्क रहने की अपील

घटना के बाद पुलिस और ग्रामीणों द्वारा लोगों से अपील की जा रही है कि वे बच्चों को घर में अकेला न छोड़ें और अनजान लोगों से सतर्क रहने की समझाइश दें, ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

कांग्रेस नेता सतनाम सिंह चांवला का निधन, महासमुंद में शोक की लहर

महासमुंद/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी महासमुंद के महामंत्री एवं शहर के प्रतिष्ठित नागरिक सतनाम (सत्ते) सिंह चांवला का रविवार देर रात लगभग 1:00 बजे रायपुर स्थित एम.एम.आई. (स्व्द्ध) अस्पताल में इलाज के दौरान आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पूरे महासमुंद शहर और कांग्रेस परिवार में गहरा शोक व्याप्त है। श्री चांवला लंबे समय से सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय रहे। वे एक मिलनसार, सरल और

कर्मठ व्यक्तित्व के धनी थे, जिन्होंने सदैव समाज और संगठन के हित में कार्य किया। उनके निधन को पार्टी और समाज के लिए अपूरणीय क्षति माना जा रहा है।

दिवंगत श्री चांवला के पार्थिव शरीर को शाम 4:30 बजे अंतिम दर्शन के लिए कांग्रेस भवन, महासमुंद लाया गया, जहां बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों ने पहुंचकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। इसके पश्चात पूरे सम्मान के साथ उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

ढाई करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन

भाटापारा/नवप्रदेश। शहर के सौंदर्यीकरण और स्वच्छता प्रबंधन को सशक्त बनाने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के नेतृत्व में रविवार को नगर के अवरेठी तालाब परिसर में विभिन्न विकास कार्यों का गरिमामय समारोह के बीच भूमि पूजन हुआ।

उपरोक्त संबंध में प्रदत जानकारी अनुसार पालिका प्रशासन द्वारा शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए दो बड़े प्रोजेक्ट्स का भूमिपूजन कार्य संपादित हुआ,जिसकी लागत लगभग ढाई करोड़ से ज्यादा है। जिसमें अवरेठी तालाब के

सौंदर्यीकरण हेतु 100 लाख (1 करोड़) रुपये एवं शहर के कचरा प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए 4 एसएलआरएम सेंटरों के जीर्णोद्धार हेतु 150.64 लाख रुपये की लागत से कार्य किया जाएगा।इन कार्यों के पूर्ण होने से न केवल शहर की स्वच्छता व्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि नागरिकों को मनोरंजन और भ्रमण के लिए एक सुंदर स्थल भी उपलब्ध होगा। इस अवसर पर उपस्थित वार्ड वासियों को संबोधित करते हुए पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि नगर का सर्वांगीण विकास ही हमारा संकल्प और प्राथमिकता है। आज जिन कार्यों का भूमिपूजन हुआ है, वे केवल निर्माण कार्य नहीं, बल्कि शहर के भविष्य को संवारने की मजबूत नींव हैं। अवरेठी तालाब का सौंदर्यीकरण न केवल शहर की सुंदरता बढ़ाएगा, बल्कि यह नागरिकों के लिए एक प्रेरणादायक सार्वजनिक स्थल बनेगा। वहीं, स्क्र्रू सेंटरों का उन्नयन भाटापारा को स्वच्छता के क्षेत्र में नई पहचान दिलाएगा। हमारा लक्ष्य है कि अपना शहर स्वच्छ, सुंदर और विकसित हो। इसके लिए गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। जनता का विश्वास और सहयोग ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है, और इसी के बल पर हम भाटापारा को प्रदेश के अग्रणी नगरों में स्थापित करेंगे। भूमि पूजन के अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव, राकेश तिवारी,टिक्कू नायडू,नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया,सभापति गोविंद पटेल,संतीश तलरेजा, मनीष मिश्रा, पार्षदगण मोंटू ध्रुव,उमाशंकर वर्मा,नंदू वैष्णव भुवन सिंह ठाकुर चंद्रकांत खूंटे, संतीश साहू कीर्तन जायसवाल पिछड़ा वार्ड जिलाध्यक्ष महाबल बघेल किसान मोर्चा महामंत्री आशीष टोडर लिकेश साहू सहित वार्ड वासी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

पेज 1 का शेष...

कांग्रेस का महिला विरोधी...

एक बहुत अच्छा वातावरण पूरे देश व प्रदेश में था। देशभर की मातृशक्ति में इस अधिनियम को लेकर काफी उमंग व उत्साह का वातावरण था। महिलाओं की ओर से प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए देशभर में अनेक कार्यक्रम हो रहे थे। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि हमारी माता-बहनों की खुशी कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक और समाजवादी पार्टी के अड़ियल और महिला विरोधी राजनीतिक चरित्र के चलते साकार नहीं हो पाई।

श्री साय ने कहा कि हमारे देश में नारी का स्थान पूजनीय रहा है। नारी की प्रखर मेधा का सम्मान करते हुए देश की राजनीति में हम महिलाओं को उनका अधिकार देकर सम्मानित करने जा रहे थे। लेकिन इण्डी गठबंधन ने इसमें अवरोध उत्पन्न करके नारी शक्ति के साथ घोर अन्याय करने का पाप किया है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री साय ने डॉ. रमन सिंह के मुख्यमंत्रित्व काल में पूर्ववर्ती भाजपा सरकार द्वारा महिलाओं को पंचायतों में दिए गए 50 फीसदी आरक्षण सहित अन्य महिला उत्थान की संचालित की गई योजनाओं के साथ ही मौजूदा केंद्र तथा प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला कल्याणकारी योजनाओं का ब्योरा रखते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने सदैव हर स्तर पर नारी के संवैधानिक अधिकारों व सम्मान की रक्षा की है। आज त्रि-स्तरीय पंचायतों में महिलाओं का नेतृत्व 50 से बढ़कर 57 प्रतिशत है। इसी प्रकार प्रदेश की विधानसभा में भी महिलाओं का प्रतिनिधित्व लगभग 22 प्रतिशत तक है।

वेदांता प्लांट हादसे में...

जांच होनी चाहिए, सबूतों के आधार पर जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए।

वहीं प्लांट के ऑपरेशन और मेंटेनेंस की जिम्मेदारी संभाल रही NGSL की भूमिका अब जांच के केंद्र में है। NGSL, एनटीपीसी और जीई पावर इंडिया लिमिटेड का संयुक्त उपक्रम है, जिसमें दोनों की 50-50 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

24 घंटे में 3 घायल मजदूरों ने तोड़ा दमः शनिवार को रायपुर के कालड़ा हॉस्पिटल में 2 घायलों की इलाज के दौरान जान चली गई। इनमें उमेंद्र शाह और मध्यप्रदेश के रहने वाले किस्मत अली शामिल है। वहीं, शुक्रवार को रायगढ़ मेडिकल कॉलेज में एडमिट बंगाल के मजदूर सुब्रोतो जेना (80-90% झुलसे) ने भी दम तोड़ दिया था।

गंभीर लापरवाही सामने आने के बाद हुई एफआईआर : 14 अप्रैल को हुए हादसे के बाद औद्योगिक सुरक्षा विभाग के बॉयलर इंस्पेक्टर उज्जवल गुप्ता और उनकी टीम ने 15 अप्रैल को घटना स्थल की जांच की। एसपी प्रफुल्ल ठाकुर को सौंपी गई शुरूआती जांच रिपोर्ट में प्लांट प्रबंधन की गंभीर लापरवाही सामने आई थी। जिसके बाद एफआईआर की कार्रवाई की गई।

नवीन जिंदल बोले- पहले जांच होनी चाहिए

उद्योगपति नवीन जिंदल ने अनिल अग्रवाल पर एफआईआर होने पर सवाल उठाए। उन्होंने एक्स पर लिखा कि पहले घटना की जांच होनी चाहिए और सबूतों के आधार पर जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। जब सरकारी कंपनियों या रेलवे में घटनाएं होती हैं, तो क्या हम चेयरमैन का नाम लेते हैं? नहीं। यही मानक निजी क्षेत्र पर भी लागू होना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने घटना पर दुख जताया।

जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका जांच के घेरे में

सिंघीतराई प्रोजेक्ट में NGSL की टीम तैनात है, जिसमें प्रोजेक्ट हेड और साइट इंचार्ज के रूप में राजेश सक्सेना कार्यरत हैं। वे वरिष्ठ महाप्रबंधक स्तर के अधिकारी हैं। वेदांता प्रबंधन और NGSL कॉर्पोरेट ऑफिस के बीच समन्वय की मुख्य कड़ी माने जाते हैं। यूनिट-1 के दैनिक संचालन की जिम्मेदारी भी उन्हीं के पास थी। इसके अलावा मेंटेनेंस टीम बॉयलर, टरबाइन और अन्य सहायक उपकरणों के रखरखाव के लिए जिम्मेदार थी। ऐसे में ऑपरेशन और मेंटेनेंस से जुड़े सभी अधिकारियों की भूमिका की बारीकी से जांच की जा रही है।

बीएसपी के रिटायर्ड कर्मी...

अलग-अलग किश्तों में करीब 80 लाख ट्रांसफर किए, बाकी अन्य पैसों का हिसाब उन्हें याद नहीं। घर वालों को पता चला तो थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस आरोपियों का पता लगा रही है।

लॉटरी में कार जीतने का झांसा

शिकायत के मुताबिक, कमलेश ठाकुर (66) रिटायर्ड बीएसपी कर्मी है। वे भखारा तहसील के ग्राम इर्रा में रहते हैं। उन्हें शुगर समेत कई परेशानियां थी। जुलाई 2022 में उन्होंने टीवी में आयुर्वेदिक दवाइयों का एड देखा और कोयंबटूर की जीवन दान आयुर्वेदिक कंपनी से ऑनलाइन दवा मंगवाई थी। बस इसके बाद से उन्हें अलग-अलग नंबरों से फोन आने लगे। कुछ दिनों बाद उन्हें एक अज्ञात नंबर से फोन आया, जिसमें उन्हें लॉटरी में कार जीतने का झांसा दिया गया।

तमिलनाडु की पटाखा फैक्ट्री...

जबकि कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका जताई जा रही है। दमकल, पुलिस और राहत टीमें मौके पर पहुंचकर मलबा हटाने और फंसे लोगों को निकालने में जुटी हैं। फिलहाल विस्फोट की वजह साफ नहीं है।

तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने एक्स पर लिखा- इस हादसे में कई लोगों की मौत की खबर बेहद दुखद है। मैं मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। सीएम ने मंत्रियों को तुरंत घटनास्थल पर जाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने जिला कलेक्टर से बात कर सभी जरूरी सहायता पहुंचाने के लिए व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए।

चलचिलाती धूप में 'माड़िया...

पौष्टिकता के कारण आधुनिक खान-पान के बीच अपनी एक अलग पहचान बना चुका है।

माड़िया पेज के औषधीय गुण और फायदे

आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी योगेश विश्वकर्मा एवं आधुनिक आहार विशेषज्ञ भी अब माड़िया की ताकत को स्वीकार कर रहे हैं। डॉ विश्वकर्मा ने इसके प्रमुख लाभ के बारे में बताया कि इसकी तासीर ठंडी होती है, जो लू से बचाने में रामबाण है। यह कैल्शियम का खजाना है। हड्डियों की मजबूती के लिए माड़िया से बेहतर कोई अनाज नहीं है। **एक्सप्रेसवे खतरे का...**

को राजस्थान के फलोदी, तेलंगाना के रंगारेड्डी में लगातार हुई सड़क दुर्घटनाओं में 34 लोगों की मौत के बाद दर्ज केस पर सुनवाई कर रहा था।

उप मुख्यमंत्री साव ने किया मावा मोदोल लाइब्रेरी चारामा का शुभारंभ

कांकेर / नवप्रदेश। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नगरीय प्रशासन एवं विकास, खेलकूद और युवा कल्याण एवं कांकेर जिले के प्रभारी मंत्री श्री अरुण साव ने आज कांकेर जिले के चारामा में मावा मोदोल लाइब्रेरी का लोकार्पण किया। लोकार्पण पश्चात उन्होंने लाईब्रेरी का अवलोकन कर वहां अध्ययनरत युवाओं से संवाद किया तथा उनसे अपने विद्यार्थी जीवन को साझा करते हुए कहा कि लगन से पढ़ाई करें, सरकार जो सुविधाएं उपलब्ध करा रहीं है, उसका लाभ उठाए और सफल होकर अपने देश-प्रदेश व क्षेत्र का नाम रौशन करें। देश के प्रति हमेशा निष्ठावान रहें। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं भी दी। कुल 43 लाख रूपए की लागत से निर्मित इस सर्वसुविधायुक्त लाईब्रेरी में एक साथ 75 विद्यार्थी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे। लाईब्रेरी के छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प बोर्ड के अध्यक्ष श्रीमती शालिनी राजपूत तथा जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण नरेटी विशेष रूप से उपस्थि थी।

लाईब्रेरी के शुभारंभ अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा लगातार बच्चों के भविष्य को गढ़ने का कार्य किया जा रहा है। चाहे दिल्ली मे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराना हो,

अथवा प्रदेश में लाईब्रेरी व नालंदा परिसरों की स्थापना, विधार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। कांकेर जिले में भी जिला प्रशासन द्वारा लगातार बच्चों के लिए अच्छी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है, इसी कड़ी में आज मावा मोदोल लाईब्रेरी चारामा का शुभारंभ हो रहा है। पूरे क्षेत्र के बच्चे यहां अच्छे वातावरण में पढ़ाई कर अपना भविष्य गढ़ सकते हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों सहित प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे सभी युवाओं एवं उनके पालकों को अपनी शुभकामनाएं भी दी।

समारोह को स्थानीय विधायक श्रीमती सावित्री मंडावी ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मावा मोदोल लाइब्रेरी की स्थापना से इस क्षेत्र के बच्चों को लाइब्रेरी का लाभ मिलेगा। मावा मोदोल लाईब्रेरी में अच्छी तैयारी कर बच्चे अपना भविष्य संवार सकते हैं। कलेक्टर ने अपने उद्बोधन में बताया कि जिले के सभी 11 तहसील मुख्यालय में मावा मोदोल लाईब्रेरी की स्थापना की जाएगी, ताकि उस क्षेत्र के बच्चे लाईब्रेरी में पढ़ाई कर उच्च पदों पर आसीन हो सके। कांकेर जिले का यह छंटवा लाईब्रेरी है, इससे पूर्व कांकेर, भानुप्रतापपुर कोरर, दुर्गूकोंदल और अंतागढ़ में मावा मोदोल निःशुल्क लाईब्रेरी संचालित की जा रही है। कार्यक्रम में नपाध्यक्ष अरुण कौशिक, नगर पंचायत चारामा के अक्ष्यक्ष भुनेश्वर नाग पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा सीईओ जिला पंचायत हरेश मंडावी जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद, महेश जैन उमादेवी शर्मा सहित गणमान्य नागरिक और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर विद्यार्थी एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

महतारी वंदन योजना : सीएससी केंद्रों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से नि :शुल्क ई-केवाईसी की सुविधा

कोरबा / नवप्रदेश। महतारी वंदन योजना के सभी पात्र हितग्राहियों को सूचित किया जाता है कि शासन के निर्देशानुसार 30 जून 2026 तक जिले के चिन्हांकित सी.एस.सी. केंद्रों तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की आईडी के माध्यम से ई-केवाईसी का कार्य व्हीएलई/आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा निःशुल्क किया जाएगा। ई-केवाईसी की सुविधा हेतु सभी चॉयस/सी.एस.सी. केंद्रों में लैपटॉप एवं बायोमेट्रिक डिवाइस उपलब्ध कराए गए हैं। योजना के अंतर्गत कार्यरत सीएससी-व्हीएलई को सीएससी-एसपीव्ही कार्यालय रायपुर के माध्यम से प्रति पूर्ण कार्य 9.84 रुपये का कमीशन सीधे उनके बैंक खाते में प्रदान किया जाएगा। हितग्राही अपना ई-केवाईसी आधार कार्ड एवं महतारी वंदन योजना पंजीयन आईडी के साथ नजदीकी सी.एस.सी. केंद्र में जाकर करवा सकते हैं। इसके लिए किसी प्रकार के प्रिंटआउट या आधार कार्ड की फोटोकॉपी जमा करने की आवश्यकता नहीं है। अपनी महतारी वंदन योजना आईडी की जानकारी हेतु हितग्राही अपने क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से संपर्क कर सकते हैं। योजना से संबंधित किसी प्रकार की समस्या या शिकायत हो तो कार्यालय के फोन नंबर 8085190563 अथवा 7828183048 पर व्हाट्सएप या कॉल के माध्यम से संपर्क किया जा सकता है।

परशुराम जयंती पर हनुमान चौक बना श्रद्धा का केंद्र, सर्व ब्राह्मण समाज ने बांटी खीर

बचेली/नवप्रदेश। हनुमान चौक में परशुराम जयंती के पावन अवसर पर सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा श्रद्धा और उत्साह के साथ खीर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम भगवान परशुराम जी के छाया चित्र में दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित कर पूजा किया गया। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर भगवान परशुराम के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की।इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ सदस्य कमलेश दुबे ने भगवान परशुराम के जीवन और उनके आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे सत्य, धर्म और न्याय के प्रतीक थे। उन्होंने बताया कि परशुराम जी को भगवान विष्णु का छठा अवतार माना जाता है, जिन्होंने अधर्म के खिलाफसंघर्ष कर समाज में धर्म की स्थापना की।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को खीर प्रसाद वितरित किया गया और सभी ने भगवान परशुराम के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

महिला आरक्षण कानून में संशोधन फेल : विनोद उसेंडी

अंतागढ़/नवप्रदेश। नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर जिला युवा कांग्रेस महामंत्री व जनपद सदस्य विनोद उसेंडी ने कहा कि

यह बिल महिलाओं को प्रतिनिधित्व देने के बहाने भाजपा गठबंधन द्वारा चुनावी लाभ लेने के लिए लाया गया था ..सरकार की त्रुटिपूर्ण, अस्पष्ट निती व नियत की वजह से यह संसोधन बिल लोकसभा में पारित नही हो पाया. यदि सरकार को महिलाओं की चिंता है तो वर्तमान में 543 लोकसभा सीट में 33 प्रतिशत भागीदारी देने में किसी भी प्रकार की कठिनाइयां नही होनी चाहिए थी. बिल की कमियां गिनाते हुए युकां महामंत्री ने कहा कि सरकार को संसद के पटल पर बिल लाने से पहले यह स्पष्ट करना चाहिए था कि 33 प्रतिशत महिलाएं कौन होगी, किस पृष्टभूमि की होंगी .गहरी संरचनात्मक वंचना की स्वीकृती की वजह से सदियों तक हाशिए पर रहे अनुसुचित जनजाति, अनुसूचति जाति के लिए आरक्षण का संवैधानिक प्रावधान सामाजिक,आर्थिक,राजनैतिक, शैक्षिक रूप से भागीदारी देते हुए उनको सशक्त बनाना था . इस बिल में अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति ,अन्य पिछड़ा वर्ग के महिलाओं का स्थान सुनिश्चित नही है।

गोपालपुर में नए औद्योगिक क्षेत्र का हुआ भूमिपूजन

कोरबा / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य, उद्योग, श्रम,

आबकारी एवं सार्वजनिक उपक्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य में कोरबा जिले के दर्री तहसील अंतर्गत ग्राम गोपालपुर में नवीन औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना हेतु अधोसंरचना विकास कार्यों का भूमिपूजन समारोह का आयोजन हुआ। मंत्री श्री देवांगन द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के साथ अधोसंरचना विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। यह औद्योगिक क्षेत्र लघु, मध्यम एवं बड़े उद्योगों की स्थापना को प्रोत्साहित करते हुए क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करेगा।

आपसी मतभेद या प्रशासनिक शिथिलता उद्घाटन में देरी का कारण तो नहीं

नया तहसील भवन बनकर तैयार उद्धाटन के लिए किसका इंतजार

अंतागढ़/नवप्रदेश। अंतागढ़ तहसील का नवनिर्मित भवन पूरी तरह बनकर तैयार हो चुका, किन्तुअभी तक तहसील कार्यालय को नए भवन में स्थानांतरित नहीं किया गया है जिसके चलते तहसील का कामकाज अब भी पुराने तहसील भवन में संचालित किया जा रहा है, जहां अव्यवस्था और सीमित संसाधनों के कारण आम जनता और कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा वही स्थानीय लोगों का कहना है कि नया भवन तैयार होने के बावजूद शिफ्टिंग में हो रही देरी से लोगों में नाराजगी है। तहसील में प्रतिदिन बड़ी संख्या में फरियादी अपने कार्यों के लिए पहुंचते हैं,लेकिन पर्याप्त व्यवस्था न होने के कारण उन्हें बैठने, दस्तावेज रखने और अन्य सुविधाओं के अभाव में दिक्कतें होती हैं। कर्मचारियों को भी अभिलेखों के रख-रखाव और कार्य संचालन में

समस्या का सामना करना पड़ रहा है। कई सालों से तहसील का संचालन पुराने भवन में किया जा रहा है, जो अब जर्जर और अपर्याप्त साबित हो रहा है। जबकि भवन मे बारिश के दिनों में छत से पानी का टपकना आम बात हो गई है जिससे तहसील कार्यालय में रखे दस्तावेज का खराब होने का खतरा और जर्जर भवन में हादसा होने से भी इंकार नहीं किया जा सकता

हालांकि भवन का कई बार मरम्मत करा काम में लिया जा रहा है वही प्रशासन से मांग की गई है कि नए तहसील भवन में जल्द से जल्द कार्यालय स्थानांतरित किया जाए, ताकि आमजन को बेहतर सुविधाएं और न्यायिक व राजस्व कार्य सुचारु रूप से संचालित हो सके।

सूत्रों के अनुसार माने तो प्रशासनिक स्तर पर कुछ औपचारिकताएं अभी पूरी की जानी बाकी हैं, जिसके कारण शिफ्टिंग में विलंब हो रहा है हालांकि अधिकारियों का कहना है कि प्रक्रिया अंतिम चरण में है और जल्द ही तहसील कार्यालय को नए भवन में स्थानांतरित कर दिया जाएगा।अब क्षेत्रीय लोगों की निगाहें प्रशासन के फैसले पर टिकी हैं। लोगों का कहना है कि यदि जल्द शिफ्टिंग नहीं हुई तो समस्या और बढ़ेगी। वहीं नए भवन के शुरू होने से न केवल आम जनता को राहत मिलेगी बल्कि कर्मचारियों को भी बेहतर कार्य वातावरण मिल सकेगा।

नवनिर्मित तहसील कार्यालय भवन में बड़ा मिटिंग हॉल सहित कई कक्ष है। इसमें कर्मचारियों सहित आने वाले लोगों के लिए पूर्ण सुविधाएं है। भवन निर्माण ठेकेदार का कहना है तहसील भवन पूर्ण रूप से तैयार है, जिसे विभाग ने अपने अधीन नहीं लिया है जिसके चलते भवन लोकार्पण के लिए बाट जोह रहा है ।

परशुराम के जयघोष से गूंजायमान हुआ फरसगांव

■ **हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ भगवान परशुराम प्रकटोत्सव**

फरसगांव/नवप्रदेश। धर्म, संस्कृति और सामाजिक एकता का अनूठा संगम कल प्रबुद्ध सर्व ब्राह्मण समाज भवन में देखने को मिला। भगवान परशुराम प्रकटोत्सव के अवसर पर आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में फरसगांव सहित कोंडागांव जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए ब्राह्मण समाज के लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। पूरा वातावरण 'जय परशुराम' और 'विप्र एकता जिंदाबाद' के नारों से भक्तिमय हो उठा।

हवन-पूजन के साथ हुआ मंगलारंभः कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10:00 बजे भगवान परशुराम के तैलचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। विद्वान पंडितों के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विशेष पूजन और महायज्ञ संपन्न हुआ। समाज के सुख-समृद्धि और विश्व कल्याण की कामना के साथ आहुतियां दी गईं, जिसके बाद भगवान की भव्य आरती उतारी गई।

विचार संगोष्ठी: समाज को नई दिशा देने का संकल्प

दोपहर में आयोजित विचार संगोष्ठी के दौरान समाज के प्रबुद्धजनों ने भगवान परशुराम के शस्त्र और शास्त्र के समन्वय वाले आदर्शों पर प्रकाश डाला।

शासन की योजनाओं, शिक्षा-स्वास्थ्य और सुरक्षा सुविधाओं से जोड़ने की बड़ी पहल

■ **जरूरतमंदों को राहत एवं दैनिक उपयोगी सामग्री का वितरण**

एसपी के निर्देश पर माड़ क्षेत्र पहुंची पुलिस

कांकेर / नवप्रदेश पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक कुमार राखेचा के नेतृत्व में सुरक्षा के साथ संवेदना सुदूर माड़ क्षेत्र में कांकेर पुलिस के भरोसे का अभियान चलाया गया। कांकेर पुलिस सुरक्षा सेवा और विश्ववास पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के नेतृत्व में 18 अप्रैल को जिला कांकेर एवं नारायणपुर के सीमावर्ती सुदूर माड़ क्षेत्र के ग्राम डोमांज मुतनतोड़ा उकाट बड़ेकोट एवं गेड़ाबेड़ा में विशेष सिविक एक्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दूरस्थ क्षेत्रों में निवासरत ग्रामीणों तक पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुनना, विश्वास का वातावरण स्थापित करना तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना रहा। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं जवानों द्वारा ग्रामीणों से आत्मीय संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं स्थानीय मांगों की जानकारी ली।

मर्रमपानी में शहीद प्रधान आरक्षक बिरेंद्र शोरी की प्रतिमा का अनावरण

■ **वीर जवान के शौर्य साहस एवं बलिदान को किया नमन**

कांकेर/ नवप्रदेश नरहरपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मार्रामपानी(बावालारी) में शहीद प्रधान आरक्षक बिरेंद्र कुमार शोरी की प्रतिमा का विधिवत अनावरण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शहीद प्रधान आरक्षक बिरेंद्र कुमार शोरी का जन्म 26 जून 1988 को ग्राम मार्रामपानी में हुआ था। वर्ष 2010 में पुलिस विभाग में आरक्षक पद पर भर्ती होकर उन्होंने निष्ठा, साहस एवं समर्पण के साथ सेवाएं दीं। उत्कृष्ट कार्यशैली के चलते वे प्रधान आरक्षक पद तक पहुंचे तथा डीआरजी बल में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का निर्वहन करते रहे।04 दिसंबर 2024 को जिला नारायणपुर के पांगुड़ (गारपा) क्षेत्र में एंटी नक्सल ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों से मुठभेड़ में उन्होंने अदम्य साहस का परिचय देते हुए राष्ट्र रक्षा हेतु सर्वोच्च बलिदान दिया। शहीद जवान की स्मृति को चिरस्थायी बनाए रखने एवं नई पीढ़ी को उनके जीवन से प्रेरणा देने के उद्देश्य से ग्राम मार्रामपानी में उनकी प्रतिमा स्थापित की गई।

बचेली में साहू समाज का भव्य स्नेह मिलन समारोह

बचेली (दंतेवाड़ा)/ नवप्रदेश। तहसील साहू समाज बचेली द्वारा वार्षिक स्नेह मिलन समारोह का भव्य आयोजन बड़े उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री सौरभ कुमार मिश्रा (पर्सनल विभाग) उपस्थित रहे, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में के. बनसोड़ सर, थाना प्रभारी श्री प्रहलाद साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री कृष्ण राव, तथा विशेष सदस्य के रूप में छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त सचिव

श्रीमती बीना साहू एवं जिला अध्यक्ष श्री नेहरू साहू शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई, जिसमें बच्चों ने नृत्य, भाषण एवं माता कर्मा की जीवनी पर प्रेरणादायक प्रस्तुति दी। बच्चों के विचार और संदेशों ने उपस्थित अतिथियों का मन मोह लिया।

नहीं चलेगा बहाने, देने पड़ेंगे 9.73 लाख रुपए

कांकेर / नवप्रदेश। ऐसा प्रतीत होता है कि भारत की समस्त चालाक बीमा कंपनियां इस तर्क पर एक हो गई हैं कि बीमार व्यक्ति के मर जाने पर उसका पैसा या तो देना ही नहीं है, या बहुत लंबा समय लगा कर देना है। इसके लिए इन चालाक चतुर कंपनियों ने एक ही मुहावरा रट लिया है कि मृतक व्यक्ति बीमा कराते समय स्वस्थ नहीं था । उसने बीमारी छिपाई थी।

ऐसे ही एक मामले में कॉंकेर जिला उपभोक्ता आयोग ने मृतक के पुत्र के साथ न्याय करते हुए उसके पक्ष में फैसला दिया है। मृतक शेख अल्ताफ़ बीमा करते समय पूर्ण स्वस्थ थे। उनका खानदान कॉंकेर में डेढ़ सौ वर्षो से रह रहा है और पुराने लोग बताते हैं कि वे लोग कन्नौज उत्तर प्रदेश से आए थे, जिनका धंधा इत्र बेचने के अलावा पहलवानी का भी था। मृतक शेख अल्ताफ़ खुद पहली नज़र में ही पहलवान दिखते थे और उनके पिता शेख हकीमुल्लाह तथा भाई लोग भी पहलवान ही थे। लेकिन आश्चर्य की बात है कि शेख अल्ताफ़ के आकस्मिक निधन के बाद आईसीआईसी आई बीमा कंपनी ने यह कहते हुए उनके पुत्र का बीमा क्लेम निरस्त कर दिया कि बीमारी, बीमा के पहले से थी जिसे छुपाया गया । उल्लेखनीय है कि बीमा करने वाले की डॉक्टरी कराना कंपनी का काम होता है और शेख अल्ताफ़ के सभी टेस्ट नॉरमल निकले थे, यहां तक कि टेली मेडिसिन की भी सेवाएं प्राप्त की गई थीं, उसमें भी मामला नेगेटिव था। यदि बीमार होते तो उन्हें पॉलिसी ही जारी नहीं हो सकती थी। कंपनी ने पॉलिसी जारी कर दी और जब क्लेम पास करने का मौका आया तो चतुराई दिखाते हुए लाखों का क्लेम रोकने के लिए वही घिसा- पिटा बहाना दिया जा रहा था कि बीमारी छुपाई गई।

इस पर शेख अल्ताफ़ के पुत्र शेख अशफ़ाक़ ने कॉंकेर जिलाउपभोक्ता आयोग की शरण ली, जहां उन्हें इंसाफ़मिला। आयोग की अध्यक्ष माननीय सुजाता जसवाल तथा माननीय डाकेश्वर सोनी की बेंच ने मामले पर सूक्ष्मता पूर्वक अध्ययन के पश्चात फैसला दिया कि बीमा कंपनी ने व्यवसायिक कदाचरण किया है।

आस्था और परंपरा: सुख-समृद्धि की कामना और सांस्कृतिक संगम

बागबेड़ा में बुढ़ी माता देव मेले का भव्य आयोजन

फरसगांव/माकड़ी। कोंडागांव जिले के माकड़ी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बागबेड़ा में 'बुढ़ी माता देव मेला' पूरी श्रद्धा, उल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ। इस वर्ष क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से मेले का आयोजन गांव में ही करने का निर्णय लिया, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

परंपरा में बदलाव: ग्रामीणों की सराहनीय पहल

ग्रामीण चैतराम नेताम ने मेले के इतिहास और वर्तमान बदलाव

पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पूर्व में यह मेला माकड़ी में आयोजित किया जाता था। उस समय लुभा, सण्डसा, खुड़ी, मगेदा और ठेमगांव जैसे दूर-दराज के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु वहां पहुंचते थे।

देवी-देवताओं की भव्य अगवानी और पुष्प वर्षा

मेले का शुभारंभ अत्यंत उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। परंपरा के अनुसार, सर्वप्रथम आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे देवी-देवताओं का मेला परिसर में भ्रमण कराया गया। इस दौरान उपस्थित जनसमूह ने तेल, चावल और फूलों के साथ देवी-देवताओं की पूजा की और उन पर पुष्प वर्षा कर भव्य अगवानी की। ढोल-नगाड़ों की थाप और पारंपरिक वाद्ययंत्रों की गूंज से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

सुख-समृद्धि की कामना और सांस्कृतिक संगम: मेले के दौरान मुख्य मंदिर में बूढ़ी माता देव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने माता के चरणों में शीश नवाकर क्षेत्र की शांति, खुशहाली और बेहतर फसल की कामना की। आयोजन के दौरान बस्तर की समृद्ध संस्कृति, गहरी आस्था और पूर्वजों से चली आ रही परंपराओं का अद्भुत संगम देखने को मिला।

विदेशी मंदिरा दुकान के लिए भवन किराए पर लेने के लिए निविदा आमंत्रित

बीजापुर / नवप्रदेश। बीजापुर जिले के ग्राम संगमपल्ली तहसील भोपालपटनम में नवीन कम्पोजिट विदेशी मदिरा दुकान संचालन हेतु एक भवन उपयुक्त स्थल पर किराये पर लिए जाने हेतु निविदा आमंत्रित किया गया था। जिसे निरस्त कर इच्छुक निविदाकार से निविदा सील बन्द लिफाफे में 29 अप्रैल 2026 को दोपहर 2:00 बजे तक कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी सह संयुक्त जिला कार्यालय भवन जिला बीजापुर में पुनः आमंत्रित की जाती है।

भीषण गर्मी में रायपुर में पेयजल संकट गहराया, टैंकरों के लिए मची मारामारी

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में लगातार बढ़ते तापमान के साथ अब पेयजल संकट भी गहराने लगा है। शहर के कई इलाकों में लोग भीषण गर्मी के बीच पानी के लिए जूझ रहे हैं। टैंकरों के इंतजार में घंटों खड़े रहने के बाद जैसे ही पानी पहुंचता है, लोग बर्तन लेकर टूट पड़ते हैं। कई जगहों पर ज्यादा पानी भरने के लिए लोग टैंकर पर पाइप लेकर चढ़ जाते हैं, जिससे अव्यवस्था की स्थिति बन रही है। नगर निगम की ओर से पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने पर अब नागरिकों का आक्रोश भी सामने आने लगा है। लोग घरों से निकलकर जोन कार्यालयों का घेराव कर रहे हैं।

इन इलाकों में सबसे ज्यादा संकट: सबसे ज्यादा पेयजल समस्या जोन-9 कमिश्नरी के मोवा, सड्डू, कचना और आमासिवनी क्षेत्रों में देखी जा रही है। यहां भूमिगत जल स्तर काफी नीचे चला गया है, जिससे बोरवेल भी सूखने लगे हैं। इसी तरह जोन-5 के चंगोराभाठा क्षेत्र में भी हालात गंभीर हैं।

नदी पास, फिर भी पानी के लिए तरस रहे लोग: खारून नदी के पास स्थित डॉ. खूबचंद बघेल और भक्त माता कर्मा वार्ड के कई मोहल्लों में भी लोग टैंकर के भरोसे हैं। वहीं जोन-2 के डब्ल्यूआरएस कॉलोनी की चार झुग्गी बस्तियों में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है।

पार्षद की गुहार भी बेअसर: वीरांगना अवंति बाई वार्ड की झुग्गी बस्तियों में पानी की समस्या एक साल से बनी हुई है। पार्षद खगपति सोनी इस मुद्दे को लेकर महापौर के सामने कई बार गुहार लगा चुके हैं। पाइपलाइन के लिए फंड जारी होने के बावजूद अब तक काम शुरू नहीं हो सका है। दुर्गानगर, यादव मोहल्ला और इंदिरानगर बस्तियों में लोग घंटों टैंकर का इंतजार करते हैं। जहां नल कनेक्शन हैं, वहां भी कम प्रेशर के कारण पानी नहीं पहुंच पा रहा।

पाइपलाइन योजना अटकी: महापौर मीनल चौबे ने 12 मार्च को चंगोराभाठा टंकी से रायपुरा का कनेक्शन काटने के निर्देश दिए थे, लेकिन दो महीने बाद भी काम शुरू नहीं हो पाया। करीब 35 लाख रुपये की योजना फाइलों में ही अटकी हुई है।

पानी के लिए प्रदर्शन और विवाद की स्थिति: पंडित मोतीलाल नेहरू वार्ड में लोगों ने जोन कार्यालय का घेराव कर दिया। नागरिकों का कहना है कि चंडीनगर, गणेशनगर, भवानीनगर, पीएम आवास कॉलोनी और कचना नीला चौक में सुबह-शाम नलों में पानी नहीं आता। टैंकरों की संख्या कम होने के कारण अब पानी के लिए झगड़े की नौबत आने लगी है। खराब बोरवेल की मशीन 10 दिनों से सुधार के लिए गई है, लेकिन अब तक वापस नहीं आई, जिससे समस्या और बढ़ गई है।

रायपुर में लू का अलर्ट, पारा 44 डिग्री तक पहुंचने की संभावना

छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी का दौर जारी है। तेज धूप और गर्म हवाओं ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। दिन में चिलचिलाती धूप के साथ-साथ रात में भी उमस और गर्म हवाओं से लोगों को राहत नहीं मिल रही है। राज्य में शनिवार को सबसे अधिक तापमान राजनांदगांव में 45 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस सीजन का अब तक का उच्चतम स्तर है। वहीं राजधानी रायपुर में अधिकतम तापमान 43.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने 19 अप्रैल को रायपुर में लू चलने की चेतावनी जारी की है। इस दौरान अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना जताई गई है। मौसम विज्ञानी एच. पी. चंद्रा के अनुसार, महाराष्ट्र के वर्धा और छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में तापमान 45 डिग्री तक पहुंच चुका है। इससे पहले शुक्रवार को राजनांदगांव में पारा 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

न्यूज गैलरी

'माय पिंक पार्टी' 25 को दीपिका सिंह होंगी शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। शहर में महिलाओं के लिए 25 अप्रैल को 'माय पिंक पार्टी' का आयोजन किया जाएगा। मायएफएम के इस इवेंट में टीवी अभिनेत्री दीपिका सिंह स्पेशल गेस्ट के रूप में शामिल होंगी। आयोजकों के अनुसार, इवेंट में म्यूजिक, फैशन शो, गेम्स, डांस और लाइव एक्टिविटीज होंगी। इसमें हर उम्र की महिलाओं के लिए अलग-अलग कार्यक्रम रखे गए हैं, ताकि सभी को भाग लेने का मौका मिल सके। कार्यक्रम का मकसद महिलाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाना और उन्हें सकारात्मक माहौल देना है। इवेंट से पहले शहर की विभिन्न सोसायटियों में प्री-इवेंट गतिविधियां भी आयोजित की जा रही हैं। इच्छुक महिलाएं 'माय पिंक पार्टी' लिखकर 7772493493 पर व्हाट्सएप या 8839935569, 9827271153 पर संपर्क कर रजिस्ट्रेशन कर सकती हैं।

रायपुर मास्टर प्लान-2031 में गड़बड़ियां बरकरार, 2 साल बाद भी संशोधन अटका

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के मास्टर प्लान-2031 में सामने आई गड़बड़ियां दो साल बाद भी जस की तस बनी हुई हैं। जांच पूरी होने के बावजूद नगर एवं ग्राम निवेश विभाग अब तक संशोधन का प्रारूप जारी नहीं कर पाया है, जिससे पुराने प्लान के आधार पर ही शहर में विकास कार्य जारी हैं। जानकारी के अनुसार, मास्टर प्लान में संशोधन का प्रस्ताव करीब 6 महीने पहले तैयार हो चुका है, लेकिन इसे सार्वजनिक नहीं किया गया। माना जा रहा है कि संशोधन जारी होने पर बड़ी संख्या में दावा-आपत्तियां सामने आएंगी, इसी आशंका के चलते प्रक्रिया को लंबित रखा गया है। मौजूदा हालात में बिना किसी सुधार के पुराने मास्टर प्लान के आधार पर ही कॉलोनियों के लेआउट, विकास योजनाएं और भवन नक्शे स्वीकृत किए जा रहे हैं, जिससे अनियमितताओं का खतरा बना हुआ है।

पहले भी आई थीं बड़ी संख्या में आपत्तियां: बताया गया कि मास्टर प्लान-2031 के प्रारूप पर पहले ही 1500 से अधिक आपत्तियां दर्ज की गई थीं। इसके लागू होने के बाद भी लगातार शिकायतें मिलती रहीं, जिसके बाद आवास मंत्री ओपी चौधरी ने करीब दो साल पहले जांच के आदेश दिए थे।

फील्ड जांच में भी सामने आई खामियां: जांच समिति के भौतिक सत्यापन में कई गंभीर गड़बड़ियां उजागर हुईं। शहर के कई पुराने तालाब और प्रमुख सड़कें जैसे केके रोड, मालवीय रोड, एडवर्ड रोड और मुढ़ियारी रोड मास्टर प्लान में दर्ज ही नहीं हैं। इसके अलावा कुछ स्थानों पर जमीन के भू-उपयोग में गड़बड़ी कर उसे मिश्रित उपयोग में बदलने के मामले भी सामने आए हैं, जिनमें एफआईआर तक दर्ज की जा चुकी है।

माओवाद के बाद विकास की नई राह: पुसपाल बनेगा ईको-टूरिज्म हब

रायपुर/नवप्रदेश। कोण्डागांव जिले के पुसपाल क्षेत्र से माओवाद खत्म होने के बाद अब विकास की नई तस्वीर उभर रही है। वर्षों तक प्रभावित रहने के कारण जहां पर्यटन गतिविधियां ठप थीं, वहीं अब केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से क्षेत्र में शांति स्थापित हुई है और पर्यटन की संभावनाएं फिर से जीवंत हो गई हैं।

इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने ग्राम परौदा में लगभग एक करोड़ 45 लाख 96 हजार रुपए की लागत से बनने वाले ईको-टूरिज्म रिसॉर्ट का भूमिपूजन किया। इसके साथ ही पुसपाल क्षेत्र में ही एक करोड़ 70 लाख रुपये की लागत से नदी तट पर बनने वाले ओपन रेस्टोरेंट का भी भूमिपूजन किया।

वन मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि पुसपाल को विकसित करने का उद्देश्य कोण्डागांव-बस्तर ईको-टूरिज्म सर्किट को मजबूत बनाना है। अभी तक पर्यटक टाटामारी और चित्रकूट तक ही सीमित रहते थे, लेकिन अब पुसपाल में नई गतिविधियां शुरू होने से पर्यटन का दायरा भी बढ़ेगा। उन्होंने बताया कि यहां भंवरडीह नदी में ट्यूबी राइड, एडवेंचर स्पोर्ट्स, रिवर राफ्टिंग और बांस राफ्टिंग जैसी गतिविधियां शुरू की जाएंगी। साथ ही पुसपाल घैली में व्यू पॉइंट से सूर्यास्त का अद्भुत नजारा देखने के साथ पर्यटक ईको-कॉटेज में रात्रि में सितारों से भरे आकाश का आनंद लेते हुए विश्राम कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि ईको-टूरिज्म के विकास से स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी और क्षेत्र की संस्कृति को देश-विदेश में पहचान मिलेगी।

किसान मनीष मिश्रा ने खीरे की फसल से प्राप्त की 02 लाख रुपये की आमदनी

रायपुर/नवप्रदेश। मुंगेली जिले के पथरिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम मदवानी के युवा किसान श्री मनीष मिश्रा ने आधुनिक खेती तकनीकों को अपनाकर सफलता की नई मिसाल प्रस्तुत की है। राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के अंतर्गत उन्हें मिली सहायता ने उनकी आय को लाखों रुपए तक पहुंचाया है। स्नातक शिक्षित किसान श्री मिश्रा के पास लगभग 02 हेक्टेयर कृषि भूमि है। उन्होंने 1200 वर्ग मीटर क्षेत्र में खीरा की उन्नत खेती की शुरुआत की। विभागीय मार्गदर्शन में उन्होंने ड्रिप इरिगेशन सिस्टम, प्लास्टिक मल्चिंग एवं शेडनेट हाउस जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया, जिससे फसल की गुणवत्ता और उत्पादन दोनों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। खेती के दौरान उन्हें विभाग से 50 हजार रुपए का अनुदान प्राप्त हुआ, जिससे लागत कम करने में मदद मिली। खीरा फसल से उन्हें प्रति एकड़ लगभग 175 क्विंटल उत्पादन प्राप्त हुआ, जिसे उन्होंने 08 से 12 रुपये प्रति किलो की दर से बाजार में विक्रय किया। इस प्रकार कुल 02 लाख रुपये की आय हुई, जिसमें 70 हजार रुपये लागत निकालने के बाद उन्हें लगभग 1.30 लाख रुपये का शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ।

विदेश दौरे और सोशल मीडिया शो-ऑफ से पुलिस के शिकंजे में आया सट्टेबाज खेमानी

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में ऑनलाइन सट्टेबाजी के बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ है। मुंबई, ओडिशा, गोवा और छत्तीसगढ़ में सट्टा संचालन के आरोप में गिरफ्तार गुलशन उर्फ बाबू खेमानी (32) अपने विदेश दौरों, महंगी पार्टियों और सोशल मीडिया पर पैसे का प्रदर्शन कर पुलिस की नजर में आया। पुलिस के अनुसार, खेमानी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का एक्सपर्ट बनकर फेसबुक, इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर ऑनलाइन गेमिंग का प्रचार करता था। उसके सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर करीब ढाई लाख फॉलोअर्स हैं, जिन्हें वह अपने नेटवर्क से जोड़ता था।

पहले भी आया था नाम, इस बार पुख्ता कार्रवाई-बताया गया कि वर्ष 2023 में खम्हारडीह पुलिस ने उसके भाई करण खेमानी सहित अन्य लोगों को सट्टेबाजी मामले में गिरफ्तार किया था, लेकिन बाबू खेमानी उस समय प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के बाद बच निकला था। इस बार पुलिस ने सुनियोजित रणनीति अपनाते हुए करीब दो सप्ताह की कार्रवाई के बाद उसे 26 साथियों के साथ दबोच लिया।

करोड़ों के लेन-देन और संपत्ति की जांच

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 60 लाख रुपए कीमत की दो कारें, मोबाइल फोन, लैपटॉप सहित कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए हैं। इसके साथ ही कई बैंक खातों, मोबाइल सिम और एटीएम कार्ड की जांच जारी है। जांच में धोखाधड़ी और फर्जी दस्तावेजों के जरिए बैंक खाते और सिम कार्ड हासिल करने के भी सुराग मिले हैं। फिलहाल पुलिस आरोपी को रिमांड में लेकर उससे अवैध कारोबार, कमाई, निवेश और संपर्कों को लेकर गहन पूछताछ कर रही है।

चार राज्यों में फैला है नेटवर्क

पुलिस जांच में सामने आया है कि खेमानी ने महज ढाई साल में अपना अवैध कारोबार मुंबई, ओडिशा, गोवा और छत्तीसगढ़ के कई शहरों तक फैला लिया था। रायपुर, दुर्ग, भवानीपटना, मुंबई और गोवा में एक साथ छापेमारी कर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया।

20 प्रतिशत कमीशन लेने वालों की तलाश-

पुलिस को संकेत मिले हैं कि खेमानी अपने नेटवर्क में किसी व्यक्ति को 20 प्रतिशत कमीशन देता था, जो संभवतः विदेश में बैठा है। अब इस व्यक्ति तक पहुंचने के लिए साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री साय से चौहान समाज के प्रतिनिधिमंडल ने की भेंट

■ **समाज में गुंडागर्दी समाप्त करने व सम्राट पृथ्वीराज चौहान की मूर्ति स्थापना की मांग**

रायपुर/नवप्रदेश। राजपूत छत्रिय चौहान समाज छत्तीसगढ़ के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी से उनके निवास कार्यालय में सौजन्य मुलाकात कर समाज में व्याप्त गंभीर समस्याओं से अवगत कराया।

समाज के केंद्र अध्यक्ष श्री चंद्रशेखर सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष बेनू राम चौहान संगठन मंत्री नंदकुमार चौहान राज अध्यक्ष ढाल सिंह जामुल चौहान, राज उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चौहान श्री राज अध्यक्ष उत्तम सिंह चौहान बेरला , घनश्याम सिंह चौहान, डोमार सिंह चौहान मनोनीत कार्यकारी अध्यक्ष श्री चंद्रशेखर सिंह चौहान एवं अन्य वरिष्ठ सदस्य प्रतिनिधिमंडल में शामिल थे।

मुख्यमंत्री को सौंपे गए ज्ञापन के मुख्य बिंदु

संगठित गुंडागर्दी का आरोपः प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि स्वयंभू अध्यक्ष गणेश सिंह व उसके सहयोगियों ने समाज पर अवैध कब्जा कर रखा है। फर्जी चुनाव के माध्यम से पद हथियाया गया है।

जब महिलाएं सशक्त होती हैं, तब राज्य होता है मजबूत: मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े

'लक्ष्मी सखी मिलेट्स कार्ट' से आत्मनिर्भरता को मिली नई रफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। महिला सशक्तिकरण को राज्य के समग्र विकास की आधारशिला बताते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि जब महिलाएं सशक्त होती हैं, तो परिवार, समाज और पूरा राज्य मजबूत होता है। उन्होंने अपने निवास, नया रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय 'लक्ष्मी सखी मिलेट्स कार्ट' वितरण कार्यक्रम में यह उद्बोधन देते हुए कहा कि राज्य सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने विभिन्न स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को 'लक्ष्मी सखी मिलेट्स कार्ट' वितरित किए। इस अवसर पर श्रीमती शैलेन्द्री कुर्रे, श्रीमती डिगेश्वरी निषाद, श्रीमती अनिता ताण्डी, श्रीमती सुमन वर्मा, श्रीमती दीपाली राजपूत, श्रीमती दीपा सोनी, श्रीमती कामिनी बोथरा, श्रीमती सुभद्रा निर्मलकर, श्रीमती गीता साहू एवं श्रीमती प्रीति साहू सहित कई हितग्राही उपस्थित रहीं।

आरटीई को लेकर आर-पार, छत्तीसगढ़ में 5000 निजी स्कूल बंद, संकट में 15000 बच्चों का भविष्य

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में आरटीई की प्रतिपूर्ति की राशि सरकारी स्कूलों पर आने वाले खर्च के बराबर करने की मांग को लेकर प्रदेश के निजी स्कूलों में ताला लटका मिला है। वहीं प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन का कहना है कि प्रदेश में आज करीब 5000 स्कूल बंद रहे। आरटीई पर सरकार की सख्ती के बाद से प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट आंदोलनरत है। आंदोलन की अगली कड़ी में प्रदेश के करीब 8000 प्राइवेट स्कूल शिक्षा मंत्री को चिट्ठी लिखकर प्रतिपूर्ति की राशि बढ़ाने की मांग करेंगे।

प्रदेश में आरटीई को लेकर सरकार ने पहली लिस्ट जारी कर दी है। करीब 14,000 बच्चों को इसके तहत प्राइवेट स्कूलों में दाखिला दिया जाएगा। लिस्ट में शामिल बच्चों के अभिभावक सरकार और निजी स्कूलों की लड़ाई में परेशान हैं। उन्हें इस बात की चिंता सता रही है कि लिस्ट जारी होने के बाद उनके बच्चों का दाखिला स्कूलों में होगा या नहीं।

राशि बढ़ाने की मांग पर अड़े

प्रदेश की साय सरकार आरटीई के तहत दाखिला लेने वाले प्रत्येक विद्यार्थी के बदले में 7000 रुपए फीस देती है ।

मिशन कर्मयोगी: एआई और टीम वर्क पर फोकस

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी में मिशन कर्मयोगी के तहत संस्थागत क्षमता निर्माण पर कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें 40 विभागों के अधिकारी एक मंच पर जुटे, जहां एआई और टीमवर्क पर खास फोकस रहा। कार्यशाला का उद्देश्य प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने के साथ प्रशिक्षण, नवाचार और विभागों के बीच बेहतर समन्वय को बढ़ावा देना रहा। कार्यशाला में सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव अविनाश चंपावत ने क्षमता निर्माण की जरूरत और सुशासन में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बदलते प्रशासनिक परिदृश्य में अधिकारियों को नई तकनीकों और कार्यशैली के अनुरूप खुद को लगातार अपडेट करना होगा। आईएएस कार्तिकेय गोयल ने रोल आधारित क्षमता निर्माण पर विचार रखे। प्रशासन अकादमी के महानिदेशक सुव्रत साहू ने प्रशिक्षण संस्थानों की भूमिका स्पष्ट की ।

पत्रकार पर हमले के विरोध में रायपुर प्रेस क्लब का निंदा प्रस्ताव

■ **सख्त कार्रवाई की मांग**

रायपुर/नवप्रदेश। सारंगढ़ में पत्रकार साथी पोसराम साहू के साथ हुई मारपीट की घटना को लेकर रायपुर प्रेस क्लब ने कड़ी निंदा व्यक्त की है। इस घटना के विरोध में प्रेस क्लब के आपात बैठक आयोजित कर सर्वसम्मति से निंदा प्रस्ताव पारित किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सारंगढ़ के पत्रकार पोसराम साहू ने रायपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष मोहन तिवारी एवं वरिष्ठ पत्रकारों से मुलाकात कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसान आस्मीन बरेठ को लंबे समय से कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा परेशान किया जा रहा था। इसी सिलसिले में पोसराम साहू, किसान के पुत्र के साथ कृषि ग्रामीण विस्तार अधिकारी प्रवीण पटेल से कार्यालय में मिलने पहुंचे थे।

इस दौरान अधिकारी प्रवीण पटेल द्वारा पोसराम साहू के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए मारपीट की गई, जिससे उनके चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं। यह घटना 16 अप्रैल की सुबह की है, लेकिन अब तक पुलिस एवं संबंधित विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जो अत्यंत चिंताजनक है।

घटना की जानकारी मिलते ही रायपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष मोहन तिवारी ने सारंगढ़ कलेक्टर से दूरभाष पर चर्चा कर दोषी अधिकारी के खिलाफकड़ी कार्रवाई की मांग की।

परेशानी: बिल चाहिए पूरा पर बिजली के नाम पर सिर्फ अंधेरा

बिजली विभाग की 'अंधेरगर्दी' से ग्रामीणों में भारी आक्रोश

रायपुर/तिल्दा(बैकुंठ)। छत्तीसगढ़ को बिजली उत्पादन में 'सरप्लस' राज्य माना जाता है, लेकिन भीषण गर्मी के दस्तक देते ही यहाँ की विद्युत व्यवस्था चरमरा गई है। ग्रामीण इलाकों में कई घंटों बिजली गुल रहने से लोगों का जीना मुहाल हो गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि भीषण गर्मी और उमस के बीच रात-रात भर बिजली गायब रहती है। शाम से लेकर सुबह तक बिजली वापस नहीं लौटती, जिससे छोटे बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोग पूरी रात 'रतजगा' करने को मजबूर हैं।

हाल ही में बीती रात ग्राम बैकुंठ में बिजली की आंख मिचौली के बीच लोगों का नींद चैन हराम करके रख दिया।

यहीं नहीं +ग्राम बैकुंठ सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों जैसे किरना, नेवरा, सांकरा,और खरोरा में भी बिजली की यही बदहाल स्थिति बनी हुई है। पूरे क्षेत्र के ग्रामीण इस अघोषित कटौती से तंग आ गए हैं।

बिजली विभाग की हेल्पलाइन पर फोन करने पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलता। कई बार लाइन व्यस्त आती है या फोन रिसीव ही नहीं होता। 'मोर बिजली ऐप' पर भी शिकायतें दर्ज कराई गईं, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों का का कहना है कि जब हम नियमित रूप से बिजली बिल का भुगतान कर रहे हैं, तो हमें बिना बिजली के रहने की सजा क्यों दी जा रही है?+

बढ़ती आबादी के कारण बिजली की खपत बढ़ गई है, जिससे पुराने ट्रांसफार्मर बार-बार खराब हो रहे हैं। मशीनें लोड नहीं झेल पा रही हैं। व्यवस्था को सुधारने के लिए ट्रांसफार्मर की क्षमता को बढ़ाया जाए।

यदि जल्द ही बिजली संकट का समाधान नहीं किया गया तो आक्रोशित ग्रामीण उग्र आंदोलन पर बाध्य होंगे।

नवीन जिंदल के बाद किरण बेदी वेदांता चेयरमैन के समर्थन में आईं

रायपुर/नवप्रदेश। पूर्व उपराज्यपाल एवं IPS अधिकारी किरण बेदी ने किया समर्थन। निर्णयों में संवेदनशीलता बरतने की अपील।नवीन जिंदल ने बेबुनियाद एफआईआर के खिलाफ CII, FICCI और अन्य संगठनों से आवाज उठने का किया था आग्रह कर का वितरण शुरू। वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल के समर्थन में उठने वाली आवाजें अब और बुलंद होती जा रही हैं। लोकसभा सांसद और जिंदल स्टील के चेयरमैन नवीन जिंदल के बाद, जो छत्तीसगढ़ के सिंहितराई बॉयलर ब्लास्ट मामले में अग्रवाल के खिलाफ दर्ज एफआईआर को सार्वजनिक रूप से चुनौती देने वाले पहले प्रमुख व्यक्ति बने, अब पूर्व उपराज्यपाल और सेवानिवृत्त IPS अधिकारी डॉ. किरण बेदी ने भी इस मुहिम में अपनी आवाज जोड़ दी है – वेदांता को राष्ट्रीय संपत्ति बताते हुए सार्वजनिक निर्णयों में संयम बरतने की अपील की है। पद्म भूषण से सम्मानित, पूर्व IPS अधिकारी और पुडुचेरी की पूर्व उपराज्यपाल डॉ. किरण बेदी ने संगठन के अपने प्रत्यक्ष अनुभव के आधार पर समर्थन में कदम रखा। अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर डॉ. बेदी ने लिखा हाल ही में इस विशाल संगठन का दौरा करने के बाद मैंने देखा कि प्रत्येक व्यक्ति सुरक्षा और प्रशिक्षण के प्रति कितना समर्पित था।

भारत में शुरू होने जा रही फ्लाइंग टैक्सी, इंडिगो ने इस देसी स्टार्टअप पर लगाया बड़ा दांव

नई दिल्ली। सोचिए, आप सुबह घर से निकलें और 100 किलोमीटर दूर किसी शहर में अपनी मीटिंग के लिए सिर्फ 15 मिनट में पहुंच जाएं। न कोई ट्रैफिक जाम, न रेड लाइट और न ही ट्रेन का लंबा इंतजार।

सुनने में यह किसी हॉलीवुड साइंस फिक्शन फिल्म का सीन लग सकता है, लेकिन अब यह भारत में हकीकत बनने जा रहा है। देश में 30 से 300 किलोमीटर की 'मिडिल डिस्टेंस' यात्रा को आसान बनाने के लिए देसी स्टार्टअप 'सरला एविएशन' और दिग्गज एयरलाइन कंपनी 'इंडिगो' ने हाथ मिला लिया है। दोनों कंपनियां मिलकर भारत में एक नया एयर टैक्सी नेटवर्क तैयार कर रही हैं, जो सड़क और आसमान के बीच की दूरी को मिटाकर सफर का पूरा अनुभव बदल देगा।

भारत में सड़क और रेलवे का बेहतरीन जाल होने के बावजूद 100-200 किलोमीटर की यात्रा के लिए लोगों को अक्सर भारी ट्रैफिक और घंटों की देरी का सामना करना पड़ता है। इसी बड़ी समस्या को दूर करने के लिए इंडिगो वेंचर्स ने सरला एविएशन में 10 करोड़ रुपये का भारी निवेश किया है।

इस निवेश को भारत के पहले बड़े एयर टैक्सी नेटवर्क की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। सरला एविएशन का यह फंडिंग राउंड एक्सेल और निखिल कामथ के नेतृत्व में पूरा हुआ है। इंडिगो के पास रोजाना 2000 से ज्यादा उड़ानों और

85 एयरपोर्ट का मजबूत नेटवर्क है, जो इस प्रोजेक्ट को तकनीकी और ऑपरेशनल स्तर पर बड़ी ताकत देगा।

रोजगार से लेकर मेडिकल इमरजेंसी तक

भारत का नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (DGC) भी इस नई तकनीक के लिए तेजी से नियम और रास्ते तैयार कर रहा है। सरला एविएशन की टीम में लिलियम और जॉबी एविएशन जैसी वैश्विक कंपनियों के एक्सपर्ट शामिल हैं। कंपनी का मानना है कि भारत की विशाल आबादी और डिमांड के कारण एयर टैक्सी की जरूरत यहां सबसे ज्यादा है। इस फ्लाइंग टैक्सी के शुरू होने से न सिर्फ ट्रांसपोर्टेशन की शक्ल बदलेगी, बल्कि एयरोस्पेस सेक्टर में हजारों नई नौकरियां भी पैदा होंगी। इसके अलावा, इमरजेंसी मेडिकल सर्विस की रफ्तार बढ़ेगी, छोटे शहर सीधे बड़े शहरों से जुड़ेंगे और रक्षा क्षेत्र के लॉजिस्टिक्स को भी नई मजबूती मिलेगी।

न्यूज गैलरी

स्मार्टफोन्स में प्री-इंस्टॉल नहीं होगा आधार एप, सरकार ने लिया यू-टर्न

नई दिल्ली। स्मार्टफोन यूजर्स और मोबाइल कंपनियों के लिए एक अहम खबर है। भारत सरकार ने स्मार्टफोन्स में आधार ऐप को अनिवार्य रूप से प्री-इंस्टॉल करने के अपने प्रस्ताव को अब आधिकारिक तौर पर वापस लेने का फैसला किया है। इसका मतलब है कि अब एप्पल, सैमसंग और अन्य स्मार्टफोन कंपनियों को भारत में बिकने वाले अपने मोबाइल फोन्स में पहले से आधार ऐप डालकर देने की कोई जरूरत नहीं होगी। दिग्गज स्मार्टफोन कंपनियों के भारी विरोध के बाद एक सरकारी संस्था ने स्पष्ट किया है कि भारत सरकार अब इस प्रस्ताव पर आगे विचार नहीं करेगी।रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, आधार का संचालन करने वाली सरकारी संस्था यूआईडीएआई ने इसी साल जनवरी में आईटी मंत्रालय से संपर्क साधा था। यूआईडीएआई ने मंत्रालय से एप्पल, गूगल और अन्य प्रमुख स्मार्टफोन निर्माताओं के साथ बातचीत कर आधार ऐप को फोन में प्री-इंस्टॉल करना अनिवार्य बनाने की मांग की थी। हालांकि, अब ढ्ढष्ठढ्ढ ने अपने एक बयान में स्पष्ट कर दिया है कि आईटी मंत्रालय ने इस प्रस्ताव की गहन समीक्षा की है और वह स्मार्टफोन पर इस ऐप को पहले से इंस्टॉल करना अनिवार्य बनाने के पक्ष में बिल्कुल नहीं है। गौरतलब है कि देश के करीब 1.34 अरब लोगों के पास 12 अंकों का यह यूनिक आइडेंटिटी नंबर है, जिसका इस्तेमाल बैंकिंग से लेकर एयरपोर्ट पर फास्ट एंट्री तक में किया जाता है।

पेटीएम गोल्ड ने 12,000 पिन कोड्स तक डिलीवरी सेवा का किया विस्तार

नई दिल्ली। पेटीएम (वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड) ने शुक्रवार को अपनी पेटीएम गोल्ड सेवा को और आसान बनाते हुए बड़ी घोषणा की। अब कंपनी 12,000 से ज्यादा पिन कोड में फिजिकल गोल्ड की डोरस्टेप डिलीवरी की सुविधा का विस्तार किया है। इससे डिजिटल गोल्ड बैलेंस को 24-कैरेट गोल्ड कॉइन्स में बदलना आसान हो गया है, जिससे पूरे देश में गोल्ड खरीदना और उसे प्राप्त करना और भी सरल हो गया है। पेटीएम भारत की फुल-स्टैक मर्चेंट पेमेंट्स लीडर है और एमएसएमई व बड़े उद्यमों को सेवा देती है, साथ ही एक प्रमुख फाइनेंशियल सर्विसेज डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी और मोबाइल पेमेंट्स, क्यूआर कोड व साउंडट्रेक की अग्रणी कंपनी है। कंपनी एमएमटीसी-पीएएमपी के साथ साझेदारी में पेटीएम गोल्ड की पेशकश करती है। एमएमटीसी-पीएएमपी, एमएमटीसी लिमिटेड और स्विट्जरलैंड की एमकेएस पीएएमपी एसए का संयुक्त उपक्रम है। यह सेवा डिजिटल गोल्ड बैलेंस को फिजिकल गोल्ड में बदलने की सुविधा देती है, जिससे गोल्ड की बचत पर ज्यादा लचीलापन और नियंत्रण मिलता है। फिजिकल गोल्ड को रिडीम करते समय मामूली मेकिंग और डिलीवरी शुल्क लागू होते हैं।

मुकेश अंबानी को पछाड़ गौतम अडानी ने फिर किया बड़ा धमाका

नई दिल्ली। अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी ने एक बार फिर व्यापार जगत में अपनी बादशाहत कायम कर ली है। संपत्ति के मामले में उन्होंने न केवल भारत में, बल्कि पूरे एशिया में नंबर वन का ताज अपने नाम कर लिया है। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, गौतम अडानी ने रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी को पछाड़ दिया है और एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। इस छलांग के साथ ही गौतम अडानी की कुल नेटवर्थ बढ़कर 92.6 अरब डॉलर तक पहुंच गई है, जबकि मुकेश अंबानी 90.8 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ दूसरे पायदान पर खिसक गए हैं। गुरुवार को भारतीय शेयर बाजार में भले ही सुस्ती देखने को मिली और सेंसेक्स 123 अंकों की गिरावट के साथ बंद हुआ, लेकिन अडानी ग्रुप की कंपनियों के शेयरों ने तूफानी प्रदर्शन किया। इसी शानदार तेजी के दम पर गौतम अडानी की नेटवर्थ में महज एक ही दिन के भीतर 3.56 अरब डॉलर का भारी इजाफा हो गया। इसके उलट, रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में खास हलचल नहीं हुई और वे लगभग सपाट बंद हुए। इस वजह से मुकेश अंबानी की संपत्ति में मात्र 76.7 मिलियन डॉलर की ही मामूली बढ़ोतरी दर्ज की जा सकी।

पीएफ कटने की सैलरी लिमिट बढ़कर होगी 30 हजार रुपए

सरकार करने जा रही है बड़ा बदलाव

नई दिल्ली। प्राइवेट नौकरी करने वाले लाखों कर्मचारियों के लिए एक बड़ी और राहत भरी खबर सामने आ रही है। केंद्र सरकार जल्द ही प्रोविडेंट फंड (क्क्न) कवरेज के लिए तय की गई बेसिक सैलरी लिमिट को भारी मार्जिन से बढ़ाने पर विचार कर रही है।

मौजूदा समय में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (श्वक्कन्नह्र) के तहत अनिवार्य पीएफ कटौती के लिए वेतन सीमा 15,000 रुपये प्रति माह तय है, जिसे अब बढ़ाकर 25,000 से 30,000 रुपये तक किया जा सकता है। श्रम और रोजगार मंत्रालय में इस लंबे समय से लटके प्रस्ताव पर अब तेजी से काम शुरू हो गया है, जिससे आने वाले समय में देश के एक बड़े वर्कफोर्स को रिटायरमेंट फंड और सामाजिक सुरक्षा का सीधा लाभ मिल

सकेगा।पीएफ लिमिट बढ़ाने के इस बड़े फैसले पर पुनर्विचार की जरूरत इसलिए पड़ी क्योंकि हाल के दिनों में, खासकर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (ह्रष्टक्र) में, औद्योगिक और प्राइवेट कर्मचारियों के वेतन में अच्छी खासी बढ़ोतरी देखी गई है। इस सैलरी हाइक के कारण कई कुशल कर्मचारी 15,000 रुपये की सीमा को पार कर गए हैं और तकनीकी रूप से अनिवार्य ईपीएफओ कवरेज के दायरे से बाहर होने के खतरे का सामना कर रहे हैं। सरकार का मानना है कि अगर समय रहते यह लिमिट नहीं बढ़ाई गई, तो 'यूनिवर्सल सोशल सिक्योरिटी' यानी सभी को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने का लक्ष्य अधूरा रह जाएगा।ईपीएफओ के साथ-साथ सरकार कर्मचारी राज्य बीमा निगम (श्वस्ढ्ढष्ट) के तहत भी वेतन सीमा को बढ़ाने पर गंभीरता से विचार कर रही है। फिलहाल ईएसआईसी के तहत वेतन सीमा 21,000 रुपये प्रति माह है। वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देने और नियमों के बेहतर पालन के लिए ईपीएफओ और ईएसआईसी, दोनों योजनाओं की वेतन सीमा को एक समान स्तर पर लाने की योजना है। श्रम मंत्रालय इसके लिए जल्द ही कंपनियों और अन्य संबंधित पक्षों के साथ विस्तृत चर्चा शुरू करने जा रहा है।

सुप्रीम कोर्ट की सख्त चेतावनी का दिखा असर

आपको बता दें कि ईपीएफओ की सैलरी लिमिट में आखिरी बार बदलाव एक दशक पहले साल 2014 में किया गया था, तब इसे 6,500 रुपये से बढ़ाकर 15,000 रुपये प्रति माह किया गया था। इस बार लिमिट बढ़ाने की प्रक्रिया में तेजी आने का एक बड़ा कारण सुप्रीम कोर्ट की वह हालिया चेतावनी भी है, जिसमें कोर्ट ने महंगाई और बढ़ती वेतन दरों के हिसाब से इस सीमा को अपडेट करने पर जोर दिया था। कोर्ट ने साफ कहा था कि मौजूदा सीमा के कारण वर्कफोर्स का एक बड़ा हिस्सा सामाजिक सुरक्षा से वंचित हो रहा है।

मानक समितियों के कामकाज में सुधार, प्रक्रिया को बनाया सरल

नई दिल्ली। व्यापार सुगमता और निर्यातकों के लिए व्यापार सुविधा प्रदान करने की सरकार ने एक बार फिर प्रतिबद्धता दिखाई है। इस क्रम में वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) के अंतर्गत आने वाली मानक समितियों के कामकाज को सुदृढ़ करने हेतु लक्षित सुधारों की एक श्रृंखला शुरू की है। इसका उद्देश्य अग्रिम प्राधिकरण योजना के तहत प्रक्रिया में लगने वाले समय को कम करना, शीघ्र अनुमोदन सुनिश्चित करना और पारदर्शिता एवं पूर्वानुमानशीलता को बढ़ाना है। यह जानकारी शुक्रवार को जारी एक आधिकारिक बयान में दी गई है।

लागू किए गए सुधारों की श्रृंखला में मानदंड समितियों (एनसी) के कामकाज में एकरूपता और निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत दिशानिर्देश जारी करना शामिल है। इनमें निश्चित पाक्षिक चक्र पर बैठकों का संस्थागत निर्धारण, लंबे समय से लंबित मामलों को प्राथमिकता देना, समयबद्ध तरीके से बैठक के कार्यवृत्त को अंतिम रूप देना और लंबित मामलों और उनकी अवधि की व्यवस्थित निगरानी करना शामिल है। बयान में कहा गया है कि बार-बार होने वाली स्वीकृतियों को कम करने के लिए, बार-बार आने वाले मामलों की पहचान करके उन्हें मानक इनपुट-आउटपुट मानदंडों (एसआईओएन) में परिवर्तित करने के प्रयास भी किए गए हैं।

संबंधित मंत्रालयों से समितियों में अतिरिक्त तकनीकी अधिकारियों को मनोनीत करने का अनुरोध किया गया है ताकि क्षेत्रीय विशेषज्ञता को बढ़ाया जा सके और सदस्यों के सीमित समूह पर निर्भरता कम की जा सके। इसके अलावा, लंबित आवेदनों के शीघ्र निपटान के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया गया है, जिसके तहत बैठकें नियमित समय पर आयोजित की जा रही हैं और पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए मामलों को कालानुक्रमिक क्रम में निपटाया जा रहा है। क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से, विभिन्न मंत्रालयों से दस अतिरिक्त तकनीकी सदस्यों को मनोनीत किया गया है।

15 साल बाद बांग्लादेश में खेलेगी वनडे सीरीज

नईदिल्ली। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम इस साल जून के महीने में बांग्लादेश में वनडे और टी-20 सीरीज खेलेगी। सीरीज में 3 वनडे और 3 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले जाएंगे। साल 2011 के बाद यह पहला मौका होगा जब कंगारू टीम बांग्लादेश की धरती पर कोई वनडे सीरीज खेलेगी।

ये मुकाबले ढाका के शेर-ए-बांग्ला नेशनल स्टेडियम और चटगांव के मतीउर रहमान स्टेडियम में आयोजित होंगे। ऐसे में आइए पूरी खबर पर एक नजर डाल लेते हैं।सीरीज के वनडे

मुकाबले 9, 11 और 14 जून को होंगे। ये सभी मैच ढाका के शेर-ए-बांग्ला नेशनल स्टेडियम में खेले जाएंगे। इसके बाद बांग्लादेश क्रिकेट टीम के खिलाफ टी-20 सीरीज होगी। ये मैच 17, 19 और 21 जून को चटगांव के मतीउर रहमान स्टेडियम में होंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अनुसार, एक नया प्रसारण अधिकार समझौता किया गया है, ताकि इन मुकाबलों को देखने में ऑस्ट्रेलियाई दर्शकों को परेशानी न हों और वे सभी मैच आसानी से देख सकें। बांग्लादेश दौरे से पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम ब्रिस्बेन में प्रशिक्षण शिविर लगाएगी।

न्यूजीलैंड ने पहले वनडे में बांग्लादेश को हराया

नईदिल्ली। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम ने सीरीज के पहले वनडे में बांग्लादेश क्रिकेट टीम को 26 रन से हराते हुए 3 मैचों की सीरीज में बढ़त बनाई। ढाका में खेले गए मैच में मेहमान टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट खोकर 247 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेशी टीम 221 रन पर सिमट गई। अब सीरीज का दूसरा वनडे 20 अप्रैल को खेला जाएगा। आइए मैच में बने रिकॉर्ड्स पर एक नजर डालते हैं। न्यूजीलैंड ने शुरुआत में निरंतर अंतराल पर विकेट गंवाए। इस बीच सलामी

बल्लेबाज हेनरी निकोल्स ने अर्धशतक (68) लगाया। उनके अलावा मध्यक्रम में डीन फॉक्सक्रॉफ्ट ने 59 रन की पारी खेलते हुए टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। जवाब में बांग्लादेश ने 21 रन तक अपने 2 विकेट खोए। इसके बाद सैफ हसन ने 57 रन की पारी खेली। मध्यक्रम में तौहीद हृदय और लिटन दास (46) ने संघर्ष किया, लेकिन जीत नहीं दिला सके।न्यूजीलैंड से पारी की शुरुआत करने आए निकोल्स ने अपने वनडे करियर का 17वां अर्धशतक 65 गेंदों में पूरा किया। उन्होंने 83 गेंदों का सामना करते हुए 68 रन बनाए।

दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं विराट कोहली

नईदिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 26वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना दिल्ली कैपिटल्स से होगा। ये मुकाबला बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। आईपीएल 2026 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज विराट कोहली से एक बार फिर बड़ी पारी की उम्मीद होगी। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ कोहली सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भी हैं। ऐसे में आइए उनके आंकड़ों पर एक नजर डाल लेते हैं। कोहली ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पहला मुकाबला साल 2008 में खेला था। अब तक इस खिलाड़ी ने 31 मुकाबले खेले हैं और इसकी 30 पारियों में 49.13 की उम्दा औसत के साथ 1,130 रन बनाए हैं। उनकी स्ट्राइक रेट 133.68 की रही है। कोहली के बल्ले से 11 अर्धशतक निकले हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 99 रन रहा है। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ इस खिलाड़ी ने 101 चौके और 33 छक्के लगाए हैं।

अर्शदीप सिंह ने आईपीएल में पूरे किए 100 विकेट, प्लेयर ऑफ द मैच भी बने

नईदिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 24वें मुकाबले में पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने बड़ी उपलब्धि हासिल की। उन्होंने अपने आईपीएल करियर में 100 विकेट पूरे कर लिए और ऐसा करने वाले पंजाब किंग्स के पहले गेंदबाज बने हैं। अर्शदीप ने मुंबई इंडियंस के रयान रिकेल्टन को आउट कर यह खास मुकाम हासिल किया। मैच के बाद उन्हें शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। उनकी टीम को 7 विकेट से जीत मिली। पंजाब किंग्स के लिए अर्शदीप ने पहला मुकाबला 2019 में खेला था। अब तक इस खिलाड़ी ने 87 मुकाबले खेले हैं और इसकी 86 पारियों में 26.87 की औसत से 102 विकेट चटकाए हैं। उन्होंने 2 बार 4 विकेट हॉल और 1 बार 5 विकेट हॉल लिया है। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5/32 का रहा है। अर्शदीप के बाद पंजाब किंग्स के लिए सबसे ज्यादा विकेट पीयूष चावला ने लिए हैं।

आईपीएल: नमन धीर ने पंजाब किंग्स के खिलाफ लगाया अर्धशतक

नईदिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 24वें मैच में मुंबई इंडियंस के नमन धीर ने पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में 50 रन की पारी खेली। यह उनके आईपीएल करियर का दूसरा अर्धशतक रहा। इस बीच उन्होंने क्विंटन डिकॉक के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी करते हुए मुंबई इंडियंस की पारी को संभाला। आइए उनकी पारी और आईपीएल के आंकड़ों पर एक नजर डालते हैं।

मुंबई इंडियंस ने जब 12 रन के स्कोर पर अपना दूसरा विकेट खोया, तब धीर क्रीज पर आए। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज को 10 रन के व्यक्तिगत स्कोर पर जीवनदान मिला। मार्को जानसेन की गेंद पर युजवेंद्र चहल ने उनका कैच छोड़ा। इस मौके का उन्होंने भरपूर फायदा उठाते हुए 29 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। वह 31 गेंदों में 50 रन बनाकर आउट हुए। अपनी पारी में उन्होंने 3 चौके और इतने ही छक्के लगाए।

फाइनल हुआ लैला का लुक, गली सीरीज के लिए हंसिका ने की कड़ी मेहनत

फिल्म और वेब सीरीज की दुनिया में किसी किरदार को यादगार बनाने के लिए सिर्फ अच्छी एक्टिंग ही काफी नहीं होती, बल्कि उस किरदार का लुक, पहनावा और पूरा व्यक्तित्व भी उतना ही मायने रखता है। दर्शक तभी उस किरदार से जुड़ पाते हैं। इन्हीं सबको ध्यान में रखते हुए अभिनेत्री हंसिका मोटवानी ने भी अपनी आने वाली सीरीज गली की तैयारी की है। उन्होंने अपने किरदार के लिए किए गए ट्रांसफॉर्मेशन को लेकर खुलकर बात की। हंसिका मोटवानी जल्द ही प्राइम वीडियो पर रिलीज होने वाली इस सीरीज में लैला नाम का किरदार निभाती नजर आएंगी। इस किरदार को खास बनाने के लिए हंसिका ने

काफी मेहनत की। उन्होंने कहा, लैला का लुक तैयार करने में काफी मेहनत लगी। यह एक बार में तय नहीं हुआ, बल्कि इसके लिए कई बार ट्रायल किए गए। इस किरदार में कई अलग-अलग पहलू हैं, इसलिए उसका लुक भी उसी हिसाब से तैयार करना जरूरी था। लगभग 3 से 4 बार अलग-अलग टेस्ट करने के बाद फाइनल लुक तय किया गया।हंसिका ने कहा, लैला का स्वभाव और उसकी पर्सनैलिटी उसके लुक को तय करने में सबसे अहम भूमिका निभाते हैं। इस किरदार में एक खास नजाकत और तहजीब है, जिसे उसके कपड़ों और स्टाइल के जरिए दिखाना जरूरी था, इसलिए उसके पहनावे को काफी सोच-समझकर डिजाइन किया गया, ताकि वह किरदार के हर पहलू को सही तरीके से दर्शा सके। मेरा मानना है कि किसी भी किरदार की पहचान सिर्फ उसके डायलॉग से नहीं, बल्कि उसके पूरे लुक से बनती है। उन्होंने आगे कहा, इस पूरे प्रोसेस में टीमवर्क बहुत जरूरी था। मैंने और सीरीज के डायरेक्टर ने मिलकर इस लुक पर काम किया। दोनों के पास अपने-अपने विचार थे। मैंने भी अपने सुझाव दिए और डायरेक्टर ने भी अपनी सोच साझा की, जिन्हें मिलाकर एक ऐसा लुक तैयार किया गया, जो किरदार के साथ पूरी तरह फिट बैठता है।

हंसिका मोटवानी ने कहा, जब कोई कलाकार अपने किरदार को अंदर से समझ लेता है, तब उसका बाहरी रूप भी अपने आप सही दिशा में ढलने लगता है। यही वजह है कि मैंने लैला के किरदार को सिर्फ निभाने की कोशिश नहीं की, बल्कि उसे महसूस करने पर भी ध्यान दिया।

दूसरी बार टल गई सनी देओल की 'गबरू' की रिलीज डेट, सलमान का कैमियो हुआ कंफर्म

पहले 'गदर 2' और अब 'बॉर्डर 2' की सक्सेस ने सनी देओल को एक बार फिर ऊंचाईयं पर पहुंचा दिया है. वहीं फैंस अब एक्टर की अपकमिंग फिल्मों को लेकर बेहद एक्साइटेड हैं इनमें 'गबरू' भी शामिल है. इस फिल्म की रिलीज डेट 8 मई तय की गई थी लेकिन अब खबरों के मुताबिक सनी देओल की 'गबरू' के लिए फैंस को और इंतजार करना पड़ सकता है. दअसल फिल्म की रिलीज डेट आगे बढ़ा दी गई है.

रिपोर्ट के मुताबिक, एक सूत्र ने बताया, गबरू की रिलीज टाल दी गई है और यह 8 मई को सिनेमाघरों में नहीं आएगी. मेकर्स कुछ दिनों में नई रिलीज डेट तय कर लेंगे, जिसके बाद वे



ऑफिशियल अनाउंसमेंट करेंगे. रिपोर्ट के मुताबिक, गबरू 13 मार्च को रिलीज होने वाली थी, लेकिन बाद में इसे 8 मई तक टाल दिया गया. अब, इस नए अपडेट से पता चलता है कि अभिनेता के फैंस को फिल्म को सिनेमाघरों में देखने के लिए कुछ और समय इंतजार करना पड़ेगा.

इससे पहले, नवंबर 2025 में आई रिपोर्ट में कहा गया था कि सनी देओल की इस फिल्म में सलमान खान कैमियो करेंगे. रिपोर्ट के मुताबिक सूत्र ने कंफर्म करते हुए बताया, एक स्टार की ज़रूरत थी और निर्माताओं को पता था कि सलमान खान इस भूमिका के लिए बिल्कुल सही हैं.

सलमान से संपर्क किया गया और उन्हें यह किरदार और फिल्म में इसका कॉन्ट्रिब्यूशन बहुत पसंद आया. उन्होंने एक साल से भी पहले चुपचाप फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी थी और फिल्म अच्छी बन रही है. गबरू में उनका कैमियो बेहद दिल छू लेने वाला है. यह प्यारा होने के साथ-साथ बेहद एंटरटेनिंग भी है. फिल्म में उनके कुल तीन सीन हैं, इसलिए यह एक एक्सटेंडेड स्पेशल अपीयरेंस है।

नशे का नेशनल कॉरिडोर, छत्तीसगढ़ बना ट्रांजिट हब, ओडिशा बॉर्डर से देशभर में फैल रहा नशे का नेटवर्क

तस्करी से वास्ता, छत्तीसगढ़ ही रास्ता!

छत्तीसगढ़ अब सिर्फ एक राज्य नहीं, बल्कि देशभर में फैलते नशे के नेटवर्क का सबसे बड़ा ट्रांजिट कॉरिडोर बनता जा रहा है। ओडिशा से उठने वाली गांजे की खेप बेखौफ तरीके से छत्तीसगढ़ की सीमाओं में प्रवेश कर रही है और यहां के रास्तों से होकर उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और झारखंड तक पहुंच रही है... सबसे बड़ा सवाल है, आखिर कैसे? ताजा कार्रवाई में महासमुंद में 900 किलो से ज्यादा गांजा बरामद होना इस काले खेल की सिर्फ एक झलक है। चौंकाने वाली बात ये है कि तस्कर कभी आलू, कभी केले के अंदर, भूसे के ट्रकों, सब्जियों की गाड़ियों और फर्जी नंबर प्लेट वाले वाहनों का इस्तेमाल कर सुरक्षा एजेंसियों और पुलिस को खुली चुनौती दे रहे हैं। एनएच-53 जैसे नेशनल हाईवे नशे के एक्सप्रेस-वे में बदलते दिख रहे हैं।
हालांकि पुलिस 'ऑपरेशन निश्चय' और 'प्रहार' चला रही है, लेकिन तस्करों का नेटवर्क लगातार फैलता नजर आ रहा है। अब सबसे बड़ा सवाल क्या यह जाल टूटेगा या और मजबूत होगा?

'ऑपरेशन निश्चय' और 'ऑपरेशन प्रहार' से तस्करों पर चोट

मुंबई-कोलकाता नेशनल हाईवे बना गांजा तस्करी का कॉरिडोर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ वर्तमान में गांजा तस्करी के एक बड़े केंद्र (ट्रांजिट पॉइंट) के रूप में उभरा है। ताजा रिपोर्टों के अनुसार, ओडिशा से भारी मात्रा में गांजा छत्तीसगढ़ के रास्ते उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और झारखंड जैसे राज्यों में भेजा जा रहा है। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है, लेकिन तस्करी पर लगाम नहीं है।

छिपाने के अनोखे तरीके

तस्करी के लिए गांजे को केले की खेप, भूसे के ट्रक, सब्जी क्रेट के नीचे, फलों के नीचे, कारों की डिक्की, ट्रकों में गुप्त चेम्बर में छिपाया जा रहा है। हाल ही में पुलिस ने फर्जी नंबर प्लेट वाले वाहनों का भी पता लगाया है, जिनका उपयोग चेकिंग से बचने के लिए किया जा रहा था।

नशे के खिलाफ ऑपरेशन निश्चय

छत्तीसगढ़ पुलिस ने नशे के खिलाफ 'ऑपरेशन निश्चय' और 'ऑपरेशन प्रहार' जैसे अभियान चलाए हैं, जिसके तहत अकेले महासमुंद जिले में पिछले तीन महीनों में 5,629 किलोग्राम से अधिक गांजा जब्त किया गया है और सैकड़ों तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

महासमुंद में बड़ी कार्रवाई

18 अप्रैल 2026 को महासमुंद पुलिस ने एक ट्रक से 912 किलोग्राम गांजा जब्त किया, जिसकी बाजार में कीमत लगभग 4.56 रुपए करोड़ आंकी गई है। यह खेप ओडिशा से उत्तर प्रदेश ले जाई जा रही थी और इसे केले के बक्सों के नीचे छिपाकर रखा गया था।

तस्करी के मुख्य रास्ते

तस्कर आमतौर पर राष्ट्रीय राजमार्ग 53 (एनएच-53) का उपयोग करते हैं, जो ओडिशा को छत्तीसगढ़ और आगे महाराष्ट्र से जोड़ता है। इसके अलावा, बलरामपुर और वाड्रफनगर के रास्तों का उपयोग उत्तर प्रदेश तक पहुंचने के लिए किया जा रहा है।

रायपुर और बिलासपुर में गिरफ्तारी

रायपुर पुलिस ने हाल ही में ओडिशा से मध्य प्रदेश जा रहे एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया और महिलाओं सहित 7 लोगों को गिरफ्तार किया। बिलासपुर में भी पुलिस ने 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत बड़ी मात्रा में गांजा और तस्करी में प्रयुक्त संपत्ति जब्त की है। तस्करी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी तेज हुई है। हाल ही में रायपुर की एक अदालत ने गांजा तस्करी के दो आरोपियों को 20-20 साल की जेल और भारी जुर्माने की सजा सुनाई है।

प्रदेश में गांजा पीने वालों की संख्या 3.50 लाख से बढ़कर 4 लाख

छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र में उठा था गांजा तस्करी व नशे का मुद्दा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा के फरवरी 2026 के बजट सत्र में गांजा और नशीले पदार्थों की तस्करी का मुद्दा प्रमुखता से उठा था। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर और धरमलाल कौशिक ने सदन में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से राज्य में बढ़ते नशे के जाल पर चिंता व्यक्त की।

विधायक अजय चंद्राकर ने सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि प्रदेश में गांजा पीने वालों की संख्या बढ़कर 3.50 से 4 लाख तक पहुंच गई है। इसके अतिरिक्त, राज्य में ड्रग्स इस्तेमाल करने वालों की संख्या 1.50 से 2 लाख और कफ सिरप जैसे नशीले पदार्थों के शिकार किशोरों की संख्या 40 हजार से अधिक बताई गई।

विपक्ष के सवालों पर उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने प्रशासन के विफल होने के आरोपों को खारिज किया था और सरकार द्वारा की गई कार्रवाइयों का विवरण दिया था। उन्होंने वर्ष 2026 (जनवरी के अंत तक) में नशा तस्करी के 146 प्रकरणों में 257 आरोपियों को गिरफ्तार करने की बात सदन में बताई थी। वहीं वर्ष 2025 में 16 नशा तस्करों की 13.29 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति को जब्त या फ्रीज करने की बात कही थी।

घरेलू सामान, एंबुलेंस और फर्जी नंबर प्लेट का सहारा

3 महीनों में 73 बार तस्करी नाकाम

जयदेव सिंह

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ का महासमुंद जिला इन दिनों गांजा तस्करों के लिए सबसे सक्रिय कॉरिडोर बनता जा रहा है। नेशनल हाईवे के रास्ते तस्करी के लगातार बढ़ते मामलों ने पुलिस की चिंता बढ़ा दी है, हालांकि सख्ती और मुखबिर तंत्र के चलते बड़ी संख्या में मामलों का खुलासा भी हो रहा है।

पिछले तीन महीनों में ही जिले से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों पर 73 बार गांजा तस्करी की कोशिशें पकड़ी गई हैं, जिसमें पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 6542.308 किलोग्राम गांजा जब्त किया है और 188 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें 52 आरोपी छत्तीसगढ़ के जबकि 136 अन्य राज्यों के हैं।

तस्करी का बदलता ट्रेंड: अब तस्कर पारंपरिक तरीके छोड़कर नए-नए हथकंडे अपना रहे हैं। पहले जहां वाहनों में सिर्फ गांजा भरकर तस्करी की जाती थी, वहीं अब घरेलू सामान के नीचे छिपाकर ट्रांसफर वाले परिवारों के सामान के साथ पुरानी गाड़ियों को एंबुलेंस बनाकर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर तस्करी की जा रही है। हाल ही में पकड़े गए एक मामले में 9 क्विंटल से अधिक गांजा फर्जी नंबर प्लेट वाले वाहन में ले जाया जा रहा था।

अपराध

- प्रदेश से गुजरे नेशनल हाईवे बना गांजा तस्करों का पसंदीदा कॉरिडोर
- ओडिशा बॉर्डर से देशभर में फैल रहा नेटवर्क
- मुखबिर तंत्र से पुलिस को मिल रही बड़ी सफलता
- महासमुंद जिले में सबसे ज्यादा मामले पकड़े गए

ओडिशा बॉर्डर बना सबसे आसान रास्ता

महासमुंद का भौगोलिक स्थान तस्करों के लिए सबसे बड़ा फायदा है। सरायपाली और कोमाखान क्षेत्र ओडिशा से सटे हैं टेमरी नाका चेक पोस्ट और रेहटीखोल (एनएच-53) प्रमुख एंट्री पॉइंट हैं, यहीं से गांजा छत्तीसगढ़ में प्रवेश कर महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, गुजरात, उत्तर प्रदेश और बिहार तक पहुंचाया जाता है।

सस्ती खरीद, महंगी बिक्री

सूत्रों के अनुसार ओडिशा के सोनाबेड़ा पहाड़ी क्षेत्र में गांजा की खेती होती है, जहां यह 1500-2000 रुपये प्रति किलो में मिल जाता है। वहीं यही गांजा दूसरे राज्यों में पहुंचते ही 40-50 हजार रुपये प्रति किलो तक बिकता है, जिससे तस्करी का नेटवर्क लगातार मजबूत हो रहा है।

मुखबिर नेटवर्क बना पुलिस की ताकत

गांजा तस्करी के खिलाफसबसे मजबूत कड़ी अब मुखबिर तंत्र बन चुका है। पुराने तस्कर अब मुखबिरी कर रहे हैं, उन्हें सटीक लोकेशन और नेटवर्क की जानकारी होती है। पुलिस को वाहन, व्यक्ति और रूट की पूरी सूचना मिलती है। इसी कारण लगातार कार्रवाई संभव हो पा रही है।

करोड़ों का गांजा नष्ट किया जा चुका

जिला स्तरीय ड्रग्स डिस्पोजल कमेटी की निगरानी में एक सप्ताह में 10 क्विंटल गांजा नष्ट किया गया। इससे पहले भी 5 क्विंटल गांजा नष्ट किया जा चुका है, इनमें कोमाखान, बसना, सांकरा, सिंघोड़ा और पिथौरा थानों के प्रकरण शामिल हैं। महासमुंद जिले में पुलिस द्वारा जब्त करोड़ों रुपये का गांजा नष्ट किया जा चुका है।

पुलिस का सख्त रुख

एएसपी प्रतिभा पाण्डेय के अनुसार, तस्कर लगातार नए तरीके अपना रहे हैं, लेकिन पुलिस भी पूरी मुस्तैदी से काम कर रही है। मुखबिर और अन्य स्रोतों को अलर्ट रखा गया है, उनके इनपुट के आधार पर तस्करी को रोका जा रहा है। महासमुंद जिले में गांजा तस्करी का नेटवर्क भले ही तेजी से फैल रहा हो, लेकिन पुलिस की सक्रियता, मुखबिर तंत्र और लगातार कार्रवाई के चलते तस्करों के मंसूबे लगातार नाकाम हो रहे हैं।

छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश सीमा में गांजा तस्करी पर बड़ा प्रहार

चिल्फी घाटी में दो साल में 1.2 टन से अधिक गांजा की जब्ती

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले में नशीले पदार्थों के खिलाफ पुलिस की लगातार कार्रवाई जारी है। विशेष रूप से चिल्फी थाना क्षेत्र इस मामले में एक प्रमुख ट्रांजिट पॉइंट के रूप में उभरा है, जहां पिछले दो वर्षों में बड़ी मात्रा में गांजा जब्त किया गया है।

पुलिस रिकॉर्ड और विभिन्न कार्रवाइयों के आधार पर सामने आए आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2025 में चिल्फी थाना पुलिस ने अलग-अलग मामलों में करीब 335 किलोग्राम गांजा बरामद किया। इनमें जनवरी में 34 किलो से अधिक, मई में लगभग एक क्विंटल और अगस्त में दो क्विंटल से ज्यादा गांजा जब्त किया गया था। इन मामलों में कई आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। वहीं वर्ष 2026 में अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई फरवरी महीने में 24 तारीख को सामने आई, जब चिल्फी पुलिस ने एक कंटेनर से करीब 900 किलोग्राम गांजा जब्त किया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत लगभग 5 करोड़ रुपये आंकी गई है। इस कार्रवाई को जिले की अब तक की सबसे बड़ी जब्तियों में से एक माना जा रहा है।

मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ सीमा पर बसा चिल्फी

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, कबीरधाम जिला विशेष रूप से ओडिशा से मध्यप्रदेश, राजस्थान और उत्तर भारत की ओर जाने वाले अंतरराज्यीय तस्करी मार्ग का हिस्सा है। चिल्फी क्षेत्र मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ सीमा पर स्थित होने के कारण तस्करों के लिए संवेदनशील मार्ग बना हुआ है।

पुलिस की जांच से खुले कई बड़े मामले

लगातार हो रही सख्त जांच और निगरानी के चलते पुलिस ने कई बड़े नेटवर्क का खुलासा किया है। अधिकारियों का कहना है कि आने वाले समय में भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी और नशीले पदार्थों की तस्करी पर पूरी तरह अंकुश लगाने के प्रयास किए जाएंगे।

2026 में बड़ी कार्रवाई

- 24 फरवरी 2026 को चिल्फी पुलिस की बड़ी कार्रवाई
- लगभग 900 किलो (9 क्विंटल) गांजा जब्त
- कीमत करीब 5 करोड़ रुपए
- पुलिस को चकमा देने के लिए कंटेनर के गुप्त चैंबर में छिपाया था।

(इसे पिछले दो साल में कबीरधाम जिले के चिल्फी थाना क्षेत्र की सबसे बड़ी जब्ती मानी जा रही है।)

बस्तर-ओडिशा बॉर्डर बना तस्करी का गढ़

कोंडागांव में गांजे की खेती का हुआ था खुलासा

महफूज अली/कोंडागांव

कोंडागांव जिले की सीमा ओडिशा राज्य से लगती है। यह सीमा क्षेत्र पिछले कई दशकों से गांजा तस्करी का प्रमुख रूट बन चुका है। ओडिशा से कोंडागांव होते हुए बस्तर, रायपुर, कवर्धा और चिल्फी की ओर जाने वाले रास्ते तस्करों द्वारा बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किए जा रहे हैं। यहां से गांजा की खेप न सिर्फ छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में, बल्कि मुंबई, रायपुर और अन्य राज्यों

तक पहुंचाई जा रही है। पुलिस की सख्त निगरानी और कई बड़ी कार्रवाइयों के बावजूद तस्कर लगातार इस मार्ग का फायदा उठा रहे हैं। केशकाल थाना पुलिस को मुखबिरों से मिली सूचनाओं के आधार पर कई बार बड़ी सफलता मिली है, लेकिन तस्करों की हिम्मत नहीं टूट रही। हाल ही में केशकाल पुलिस ने एक फिल्मी अंदाज में तस्कर को पकड़ा। बेरियर तोड़कर भाग रहे तस्कर का पुलिस ने जंगल में पीछा किया और उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से डेढ़ क्विंटल गांजा बरामद किया गया। फरसगांव का एक स्थानीय व्यक्ति भी तस्करी के बड़े नेटवर्क में शामिल था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया, जिसके ओडिशा और आंध्र प्रदेश से गांजा लाकर मुंबई तक सप्लाई करने का खुलासा हुआ था।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com